# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक




बजट सत्र के पूर्व आयोजित सर्वदलीय बैठक में भाग लेते सीएम हेमंत सोरेन एवं अन्य


• बोकारो, बुधवार 18 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 272 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## बजट सत्र के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने आयोजित की सर्वदलीय बैठक, अधिकारियों को भी दिये कई निर्देश

# विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच : रवीन्द्र नाथ महतो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा के पंचम बजट सत्र के सफल, सुव्यवस्थित और गरिमामय आयोजन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को रांची स्थित उनके कार्यालय में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। झारखंड विधासभा का बजट सत्र आज 18 फरवरी से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेगा। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा बुलाई गई बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य बजट सत्र के दौरान विधानसभा की कार्यवाही को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा करना था। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं ताकि सदन की कार्यवाही बिना किसी बाधा के सुचारु रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और इसकी गरिमा, अनुशासन तथा पारदर्शिता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधानसभा अध्यक्ष के कमरे में बैठक के बाद बाहर निकले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बैठक में बजट सत्र को लेकर सभी दलों के नेताओं ने अपने सुझाव दिए हैं। इन सभी सुझावों पर सरकार विचार करेगी और सबको साथ लेकर चलने का काम करेगी। बैठक के दौरान संसदीय कार्य मंत्री ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि बजट सत्र में प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव, योजनाएं और नीतियां व्यवस्थित ढंग से सदन के पटल पर रखी जाएं। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक समन्वय, दस्तावेजों की तैयारी और विभागीय जवाबदेही जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने बजट सत्र के दौरान सदन में आने वाले प्रश्नों को सही और ससमय जवाब देने का सख्त निर्देश राज्य के आला अधिकारियों को दिए हैं। विधानसभा में मंगलवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित विभिन्न विभागों के सचिव मौजूद थे। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर की मौजूदगी में हुई इस बैठक में स्पीकर ने सदन में ध्यानाकर्षण, प्रश्नकाल आदि में आनेवाले प्रश्नों का सही और ससमय जवाब सरकार की ओर से देने के निर्देश दिए। बैठक के बाद स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने मीडियाकर्मियों से बात की। स्पीकर ने कहा कि अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया है कि जो भी सामग्री की आवश्यकता बजट सत्र के दौरान होगी, उसे उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि ससमय प्रश्नों का जवाब आयेगा। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इस सत्र को अहम बताते हुए कहा कि अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने में कार्यपालिका की भूमिका महत्वपूर्ण है। ऐसे में उनसे अपेक्षा की गई है कि सदन के अंदर जो भी प्रश्न आए, उसका ससमय जवाब मिले।





## संक्षिप्त समाचार

### टेंपो पलटने से पति की मौत, पत्नी गंभीर

**रामगढ़(नबिटा ब्यूरो)।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के माया डूंगरी के समीप एक थ्री व्हीलर टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना रात करीब 9:50 बजे हुई। हादसे में कोर्चे गांव निवासी दांदु मुंडा (55) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनकी पत्नी सरून देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो चालक अचानक संतुलन खो बैठा और सड़क किनारे पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

### मालगाड़ी की टक्कर से हाथी के बच्चे की मौत

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर आमिलान-निद्रा के बीच मालगाड़ी की चपेट में आने से एक हाथी का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी देर रात मौत हो गई। घटना के बाद हाथियों का झुंड आक्रोशित होकर रेल पटरी पर डट गया। चंदवा थाना क्षेत्र के पुतरी टोला गांव के पास हुई इस घटना ने बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर रेल परिचालन पूरी तरह ठप कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**चतरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। कौरा-घोरीघाट मुख्य पथ पर बारेबांध के समीप एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी और बहन गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक की पहचान बिहार के सोहैल थाना अंतर्गत सेवती टोला (नौखिला) निवासी सनोज भारती के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सनोज अपनी पत्नी कविता देवी और बहन रिंकू देवी को बाइक पर बिठाकर इलाज के लिए रानीगंज जा रहा था। भरही बारेबांध के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गई।

### चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया चोर

**पाकुड़ (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चांचकी गांव में चोरी का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को घर के सदस्यों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार चांचकी गांव निवासी उजाइर हुसैन के घर में एक चोर घुस गया। चोर ने घर का मुआयना करने के बाद एक कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ने का प्रयास किया। ताला तोड़ने की आवाज सुनकर घरवाले जाग गए और मौके पर पहुंच गए। घरवालों को देखकर चोर भागने लगा और छत पर पहुंच गया लेकिन घर के सदस्यों ने काफी मशक्कत के बाद उसे पकड़ लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को गिरफ्तार कर लिया।

## निकाय चुनाव : सभी मतदान केंद्रों पर तैनात होगा सशस्त्र बल

### 35 से अधिक क्यूआरटी की होगी तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** निकाय चुनाव को लेकर पलामू में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। सभी मतदान केदों पर सशस्त्र बलों की तैनाती की जाएगी। मतदान को लेकर 35 से अधिक क्यूआरटी का गठन किया गया है। क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) में इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा एसपी, एसडीपीओ एवं संबंधित थाना क्षेत्र के प्रभारी के पास अलग से क्यूआरटी टीम रहेगी। क्यूआरटी टीम बाइक पर रहेगी जबकि उनके पास टियर गैस भी रहेगा। पलामू पुलिस निकाय चुनाव को लेकर सख्त रवैया अपना रही है। आपराधिक छवि, इतिहास, जेल से बाहर निकलने वाले अपराधी का सत्यापन भी कर रही है। उसने 1410 लोगों का सत्यापन भी किया है जबकि कई लोग थाना हाजिरी भी लगा रहे हैं। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मतदान केदों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी जबकि क्यूआरटी का गठन किया गया है। दअरसल पलामू में मेदिनीनगर नगर निगम, बिश्रामपुर नगर परिषद, हुसैनाबाद हरिहरगंज एवं छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में चुनाव होना है। वोटिंग के दौरान नगर निगम क्षेत्र में सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। पलामू में 246 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 141 संवेदनशील, जबकि 40 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र हैं। हरिहरगंज का इलाका नक्सल प्रभावित रहा है। निकाय चुनाव को लेकर मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में पुलिस की विशेष निगरानी है। सबसे अधिक पुलिस बल एवं क्विक रिस्पांस टीम को नगर निगम क्षेत्र में ही तैनात किया जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र में 132 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। निकाय चुनाव को लेकर नगर निगम क्षेत्र में कई लोगों के खिलाफ 126 के तहत कार्रवाई हो रही है एवं कई लोगों से थाना हाजिरी भी शुरू की गई है।



## फर्जी बैंक एपीके से साइबर ठगी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** जिला पुलिस ने फर्जी बैंक एपीके के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ताराटांड़ थाना क्षेत्र के काजू बगान में की गई, जहां से पुलिस ने 4 मोबाइल फोन और 5 सिम कार्ड भी बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ कई राज्यों में शिकायतें दर्ज हैं। एसपी डॉ. बिमल कुमार को 16 फरवरी 2026 को 'प्रतिबिम्ब पोर्टल' पर गुप्त सूचना मिली थी। सूचना में बताया गया था कि ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बड़कीटाड़ से जबरदाहा जाने वाली सड़क किनारे स्थित काजू बगान में कुछ युवक फोन के जरिए साइबर ठगी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) आबिद खां के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा और तीनों आरोपियों को पकड़ लिया। इस संबंध में साइबर थाना में कांड संख्या 05/2026 दर्ज किया गया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे विभिन्न बैंकों के नाम से फर्जी एपीके फाइलें भेजते थे। वे खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों को झांसे में लेते थे और उनके बैंक खातों से पैसे निकाल लेते थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीष मंडल (27), रंजीत कुमार मंडल (26) (दोनों ग्राम नगर केश्वारी, थाना सरिया) और रामेश्वर मंडल उर्फ रमेश मंडल (29) (ग्राम पंचनटाड़, थाना अहिल्यापुर, जिला गिरिडीह) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 4 मोबाइल फोन और 5 सिम कार्ड जब्त किए हैं।

## कार सवार ने युवक को ठोकर मार बोनट पर घसीटा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के पॉश इलाके डोरंडा में मंगलवार को एक शर्मनाक घटना सामने आई। मामूली विवाद के बाद एक मर्सिडीज कार सवार ने न सिर्फ एक युवक को टक्कर मारी बल्कि उसे अपनी कार की बोनट पर लटकाकर कई किलोमीटर तक शहर की सड़कों पर घुमाया। इस दौरान युवक अपनी जान बचाने के लिए चीख-चिल्ला रहा था लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा। रास्ते में जब होमगार्ड के जवानों ने इस नजारे को देखा और कार रोकने का इशारा किया। आरोपी ने जवानों पर भी कार चढ़ाने की कोशिश की। जवान बाल-बाल बचे, लेकिन कार वहीं नहीं रुकी। आरोपी ने युवक को सड़क पर नहीं छोड़ा, बल्कि बोनट पर लटकाए हुए सीधे अपने घर ले गया। वहां युवक को कार से उतारकर बंधक बनाया और जमकर मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी के ठिकाने तक पीछा किया। त्वरित कार्रवाई में पुलिस ने बंधक बनाए गए युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। युवक काफी डरा हुआ और चोटिल बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी मिली है कि आरोपी पेशे से वकील है। साथ ही घटना में इस्तेमाल की गई लग्जरी मर्सिडीज कार को भी जब्त कर थाने ले जाया गया है।

## निकाय चुनाव में गड़बड़ी पर होगी सख्त कार्रवाई : सचिव

### सरकारी कर्मी को हो सकती है तीन से पांच साल की जेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में आगामी नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। निर्वाचन आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने स्पष्ट किया कि यदि मतदान कार्य में तैनात सरकारी कर्मी बूथ कैप्चरिंग या अन्य अनैतिक गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं और यह प्रमाणित हो जाता है तो उन्हें तीन से पांच साल तक की सजा हो सकती है। राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि आम नागरिकों के लिए ऐसी गड़बड़ियों पर एक से पांच साल तक की सजा का प्रावधान है लेकिन सरकारी कर्मचारियों या पदाधिकारियों के मामले में न्यूनतम सजा तीन वर्ष की होगी। इसके अलावा विभागीय कार्रवाई भी होगी जिससे उनकी नौकरी भी जा सकती है। आयोग ने अपेक्षा की है कि सभी निर्वाचन कर्मी स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस गैर दलीय आधार पर होने वाले चुनाव में राज्य के 43 लाख 33 हजार 574 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 22 लाख 7 हजार 203, महिला मतदाताओं की संख्या 21 लाख 26 हजार 227 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 144 है। राज्य में कुल 48 नगर निकाय हैं, जिनमें 9 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 19 नगर पंचायत शामिल हैं। इन सभी में 23 फरवरी 2026 को एक ही दिन बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान होगा। कुल 1,087 वार्डों में 4,304 बूथ बनाए गए हैं, जहां लगभग 50,000 सरकारी कर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर प्रीज़ाइडिंग ऑफिसर सहित पांच निर्वाचन कर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा हर बूथ पर एक पदाधिकारी के साथ चार पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। मतदान केंद्र के 100 मीटर दायरे में बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उड़नदस्ता टीमों तथा वरीय पदाधिकारियों द्वारा भी निरीक्षण किया जाएगा। मतदान के बाद 27 फरवरी 2026 को मतगणना होगी। मतगणना स्थल (बज्रगृह) की सुरक्षा तीन लेयर में सुनिश्चित की गई है। चुनाव आयोग ने बैलेट पेपर का उपयोग करने का निर्णय लिया है। महापौर/अध्यक्ष पद के लिए पिंक कलर का तथा वार्ड पार्षद के लिए सफ़ेद रंग का बैलेट पेपर होगा। मतदाता अपने परिचय पत्र दिखाकर मतदान कर सकेंगे।

## भगोड़े गैंगस्टर प्रिंस खान के घर कुर्की जब्ती

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वासेपुर इलाके में मंगलवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने भगोड़े गैंगस्टर प्रिंस खान के आवास पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की गई, जिसमें पूर्व में अधूरी रह गई कुछ प्रक्रियाओं को पूरा किया गया। वासेपुर स्थित कमर मखदूमी रोड पर प्रिंस खान के आवास पर विधि-व्यवस्था प्रभारी नौशाद आलम, बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार और भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार अपने दल-बल के साथ पहुंचे। टीम ने घर की छत पर लगे शेड को उखाड़कर जब्त कर लिया। सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई अदालत के निर्देश पर की गई कुर्की जब्ती प्रक्रिया का हिस्सा है। बताया गया है कि पूर्व में हुई कुछ जब्ती की कार्रवाई छूट गई थी, जिसे आज पूरा किया गया।

## संगठित गिरोहों को खत्म करने के लिए रामगढ़ पुलिस सजग : आइजी


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** बोकारो आईजी सुनील भास्कर मंगलवार को रामगढ़ पहुंचे। उन्होंने यहां पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और जिले के सभी पुलिस अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य पतरातू और भुरकुंडा में हुई फायरिंग की घटनाओं तथा संगठित अपराध पर नियंत्रण था। आईजी भास्कर को सबसे पहले पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और अन्य अधिकारियों के साथ जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बोकारो आईजी ने बताया कि पतरातू और भुरकुंडा में हुई फायरिंग की घटनाओं की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन मामलों को तत्परता से देखा जा रहा है और जल्द ही एटीएस (एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड) की एक टीम भी गठित की जा रही है। आईजी ने रामगढ़ पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस संगठित अपराध गिरोहों के सदस्यों की गिरफ्तारी में अच्छा काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अमन श्रीवास्तव, राहुल दुबे और राहुल सिंह जैसे संगठित गिरोहों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। आईजी ने सक्रिय अपराधी राहुल दुबे का जिक्र करते हुए बताया कि उसके खिलाफ महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है, जिसमें उसके घर की कुर्की जब्ती भी शामिल है। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है। रामगढ़ पुलिस लगातार संगठित अपराधी गिरोहों के गुर्गों की पहचान कर उनकी तलाश कर रही है और उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की तैयारी में है। बोकारो आईजी ने जोर देकर कहा कि भुरकुंडा और पतरातू जैसे इलाकों से संगठित गिरोहों को खत्म करने के लिए रामगढ़ पुलिस पूरी तरह सजग है। उन्होंने यह भी बताया कि रामगढ़ पुलिस अधीक्षक एटीएस के माध्यम से इन गिरोहों पर कार्रवाई करेंगे और संगठित गिरोहों से जुड़े अपराधियों की संपत्ति जब्त करने का काम भी किया जाएगा।



## हृदय गति रुकने से वार्ड प्रत्याशी का निधन

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** मानगो नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 33 से वार्ड सदस्य पद के प्रत्याशी शीतल कुमार रजक (36 वर्ष) का मंगलवार सुबह हृदय गति रुकने (हार्ट अटैक) से आकस्मिक निधन हो गया। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उलीडीह थाना अंतर्गत राम कृष्ण कॉलोनी (हाउस नंबर 3) निवासी मंगल रजक के पुत्र शीतल अपने पीछे पत्नी विजया भारती रजक और पुत्री शिवांगी रजक को छोड़ गए हैं। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद एक रिपोर्ट बनाकर राज्य चुनाव आयोग को भेजकर मार्ग दर्शन मांगा गया है। परिजनों के अनुसार शीतल सोमवार रात अपने कमरे में सोने गए थे। मंगलवार सुबह जब वे काफी देर तक नहीं उठे, तो पत्नी विजया भारती ने उन्हें जगाने का प्रयास किया। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए टीएमएच ले जाया गया जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



C M Y K

# काजू बगान में बैठकर चल रहा था साइबर ठगी का खेल, तीन आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** 16 फरवरी 2026 प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ताराटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कीटाड़ से जबरदाहा जाने वाली पक्की सड़क किनारे स्थित काजू बगान में की गई 16.02.2026 को पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को सूचना मिली कि कुछ युवक काजू बगान में बैठकर मोबाइल फोन के माध्यम से आम जनता से साइबर ठगी कर रहे हैं।




सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार भा.पु.से. के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक साइबर थाना आबिद खान के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर छापामारी की, जहां से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में साइबर थाना गिरिडीह कांड सं0-05/2026 16.02.2026 दर्ज किया गया है गिरफ्तार अभियुक्त आशीष मंडल 27 वर्ष पिता भेखलाल मंडल ग्राम- नगर केश्वारी थाना सरिया जिला गिरिडीह रंजीत कुमार मंडल 26 वर्ष पिता बालकिशुन मंडल, ग्राम नगर केश्वारी थाना सरिया जिला- गिरिडीह रामेश्वर मंडल उर्फ रमेश मंडल 29 वर्ष पिता- कैलाश मंडल ग्राम पंचनटाड़ थाना अहिल्यापुर जिला गिरिडीह ठगी का तरीका गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे विभिन्न बैंकों के नाम से फर्जी ऐपक फाइल भेजते थे तथा खुद को बैंक अधिकारी बताकर लोगों को झांसे में लेते थे।

इसके बाद वे बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर साइबर ठगी को अंजाम देते थे बरामद सामान 04 मोबाइल फोन 05 सिम कार्ड आपराधिक इतिहास रंजीत कुमार मंडल के मोबाइल नंबर पर तीन ऑनलाइन शिकायतें दर्ज पाई गई हैं रामेश्वर मंडल उर्फ रमेश मंडल पूर्व में जामताड़ा साइबर थाना कांड सं0-15/2023 में जेल जा चुका है। उसके मोबाइल नंबरों पर विभिन्न राज्यों में कुल 26 शिकायतें दर्ज मिली हैं। छापामारी दल में शामिल अधिकारी आबिद खान पुलिस उपाधीक्षक, साइबर थाना गिरिडीह पु.नि. रामेश्वर भगत, थाना प्रभारी, साइबर थाना पु.नि. दिनेश कुमार पु.नि. चंद्रनाथ उरांव स.अ.नि. गजेन्द्र कुमार आरक्षी 63 कुंवर प्रताप सिंह आरक्षी 26 राहुल कुमार पुलिस केंद्र गिरिडीह से प्राप्त अन्य सशस्त्र बल पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक या ऐपक फाइल को डाउनलोड न करें तथा खुद को बैंक अधिकारी बताने वाले अज्ञात कॉलर्स से सतर्क रहें। साइबर ठगी से संबंधित किसी भी शिकायत की जानकारी तुरंत साइबर थाना या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

## निगरानी की टीम ने खनन कार्यालय के लिपिक व परिचारी को रिश्वत के साथ पकड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**किशनगंज (वार्ता)।** किशनगंज जिला खनन कार्यालय के लिपिक अशोक चौधरी व परिचारी जिला खनन कार्यालय सरोज कुमार सिंह को पटना निगरानी की टीम ने आठ हजार व सात हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। निगरानी थाना कांड सं0-020/26, दिनांक 16.02.2026 में प्राथमिकी अभियुक्त - श्री अशोक कुमार चौधरी, लिपिक, जिला खनन कार्यालय, जिला- किशनगंज को 8,000/- रुपये रिश्वत लेते हुए जिला खनन कार्यालय, किशनगंज के पास से एवं श्री सरोज कुमार सिंह, परिचारी, जिला खनन कार्यालय, जिला- किशनगंज को 7,000/- रुपए रिश्वत लेते हुए डुमरिया मोड़, किशनगंज स्थित चाय की दुकान से गिरफ्तार किया गया है। परिवादी श्री हबीब आलम, पिता- रब्बुल हुसैन, सा०- चकला, थाना+जिला- किशनगंज द्वारा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराया गया था कि आरोपी (जो बड़ा बाबू हैं) के द्वारा खनन विभाग द्वारा पकड़े गये ट्रेक्टर का रिलिज आर्डर निकालने के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है।

## वार्ड 27 में नौशाद अहमद चांद का शक्ति प्रदर्शन सैकड़ों समर्थकों के साथ किया जनसंपर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड संख्या 27 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड 27 के प्रत्याशी नौशाद अहमद चांद ने अपने चुनावी कार्यालय से सैकड़ों समर्थकों के साथ पूरे वार्ड क्षेत्र में भव्य जनसंपर्क अभियान चलाया।



इस दौरान समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

जनसंपर्क अभियान स्टेशन रोड, मौलाना आजाद चौक, शिव मोहल्ला, मुस्लिम बाजार, बड़ा चौक, लक्ष्मी मोहल्ला बुलाकी रोड खलासी मोहल्ला आजाद नगर, बीबीसी रोड सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा और अंत में पुनः चुनावी कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुआ। जगह-जगह लोगों ने प्रत्याशी का स्वागत किया और समर्थन का आश्वासन दिया इस अवसर पर वार्ड प्रत्याशी नौशाद अहमद चांद ने कहा कि पिछले चुनाव में वे द्वितीय स्थान पर रहे थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने लगातार 8 वर्षों तक वार्डवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किया।

उन्होंने कहा कि जनता का प्यार और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इस बार वार्ड 27 की जनता भारी मतों से उन्हें विजयी बनाएगी वरिष्ठ नेता इरशाद अहमद वारिश ने कहा कि वार्ड 27 में इस बार भारी मतों से नौशाद अहमद चांद की जीत सुनिश्चित है। वहीं सहयोगी गुलाब मुस्तफा ने भी दावा किया कि इस चुनाव में जीत का सेहरा नौशाद अहमद चांद के सिर ही बंधेगा, क्योंकि जनता और समर्थक मजबूती से उनके साथ खड़े हैं।

इस जनसंपर्क अभियान में वरिष्ठ नेता इरशाद अहमद वारिश, गुलाम मुस्तफा, शहाबुद्दीन, संजू भाई, मो. शहीद, मो. सफीक, जाफर, छोटू, पप्पू खान, ओसामा, रॉकी रहमानी, गुलाम गौश, कीपू, चांद सरफराज, जिम्मी सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे वार्ड 27 में इस जनसंपर्क अभियान के बाद चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह सदर प्रखंड के जीतपुर में मर्सी हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** सामाजिक दायित्व के तहत मर्सी हॉस्पिटल द्वारा गिरिडीह प्रखंड के जीतपुर में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक ग्रामीण एवं जरूरतमंद मरीजों ने मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श एवं दवा वितरण का लाभ उठाया। वंही इस दौरान शिविर में सुबह से ही मरीजों की भारी भीड़ देखी गई और लोगों ने उत्साहपूर्वक अपनी स्वास्थ्य जांच कराया इस शिविर में मर्सी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी. एच. मिश्रा एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका अग्रवाल ने अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। इस मौके पर दोनों चिकित्सकों ने मरीजों की व्यक्तिगत रूप से जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार की जानकारी दी। इस दौरान शिविर के दौरान सामान्य रोग, मौसमी बीमारियां, बुखार, सर्दी-खांसी, ब्लड प्रेशर, मधुमेह कमजोरी एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई, वहीं बच्चों से संबंधित बीमारियों की विशेष रूप से जांच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में बच्चों को शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका अग्रवाल द्वारा जांच कर उचित परामर्श दिया गया इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका अग्रवाल ने अभिभावकों को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, बार-बार होने वाले संक्रमण एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं संतुलित पोषण अत्यंत आवश्यक है, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास सही तरीके से हो सके। उन्होंने अभिभावकों को समय-समय पर डॉक्टर से परामर्श लेने की भी सलाह दी वहीं शिविर के दौरान डॉ. पी. एच. मिश्रा ने कहा कि मर्सी हॉस्पिटल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं जरुरतमंद लोगों तक बेहतर और सुलभस्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ध्यान में रखते हुए मर्सी हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं और भविष्य में भी यह सेवा निरंतर जारी रहेगी। वंही स्थानीय ग्रामीणों ने मर्सी हॉस्पिटल के इस प्रयास की सराहना करते हुए अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार के शिविर से उन्हें अपने क्षेत्र में ही विशेषज्ञ डॉक्टरों से निःशुल्क परामर्श एवं दवा प्राप्त करने का अवसर मिला, जिससे उन्हें काफी राहत मिली। यह शिविर क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हुआ और इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी बढ़ी।

### बहू नहीं, बेटी बनकर करूंगी शिवपुरी की सेवा वार्ड 22 से मिताली रश्मि का जनसंपर्क तेज

**गिरिडीह (नबिटाब)।** हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 22 शिवपुरी से प्रत्याशी मिताली रश्मि ने क्षेत्रवासियों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य राज्य और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि शिवपुरी उनका



परिवार है और वे इस परिवार की सेवा बहू नहीं, बल्कि बेटी बनकर करना चाहती हैं। मिताली रश्मि ने बताया कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। कई सड़कें और नालियाँ जर्जर हालत में हैं, बरसात के दिनों में सड़कों पर नालियों का पानी बहता है, गलियों में बिजली के तारों की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है और सफाई व्यवस्था अनियमित है। उन्होंने कहा कि शिवपुरी नगर निगम क्षेत्र के बड़े वार्डों में से एक है, लेकिन विकास की रफ्तार अपेक्षा के अनुरूप नहीं है। यदि जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया, तो सड़क, नाली, बिजली और सफाई जैसी बुनियादी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। मिताली रश्मि ने मतदाताओं से 23 फरवरी को होने वाले मतदान में मतपत्र के क्रम संख्या 1, अलमारी छाप पर मुहर लगाकर शिवपुरी के चहुंमुखी विकास के लिए समर्थन देने की अपील की। उन्होंने अपने बारे में बताते हुए कहा कि एमबीए की डिग्री हासिल करने के बाद उन्होंने करीब 15 वर्षों तक विभिन्न कंपनियों में काम किया है और अब उसी प्रबंधन अनुभव का उपयोग वे वार्ड 22 को बेहतर बनाने में करेंगी। उन्होंने दोहराया कि शिवपुरी के विकास के लिए वे पूरी तरह संकल्पित हैं।

### मिर्जा गालिब का कलाम इंसान के जज्बात, उसकी खुशी-गम और दोस्ती को केंद्र में रखता है, जो सदाबहार है : डॉ. मुस्ताक

**दरभंगा/वार्ता (नबिटा)।** लब्ध प्रतिष्ठित उर्दू साहित्यकार एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ० मुस्ताक अहमद ने कहा है कि मिर्जा गालिब का कलाम इंसान के जज्बात, उसकी खुशी-गम और दोस्ती को केंद्र में रखता है, जो सदाबहार है। आज के बदलते दौर, सामाजिक उथल-पुथल, अकेलेपन और दार्शनिक जिज्ञासाओं के बीच अपनी गहरी छाप छोड़ता है। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय उर्दू विभाग एवं डॉ० प्रभात दास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित "आधुनिक युग मे कलामे गालिब की प्रासंगिकता" विषयक राष्ट्रिय सेमिनार को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य डॉ० मुस्ताक अहमद ने कहा कि गालिब के शेर केवल प्रेम या विरह नहीं, बल्कि जीवन के वास्तविक तर्कवाद और अस्तित्व संबंधी संघर्षों को दशार्ता है। गालिब के कलाम जीवन के संघर्षों को हताशा के बजाय एक चुनौती के रूप में बतलाता है, जो आज के समय में लोगों को प्रेरणा देता है। डॉ० मुस्ताक ने गालिब के एक शेर "न था कुछ तो खुदा था, कुछ न होता तो खुदा होता, डुबोया हमको होने ने, न होता मैं तो क्या होता" की व्याख्या करते हुए कहा कि ये हिन्दुस्तान के सरजमी पर ही कहा जा सकता है, जिसको हिन्दोस्तान की रवायत कहे या वैदिक संस्कृति कहे का पूरा ज्ञान न हो वो ये नहीं लिख सकता है।इसलिये गालिब पर कोई गालिब न हुआ। डॉ० मुस्ताक ने कहा कि गालिब ने अपने बनारस प्रवास के दौरान चिरागे दैर लिखा और उसमें गालिब ने दुनिए के बचे रहने की वजह बतलाते हुए लिखा कि जबतक लोग एक दूसरे से बेलौस मोहबत करेंगे और बे बात दुआ देंगे तब तक ये दुनिया कायम रहेगी।

## महुवाटांड़ में माले और असंगठित मजदूर मोर्चा का प्रतिवाद मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी लिबरेशन माले और असंगठित मजदूर मोर्चा के बैनर तले महुवाटांड़ मोड़ टुंडी रोड स्थित मैदान में बालमुकुंद फैक्ट्री के जीएम और प्रबंधन द्वारा कथित फर्जी मुकदमा दर्ज कराने के विरोध में प्रतिवाद मार्च एवं आमसभा का आयोजन किया गया।महुवाटांड़ से सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण पैदल मार्च करते हुए मुख्य सड़क होते हुए सभा स्थल तक पहुंचे।



कार्यक्रम में लाल झंडों के साथ नारेबाजी करते हुए लोगों ने प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जताया पूर्व विधायक राजकुमार यादव मुख्य अतिथि कार्यक्रम में राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बालमुकुंद के जीएम द्वारा किया गया फर्जी मुकदमा गंभीर मामला है और इसे विधानसभा में उठाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि इस औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। किसानों की जमीन, जल स्रोत और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने क्षेत्र के किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं से एकजुट होकर आंदोलन तेज करने की अपील की पूर्व विधायक ने कहा कि जब वे विधायक थे तब इस क्षेत्र की शिकायतों पर विधानसभा की टीम जांच के लिए आई थी और आवाज उठाने के बाद कुछ सुधार हुआ था। अब फिर से बड़े आंदोलन और गोलबंदी की जरूरत है जीएम पर लिखित शिकायत नगर सचिव सह जिला कमिटी सदस्य राजेश सिन्हा ने बताया कि जीएम परशुराम तिवारी और प्रबंधन के खिलाफ मुफ्फसिल थाना में लिखित शिकायत दी गई है।

उनका कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से लगाए गए आरोप गलत साबित होंगे। प्रशासन ने मामले की जांच पर सहमति जताई है।उन्होंने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन को फर्जी मुकदमे का जवाब देना होगा प्रदूषण और मजदूरी का मुद्दा माले के जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की स्थिति चिंताजनक है आरोप लगाया कि बालमुकुंद फैक्ट्री प्रदूषण मानकों का पालन नहीं कर रही है।

## जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जन संघर्ष के महान शख्सियत, गरीबों और शोषितों की आवाज रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष इरफान आलम एवं नगर निगम क्षेत्र के महापौर प्रत्याशी गौरव कुमार ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर जिला अध्यक्ष इरफान आलम ने कहा कि कपूर्री ठाकुर समाज के महान जननायक, राजनीतिक योद्धा एवं सामाजिक न्याय के मजबूत स्तंभ थे। उनकी प्रेरणादायी विरासत और सामाजिक चेतना आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उनके जीवनकाल में थी। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों, पीड़ितों, पिछड़ों और वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने के



संघर्ष में समर्पित कर दिया वक्ताओं ने कहा कि कपूर्री ठाकुर की ईमानदारी, सादगी और सिद्धांतनिष्ठ राजनीति आज के दौर में भी प्रेरणा का स्रोत है। उनके सामाजिक न्याय और समानता के विचार समाज को एक नई दिशा देते हैं कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके सामाजिक न्याय की विरासत को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक समरसता और जनभावनाओं की रक्षा करने का संकल्प लिया।

## मैग्जीनीया, तीनकोनिया और मछली मुहल्ला में प्रकाश दास का जनसंपर्क अभियान तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी के बीच महापौर पद के प्रत्याशी प्रकाश दास ने मैग्जीनीया, तीनकोनिया और मछली मुहल्ला में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्होंने आशीर्वाद और समर्थन की अपील की प्रचार अभियान के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

घर-घर जाकर संपर्क करते हुए प्रकाश दास ने क्षेत्र की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के समुचित



विकास, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, सड़क और जलनिकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।प्रकाश दास ने कहा कि उन्हें देवतुल्य जनता जनार्दन का स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है, जिससे वे अभिभूत हैं। उन्होंने मतदाताओं से आगामी 23 फरवरी को मतदान के दिन महापौर प्रत्याशी के रूप में अपने पक्ष में वोट देकर आशीर्वाद देने का आग्रह किया उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि चुनाव चिन्ह ह्रबाल्टी छापह्र क्रमांक 09 पर बटन दबाकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र को एक नई दिशा और मजबूत नेतृत्व मिल सके जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी समस्याएं साझा कीं और सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया।

## वार्ड 10 में तरुण मुखर्जी ने झोंकी ताकत बेबी वॉकर छाप पर वोट की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम गिरिडीह के वार्ड संख्या 10 से वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी तरुण मुखर्जी ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को तेज कर दिया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपने चुनाव चिन्ह ह्नबेबी वॉकरह्न छाप पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की है तरुण मुखर्जी ने बताया कि वे कर्मठ युवा के रूप में वार्ड के विकास के लिए समर्पित हैं।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 एवं 2013 में वार्ड संख्या 12 से विजय होकर वार्ड सदस्य के रूप में जनसेवा करने का उन्हें अनुभव रहा है और अब पुनः वार्ड 10 की सेवा का अवसर चाहते हैं प्रचार सामग्री में उन्होंने वार्ड के विकास को लेकर कई प्रमुख वादे किए हैं। इनमें नगर निगम, बिजली विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर कार्यों का निष्पादन साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण गली-मोहल्लों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, प्रत्येक चौक-चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का प्रयास, जल समस्याओं का समाधान, जरूरतमंदों को आवास योजना से जोड़ना तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाने की बात शामिल है।उन्होंने कहा कि वार्ड के आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है।चुनावी माहौल में वार्ड 10 में जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्हें क्षेत्रवासियों का समर्थन मिलने का दावा किया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि मतदाता इस बार किसे अपना प्रतिनिधि चुनते हैं।

## बाल श्रम विरोह हेतु करें प्रयास : उपाध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा (वार्ता)।** बिहार राज बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने बाल श्रमिकों की विमुक्ति के लिए लगातार धावा दल चलाने एवं दोषी नियोजकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने मंगलवार को यहाँ कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं तथा उनका स्थान स्कूल में है, खेल के मैदान में है, न की होटल, गैराज एवं फैक्ट्री में है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह सामूहिक दायित्व है कि हर बच्चे को अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान किया जाए तथा उनका बचपन उन्हें जीने दिया जाए।

## गिरिडीह में महापौर प्रत्याशी अर्जुन बैठा का सघन जनसंपर्क, मॉडल शहर बनाने का किया वादा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मंगलवार को गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र से महापौर पद के प्रत्याशी अर्जुन बैठा ने सुबह से ही शहर के विभिन्न इलाकों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की बैठा ने भोरंडीहा, डांडीडीह पावर हाउस, बिशनपुर, पचंबा कोयरी टोला सहित कई क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय नागरिकों से जनसंवाद स्थापित किया।



उन्होंने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि जनता का आशीर्वाद मिलने पर वे गिरिडीह के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे जनसंपर्क के दौरान अर्जुन बैठा ने कहा कि उन्हें जनता का अपार समर्थन और स्नेह मिल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि जनता उन्हें अवसर देती है तो वे गिरिडीह शहर को एक मॉडल शहर के रूप में विकसित करने का कार्य करेंगे।

उन्होंने स्वच्छता, बेहतर सड़क व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही इस मौके पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी मौजूद थे, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ महापौर प्रत्याशी अर्जुन बैठा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान के दौरान कई जगहों पर स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत भी किया।

## उपायुक्त ने की नारी अदालत से संबंधित बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में नारी अदालत से संबंधित बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य नारी अदालत की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करना तथा महिलाओं से जुड़े मामलों का त्वरित और न्यायपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। बैठक में पिछले माह प्राप्त मामलों की समीक्षा की गई। जिन मामलों का निष्पादन हो चुका है, उनकी जानकारी साझा की गई तथा लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे पर बल दिया गया।



साथ ही, ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, ताकि अधिक से अधिक महिलाएँ इस मंच का लाभ उठा सकें। उपायुक्त ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं द्वारा सामना किया जाने वाले छोटे प्रवृत्ति के मामले जैसे उत्पीड़न, हिंसा, तोड़फोड़ अधिकारों की कटौती आदि मामलों के लिए महिलाओं को वैकल्पिक शिकायत निवारण तंत्र प्रदान करने हेतु नारी अदालत की शुरूआत की जानी है इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि नारी अदालत महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, पारिवारिक कलह एवं अन्य सामाजिक समस्याओं से राहत दिलाने का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण पारदर्शिता के साथ किया जाए तथा दोनों पक्षों को सुनकर निष्पक्ष निर्णय लिया जाए। नारी अदालत को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि प्रत्येक पीड़ित महिला को समय पर न्याय मिल सके। वहीं लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने फ्री एंड फेयर इलेक्शन को ले उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को सौंपा पत्र

**त्रिपाठी ने कहा कि उपायुक्त ने आश्वस्त किया है कि हर हाल में होगा फ्री एंड फेयर इलेक्शन**
**पुलिस अधीक्षक ने भी कहा कि उपायुक्त से सलाह कर करेंगे कार्रवाई**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी मंगलवार को पलामू के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिलकर फ्री एंड फेयर इलेक्शन कराने की मांग की। त्रिपाठी ने पलामू कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विमला कुमारी के सहित अन्य कांग्रेसियों के साथ उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से मिले। त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने उपायुक्त से कहा कि वार्ड के कई प्रत्याशियों ने नामांकन ही नहीं किया है। जिन्होंने नामांकन पत्र लिया उन्होंने भी नामांकन नहीं किया। ऐसे में पूरे क्षेत्र में डर का माहौल कायम है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त को 14 बूथ नाम सहित इंगित किया है कि इन बूथों पर फ्री एंड फेयर इलेक्शन नहीं हो सकता जब तक कि सीआरपीएफ की टुकड़ी नहीं लगाई जाए। उन्होंने उपायुक्त से सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी आग्रह किया। उन्होंने उपायुक्त से चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवारों को सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की। उपायुक्त ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को आस्वस्त किया कि हर हाल में वे फ्री एंड फेयर इलेक्शन कराएंगी। इसी तरह त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक से बताया कि शहर का माहौल ठीक नहीं है। कुछ बूथ लूटे जाने की संभावना है। ऐसी स्थिति में सीआरपीएफ की टुकड़ी तैनात की जाए ताकि फ्री एंड फेयर इलेक्शन हो सके। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि एक ही व्यक्ति बूथ पर बैलेट पेपर ना छापे, इसके लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने की आवश्यकता है। शहर का माहौल भयग्रस्त है व समर्थकों को धमकियां मिल रही है। मौके पर बड़ी संख्या में त्रिपाठी समर्थक मौजूद थे।



## धनबाद दौरे पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मेयर प्रत्याशी की जीत का जताया भरोसा

**धनबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। नगर निगम चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी के बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने धनबाद पहुंचकर पार्टी समर्थित मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार अग्रवाल की जीत का भरोसा जताया। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित धोवाटांड़ कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता विकास और पारदर्शिता के पक्ष में है। उन्होंने पार्टी अनुशासन पर सख्त रुख अपनाते हुए बताया कि लाइन से हटकर कार्य करने वाले नेताओं को शो-कॉज नोटिस जारी किया गया है और अनुशासन समिति मामले की निगरानी कर रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए साहू ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि रघुवर दास और नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सुशासन स्थापित था।



## ड्यूटी पर निकली सीएचओ लापता, प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)**। जयनगर प्रखंड के सतडीहा स्वास्थ्य उपकेंद्र में कार्यरत सीएचओ के अचानक लापता होने से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा है। इस संबंध में उनके पति ने जयनगर थाना में लिखित आवेदन देकर दो युवकों पर पत्नी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप लगाया है। आवेदन के अनुसार महिला 16 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे ड्यूटी के लिए घर से निकली थीं। लेकिन दोपहर तक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचीं। स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम से पूछताछ के बाद पति को जानकारी मिली कि वह उस दिन ड्यूटी पर नहीं आई थीं। इसके बाद परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल सका।

पति ने पुलिस से पत्नी की सुरक्षित बरामदगी और आरोपितों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने सुदेश कुमार के समर्थन में किया प्रचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग**। नगर निगम चुनाव को लेकर शहर की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भाजपा नेत्री सह समाजसेवी शेफाली गुप्ता ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी सुदेश कुमार के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर चुनावी माहौल को गरमा दिया। जनसंपर्क के दौरान शेफाली गुप्ता ने विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर मतदाताओं से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और सुदेश कुमार को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूलमालाओं से उनका स्वागत कर समर्थन जताया। शेफाली गुप्ता ने कहा कि सुदेश कुमार एक अनुभवी, कर्मठ और जनहितैषी उम्मीदवार हैं, जो नगर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, बेहतर सड़क, शुद्ध पेयजल और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करना भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है। उनके नेतृत्व में नगर का चहुंमुखी विकास संभव है।उन्होंने यह भी कहा कि जनता का अपार स्नेह और विश्वास इस बात का संकेत दे रहा है कि आगामी नगर निगम चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। अंत में उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि नगर के उज्ज्वल भविष्य और विकास को गति देने के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी सुदेश कुमार को अपना बहुमूल्य मत देकर विजयी बनाए।



# जंगली हाथियों ने तीन लोगों का घर किया क्षतिग्रस्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)**। बेतला वन प्रक्षेत्र के कुचिला गांव के बरवागढ़ा टोला में जंगली हाथियों ने 15 फरवरी की रात्रि में तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घरों को क्षतिग्रस्त कर दिए जाने से घर परिवार बेघर हो गए। इसकी सूचना घर वालों ने वन विभाग के पदाधिकारी को दिया। इसकी जानकारी मिलते हैं। पलामू टाइगर प्रोजेक्ट के उप निदेशक प्रजेश जेना ने त्वरित एक्शन लिया। उन्होंने मकान के मालिक शम्भू सिंह, शीला देवी व सोनवा देवी के घर मरम्मती के लिए ईट बालू सहित खाद्य सामग्री को भिजवाने का निर्देश दिया। समाचार के अनुसार बेतला जंगल के तितही पीएफ के नजदीक एक टस्कर हाथी पीएफ जंगल से सटे गेहूं के खेत में लगे फसल को खा रहा था। इसी बीच गांव वाले एकत्रित हो गए। सभी ने मिलकर हाथियों को भागना चाहा। इसी क्रम में गुस्साए हाथियों ने भगाने के क्रम में जंगल के नजदीक बने घरों को तोड़ दिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन पदाधिकारियों को दी। बेतला की क्यूआरटी टीम के संचालक प्रभारी वनपाल संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में घटना का जांच की गई। पीड़ित के घर के मुआयना किया गया । साथ ही अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश के तहत अविलंब घर की मरम्मती के लिए ईट व सीमेंट उपलब्ध करा दिया। इसके अलावा प्रभावित परिवारों को खाधान्न किट भी उपलब्ध कराए गए। वन विभाग के अधिकारियों ने सरकारी प्रावधानों के अनुसार मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।




# स्ट्रॉबेरी की खेती ने बदली किसान की किस्मत, हो रही बंपर कमाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लातेहार**। जहां चाह, वहां राह। लातेहार के कुलगड़ा गांव निवासी रमेश भुइयां ने इस बात को पूरी तरह चरितार्थ कर दिखाया है। मात्र थोड़ी सी जमीन में स्ट्रॉबेरी की खेती कर रमेश बंपर कमाई कर रहे हैं। वर्तमान समय में रमेश भुइयां ग्रामीणों के लिए आईकॉन बन गए हैं।

दरअसल, रमेश भुइयां एक सीधे-साधे ग्रामीण किसान हैं। इनके पास जमीन भी काफी कम है। इस कारण खेती से ज्यादा मुनाफा नहीं हो पाता था। हालांकि रमेश हमेशा यह प्रयास करते थे कि थोड़ी से ही जमीन में बेहतर खेती कर अपने परिवार का बेहतर पालन-पोषण कर सकें। रमेश बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत गांव में जल छाजन समिति गठित की जा रही थी। रिचूघुटा जल छाजन समिति का उन्हें सचिव बनाया गया।

**कैसे जगी उन्नत खेती के प्रति दिलचस्पी**

जल छाजन समिति का सचिव बनने के बाद रमेश भुइयां भी उन्नत खेती के प्रति दिलचस्पी दिखाने लगे। जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा के प्रयास से गत वर्ष रमेश ने अपनी थोड़ी सी जमीन में स्ट्रॉबेरी की खेती आरंभ की थी। गत वर्ष खेती से उन्हें अच्छी आमदनी हुई। जिससे प्रभावित होकर उन्होंने इस वर्ष लगभग 5 डिसमिल जमीन में स्ट्रॉबेरी के पौधे लगाए हैं। प्रारंभिक दौर में ही इन्हें अब तक 30 से 40 हजार की आमदनी हो चुकी है। जबकि अभी भी खेतों में 50 हजार रुपये से अधिक के फल लगे हुए हैं।

**विभागीय सहयोग मिला तो कर सके बेहतर खेती**

रमेश भुइयां बताते हैं कि जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा के साथ-साथ तकनीकी विशेषज्ञ जेके श्रीवास्तव और बुद्धदेव पाल आदि लोगों ने स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए उन्हें काफी प्रोत्साहित किया और तकनीकी जानकारी दी। गत वर्ष उन्होंने स्ट्रॉबेरी की खेती थोड़ी सी जमीन में की थी। जिसमें अच्छा मुनाफा हुआ था। इसी से प्रभावित होकर इस वर्ष उन्होंने 5 डिसमिल जमीन में स्ट्रॉबेरी की खेती की है। वर्तमान समय में 25 हजार रुपये से अधिक की स्ट्रॉबेरी की बिक्री कर चुके हैं, जबकि अभी भी बड़े पैमाने पर स्ट्रॉबेरी के फल खेत में लगे हैं। उन्होंने कहा कि अपने खेतों में किसी भी प्रकार के रासायनिक खाद का प्रयोग नहीं करते हैं। इसी कारण खेती में लागत भी काफी कम आती है। जबकि फल का स्वाद काफी अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष लगभग 20 डिसमिल जमीन में स्ट्रॉबेरी की खेती करेंगे। वही रमेश की पत्नी मीना देवी ने बताया कि पिछले दो वर्षों से स्ट्रॉबेरी की खेती आरंभ किए हैं। काफी अच्छा मुनाफा हो रहा है।

**किसानों की सहायता के लिए विभाग तत्पर: डीएलसीओ**

इधर, इस संबंध में जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फेस 2 के अंतर्गत लातेहार जिले के सात पंचायत में कृषि विकास के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसके तहत किसानों को उन्नत खेती से जोड़ा जा रहा है और उन्हें तकनीकी जानकारी के साथ-साथ अन्य प्रकार की सहायता भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता और उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद के द्वारा इस कार्य में विभाग को हर प्रकार की मदद की जा रही है, जिससे विभाग किसानों को बेहतर सहायता उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि रमेश भुइयां पूरी तरह जैविक विधि से स्ट्रॉबेरी की खेती कर रहे हैं। जिससे उन्हें काफी अच्छी आमदनी हो रही है, खरीदार भी खुद उनके खेतों तक पहुंच रहे हैं।

**300 से 400 रुपये प्रति किग्रा बिक रही स्ट्रॉबेरी**

खुले बाजार में स्ट्रॉबेरी 300 से लेकर 400 रुपये प्रति किलो की दर से बिक्री हो रही है। 5 डिसमिल में स्ट्रॉबेरी की खेती करने वाले रमेश प्रत्येक दिन 4 से 5 किलोग्राम स्ट्रॉबेरी की बिक्री कर रहे हैं। स्ट्रॉबेरी के फल 3 महीने तक निकलेंगे। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फेस 2 के नोडल ऑफिसर लातेहार भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा लगातार यह प्रयास कर रहे थे कि किसानों को तकनीकी खेती से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाई जाए। किसानों को नई-नई खेती से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा था।



## निकाय चुनावों को लेकर झुमरीतिलैया शहरी क्षेत्र में गहमागहमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा (कोडरमा)**। निकाय चुनावों को लेकर झुमरीतिलैया इलाके में शहर की सरकार बनाने में लगे हुए हैं। नगर परिषद झुमरीतिलैया के लिए 23 फरवरी को होने वाले चुनाव की धमक साफ दिखायी पड रही है। नगर परिषद में 28 वार्ड के लिए चुनाव होना है। इसके लिए अध्यछ पद और विभिन्न वार्ड पार्षद के लिए सभी उम्मीदवार अपना अपना भाग आजमा रहे हैं। सुबह से देर शाम तक हर गली-मुहल्ले, चौक -चौराहों पर उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ घूम घूम कर समर्थन मांग रहे हैं। इस शहर में ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने साफ सफाई बिजली पानी की दिक्कतों भारी होल्डिंग टेक्स को लेकर नाराजगी सडकों की बदहाली जैसे कई अहम मसलों को लेकर लोगों में नाराजगी है। लोगों में सबसे ज्यादा नाराजगी होल्डिंग टेक्स में बढोतरी को लेकर है।झुमरीतिलैया की बदहाली शहर वासियों की फजीहत बढाये हुए है। लंबे समय तक चुनाव प्रक्रिया लंबित रहने के बाद अब चुनावी फिजा सामने है। ऐसे में हर उम्मीदवार अपने को बेहतर बता मतदाताओं का समर्थन लपकने का जुगाड लगा रहे हैं। इस बार कई ऐसे भी उम्मीदवार अध्यछ पद का चुनाव लड रहे हैं जिनका सामाजिक राजनीतिक सरोकार देखा नही गया है। फिर भी जन समर्थन लपकने की जुगत लगा रहे हैं।

बहरहाल उनके वादे दावे बहुतेरे हैं। मतदाता सबों की रग पहचानने समझने की कोशिश कर रहे हैं। चुनाव है ऐसे में उम्मीदवारों को भी समर्थन दिला देंगे जैसे टिप्स लेकर बहुतेरे घूम फिर रहे हैं। अब जनता जो करे। चिंता की बात तो चाय के दुकानो और चौक-चौराहे पर लोग करते हैं कि जो अध्यक्ष 5 साल यह वार्ड पार्षद 10 साल रह चुके ओ लोग भी अब बोल रहे हैं कि जीत के बाद विकास की गंगा बहेगी। यही वादे को लोग याद करते हैं। अब देखना है कि शहर के सरकार को बनाने में जनता किस उम्मीदवार पर विश्वास जाता कर लाते हैं।

## फायरिंग और संगठित अपराध से जुड़े मामलों में दिए सख्त निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़**। बोकारो रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने मंगलवार को रामगढ़ में एसपी सहित पुलिस पदाधिकारियों संग अहम बैठक की। जिसमें उन्होंने जिले में हाल में हुई फायरिंग की घटना, धमकी और संगठित अपराध से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

बैठक में आईजी सुनील भास्कर ने स्पष्ट कहा कि उनके आगमन का मुख्य उद्देश्य जिले में हाल में हुई फायरिंग और धमकी से संबंधित घटनाओं की समीक्षा करना और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने संतोष जताया कि एक-दो मामलों को छोड़कर अधिकांश मामलों में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को चिन्हित किया है, लेकिन जोर इस बात पर दिया कि अपराध होने के बाद कार्रवाई से अधिक जरूरी है अपराध की पहले ही रोकथाम हो।

आईजी ने निर्देश दिया कि संगठित अपराधियों पर सीसीए, थाना हाजिरी, सर्विलांस प्रोसीडिंग सहित सभी वैधानिक उपायों का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि जो अपराधी गिरोह देश के बाहर बैठकर फोन के माध्यम से लोगों को धमकाने और रंगदारी वसूलने का प्रयास कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ऐसे अपराधियों के विरुद्ध रामगढ़ एसपी के माध्यम से एटीएस की सहायता से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, ताकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनकी निगरानी और गिरफ्तारी संभव हो सके। साथ ही संगठित अपराधियों की संपत्ति का विस्तृत ब्योरा तैयार कर जब्ती की कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है।

आईजी सुनील भास्कर ने कहा कि पुलिस का लक्ष्य केवल अपराधियों को पकड़ना नहीं, बल्कि अपराध के नेटवर्क को तोड़ना है। इसके लिए आसूचना तंत्र मजबूत करने, तकनीकी निगरानी बढ़ाने और जनता से संवाद बनाए रखने पर जोर दिया गया।

बैठक के अंत में उन्होंने साफ संदेश दिया कि रामगढ़ में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और पुलिस जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई जारी रखेगी। वहीं बैठक के पूर्व आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## झारखंड वन विभाग मध्य प्रदेश से लाएगा 50 गौड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** । झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में गौड़ (भारतीय बाइसन) की घटती आबादी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। वन विभाग मध्य प्रदेश के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से 50 गौड़ों का स्थानांतरण (ट्रांसलोकेशन) करने की तैयारी में है। यह योजना बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सफलतापूर्वक लागू किए गए गौड़ ट्रांसलोकेशन प्रोजेक्ट की तर्ज पर तैयार की गई है, जहां कान्हा और सतपुड़ा से लाए गए गौड़ों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि गौड़ की आनुवंशिक विविधता (जेनेटिक डाइवर्सिटी) बढ़ाने और स्थानीय आबादी को मजबूत करने के लिए यह translocation आवश्यक है। पलामू में गौड़ की संख्या ऐतिहासिक रूप से घट रही है। 1970 के दशक में यहां लगभग 1500 गौड़ थे, लेकिन अब यह संख्या काफी कम हो गई है। मुख्य कारणों में मानव दबाव, आवास क्षरण, अवैध शिकार और घरेलू पशुओं से फैलने वाली बीमारियां शामिल हैं।

**बेतला में केवल 68 गौड़ बचे**

पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क क्षेत्र में ही गौड़ की आबादी बची हुई है, जो राज्य में गौड़ का अंतिम मजबूत ठिकाना है। हाल के सर्वे (2024-2025) में कुल 68 गौड़ पाए गए, जिनमें 33 मादाएं, 25 नर और 10 बच्चे शामिल हैं। पिछले दो वर्षों से पलामू टाइगर रिजर्व और वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की संयुक्त टीम द्वारा गौड़ के प्रजनन (ब्रीडिंग) और व्यवहार पर सर्वे किया गया, जिसमें पाया गया कि प्रजनन दर कमजोर हो गई है। आनुवंशिक सीमितता के कारण ब्रीडिंग प्रभावित हुई है।

इस कमी को दूर करने के लिए बाहर से गौड़ लाने की योजना बनी। राष्ट्रीय टाइगर संरक्षण प्राधिकरण और गौड़ इंडिया से चर्चा के बाद यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ा। पलामू की टीम ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का दौरा किया, जहां गौड़ ट्रांसलोकेशन की ट्रेनिंग ली। टीम ने कैप्चर, ट्रांसपोर्ट, सॉफ्ट रिलीज, मॉनिटरिंग और पोस्ट-रिलीज मैनेजमेंट सहित कई तकनीकों का अध्ययन किया।

झारखंड के बेतला नेशनल पार्क में गौड़ का लास्ट सर्वाइविंग पॉपुलेशन मौजूद है। पिछले दो वर्ष से संख्या बढ़ाने के लिए रिकवरी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी गौड़ इंडिया से गौड़ की संख्या बढ़ाने के लिए बातचीत की गई थी।

## आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मध्यस्थता कैम्पेन की सफलता हेतु थानाध्यक्षों की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार तथा प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत एवं व्यवहार न्यायालय, नवादा में संचालित मध्यस्थता 2.0 कैम्पेन को सफल बनाने हेतु 17 फरवरी 2026 को लाईब्रेरी हॉल, व्यवहार न्यायालय, नवादा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा की गई। बैठक में नवादा जिले के सभी थानाध्यक्षों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों तथा मध्यस्थता योग्य मामलों के पक्षकारों को निर्गत नोटिसों की प्रभावी तामिला सुनिश्चित करें। साथ ही, नोटिस प्राप्त पक्षकारों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु विशेष प्रयास करने को कहा गया, ताकि अधिकाधिक मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मध्यस्थता कैम्पेन के माध्यम से कराया जा सके। सचिव महोदय ने कहा कि लोक अदालत एवं मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्चीला न्याय प्राप्त होता है। अतः पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका से अधिकाधिक मामलों का आपसी सुलह के आधार पर निपटारा संभव हो सकेगा, जिससे न्यायालयों में लंबित वादों की संख्या में भी कमी आएगी। बैठक में नगर थाना, मुफसिल, नारदीगंज, हिसुआ, नरहट, सिरदला, अकबरपुर, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, पकरीबरामा, गोविन्दपुर, कौवाकोल, परनाडाबर, कादिरगंज, सीतामढ़ी, थाली, नेमदारगंज, रूपौ, धमौल, शाहपुर सहित अन्य थानों के थानाध्यक्ष / थाना प्रभारी उपस्थित रहे।




## उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले में उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्टार्टअप नालन्दा के तहत जिले भर के विभिन्न उद्यमियों के साथ जिलाधिकारी कुंदन कुमार समाहरणालय स्थित न्यू एनआईसी में बैठक की। सर्वप्रथम महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र नालंदा के द्वारा जिलाधिकारी उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त एवं सभी उद्यमियों का स्वागत किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित सभी उद्यमियों से उनके स्टार्टअप के बारे में जानकारी ली गई। जिसमें संजय कुमार ने बताया कि गाय के गोबर से नेचुरल पेंट्स का व्यावसाय पिछले तीन साल से कर रहे है।

प्रवीण कुमार मैन्युफैक्चरिंग ई- वाहन अविनाश कुमार द्वारा सैनेटरी नैपकिन का उत्पादन किया जा रहा है, विशाल चौधरी-सिनेमा एन्ड स्टूडियो का काम किया जा रहा है, रितिका चंद्र-फैशन डिजाइन गारमेंट्स के क्षेत्र में विनिर्माण की जा रही है, विनोद कुमार के द्वारा कुल्हड़ चाय का उत्पादन किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा सभी उद्यमियों को बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के तरफ से हर आवश्यकता को पूरी करने का आश्वासन दिया गया।

जिलाधिकारी द्वारा सभी उद्यमियों की कार्यों की सराहना की गई। साथ ही उद्यमियों को अपने स्टार्टअप को और आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने उपस्थित उद्यमियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप अपने हुनर का बेहतर इस्तेमाल कर राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नालंदा जिले का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि कृषि के अलावे उद्योग को बढ़ावा देकर अधिक से अधिक रोजगार सृजन करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है, उद्योग विकसित करने के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त नालंदा, नगर आयुक्त नगर निगम बिहारशरीफ, डीपीएम जीविका, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र ,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ जिला उद्योग केंद्र सभी पदाधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित थे ।




## किराना दुकान में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। दमोदरसराय मानपुर गांव में मंगलवार की अहले सुबह करीब 4 बजे एक किराना दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग लगने की घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि यह दुकान मानपुर निवासी नकुल साव की थी। उनकी पत्नी शर्मिला देवी ने बताया कि रोज की तरह सोमवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह पड़ोसियों से दुकान में आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर देखा कि पूरी दुकान जल चुकी थी।आग लगने के कारणों अब तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। इस घटना में लाखों रुपये के सामान और संपत्ति के नुकसान की बात कही जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की है।

**Name Change**

I MD MASIUR RAHMAN S/O MD KIYAMUDDIN R/O Gram-Jankinagar Prithiwinagar Panchayat-Raghunandanpur Thana-Pakur Prithinagar Jharkhand-816107, have changed my name to JUNAID MALLIK.

# रिश्वत लेते प्रभारी डीएओ और चालक धराये

## खाद दुकानदार से मांगी थी 50हजार रुपये की रिश्वत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले में मंगलवार को विशेष निगरानी दल (एसयूवी) की बड़ी कार्रवाई में प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी हिमांशु कुमार और उसके चालक रामबाबू राय को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि दोनों ने एक खाद दुकानदार से उसके दुकान का लाइसेंस रद्द करने की धमकी देकर यह रकम मांगी थी। सूत्रों के अनुसार, दोनों ने पीड़ित को मामले को रफा-दफा करने के लिए समाहरणालय के पास बुलाया था। इसी दौरान रश्व की टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम ने दोनों से पूछताछ की और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

एसयूवी के अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि उन्हें लिखित शिकायत मिली थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि हिमांशु कुमार अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रहते हुए प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी के पद पर तैनात हैं। शिकायत में कहा गया था कि वे खाद दुकान की जांच के नाम पर लाइसेंस रद्द करने की धमकी देकर 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत में यह भी कहा गया था कि रिश्वत राशि उनके चालक रामबाबू राय के माध्यम से ली जानी थी।

सुधीर कुमार ने बताया कि जैसे ही रिश्वत का लेन-देन शुरू हुआ। की टीम ने मौके पर छापा मारा और दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि रिश्वत की पूरी राशि जब्त कर ली गई है और इसके सबूत भी सुरक्षित हैं। इस मामले में आगे की कार्रवाई के तहत दोनों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भी हिमांशु कुमार पर रिश्वत लेने के मामले में निगरानी विभाग की कार्रवाई हो चुकी थी। इस गिरफ्तारी के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा है। विशेष निगरानी दल ने कहा कि वे इस तरह की भ्रष्टाचार की घटनाओं के खिलाफ सतर्क हैं और किसी को कानून से ऊपर नहीं रहने देंगे।

# सुपर ड्रैगन ट्रेन की पटरी से युवक की लटकी मिली लाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया जिले के बाराचट्टी प्रखंड में शिवरात्रि मेले के दौरान सोमवार रात सनसनी फैल गई। बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए सुपर ड्रैगन ट्रेन की पटरी से एक युवक का शव रस्सी के सहारे झूलता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही मेला परिसर में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मृतक की पहचान 20 वर्षीय अनील कुमार के रूप में हुई है। वह पटना जिले के धनारूआ थाना क्षेत्र अंतर्गत चनाकी गांव निवासी पुन्नू मांझी का पुत्र था।

अनील मेले में संचालित ह्यमां लक्ष्मी सरस्वती सुपर ड्रैगन ट्रेन में स्टाफ के रूप में कार्यरत था और ट्रेन संचालन की जिम्मेदारी संभालता था।

स्वजनों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार अनील की अपनी भाभी रेशमी से मोबाइल पर नियमित बातचीत होती थी। घटना वाले दिन भी देर रात करीब 11 बजे तक दोनों के बीच फोन पर बात हुई थी। परिजनों का कहना है कि बातचीत सामान्य थी और किसी विवाद की जानकारी नहीं है। इसके कुछ समय बाद ही उसका शव ट्रेन की करीब छह फीट ऊंची पटरी से लटका मिला।

सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमरेंद्र किशोर दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और सभी पहलुओं-आत्महत्या या अन्य कारण-की गहन जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद मेले में शोक और सन्नाटा पसरा है। पुलिस ने कहा है कि जांच पूरी होने तक किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी।

# पुलिस गिरफ्त से भाग रहे शराब माफिया की सड़क हादसे में मौत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के आयर कोठा थाना क्षेत्र से मंगलवार की दोपहर हैरान करने वाली घटना सामने आई है। दरअसल पुलिस गिरफ्त में से भाग रहे एक कथित शराब माफिया की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि इस घटना में एक पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका सदर अस्पताल सासाराम में इलाज चल रहा है। मृतक की पहचान दरिहट थाना क्षेत्र के दरिहट गांव निवासी राजदेव पाल के 25 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार उर्फ गोलू के रूप में हुई है।

घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि जिले के आयरकोठा थाने की पुलिस ने मंगलवार को स्कूटी सवार एक कथित शराब माफिया को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक पुलिसकर्मी को शराब

## मृतक को स्कूटी पर बैठाकर ले जा रहा था थाना, पुलिसकर्मी घायल

माफिया के स्कूटी पर बिठा दिया और उसे थाने चलने के लिए कहा, लेकिन इसी क्रम में शराब माफिया स्कूटी लेकर पुलिसकर्मी सहित भागने लगा और कुछ दूर जाते-जाते स्कूटी अनियंत्रित होकर एक बिजली के खंभे से जा टकराई। इस घटना में कथित शराब माफिया की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि पुलिसकर्मी आफताब आलम गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक के परिजनों के अनुसार रोहित कुमार उर्फ गोलू की आगामी 27 अप्रैल को तिलक एवं 30 अप्रैल को शादी होने वाली थी। शादी शिवसागर में तय हुई थी, जिसको लेकर दोनों घरों में तैयारीयां भी चल रही थी। घटना के बाद दोनों घरों में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है तथा घायल पुलिसकर्मी को भी इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चूंकि इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन रोहतास पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है।

# अनहोनी का भय बताकर महिला से सोने की चेन ठगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवगछिया।** नवगछिया क्षेत्र में ठगों द्वारा अलग-अलग हथकंडे अपनाकर भोले-भाले लोगों को निशाना बनाने का सिलसिला जारी है। सोमवार को नवगछिया बाजार के मुमताज मोहल्ला में ऐसी ही एक घटना सामने आई, जहां ठगों ने घर में अनुष्ठान कराने के नाम पर 75 वर्षीय वृद्ध महिला से सोने की चेन ठग ली।

मामले में पीड़िता के पुत्र अनिल कुमार शर्मा के आवेदन पर नवगछिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में बताया गया है कि घटना के समय उनकी मां घर में अकेली थीं। तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक उनके घर पहुंचे। दोनों ने खुद को जानकार बताते हुए कहा कि उनके घर पर कोई अनहोनी होने वाली है और परिवार पर संकट मंडरा रहा है। ठगों ने परिवार के सदस्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जिससे वृद्ध महिला उनके झांसे में आ गईं।



उन्होंने अनुष्ठान कर अनहोनी टालने का दावा किया और डर का माहौल बनाकर महिला से सोने की चेन मांग ली। अनुष्ठान के बहाने चेन लेने के बाद दोनों युवक मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। नवगछिया थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रविशंकर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अज्ञात व्यक्तियों की बातों में न आएं, विशेषकर जब घर में वृद्ध या महिलाएं अकेली हों। ऐसे ठग अक्सर इसी तरह डर और अंधविश्वास का सहारा लेकर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं।

# बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के निर्माण हेतु कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

पटना। मंगलवार को चाइल्ड मैरिज फ्री ग्राभ पंचायत (सीएमएफजीपी) पहल अंतर्गत कंसोर्टियम कार्यान्वयन साझेदारों के लिए एक उन्मुखी कार्यक्रम चाणक्या राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों की दिशा में समन्वय एवं प्रभावी कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम में यूनिसेफ बिहार कावच, पंचायती राज प्रतिधिधि, बिहार, बाल अधिकार केंद्र, के प्रतिनिधि तथा अन्य जमीनी स्तर के कार्यान्वयन कावच साझेदार यथा सेंटर डायरेक्ट, आदिथि, एसएसइवीएस, टीएसएन, पीआरएटलएचएएम भूमिका और बिहार कृष्ण मिशन सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



उन्मुखीकरण का मुख्य उद्देश्य कंसोर्टियम साझेदारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए रूपरेखा, कार्यान्वयन, रणनीति निगरानी तंत्र और संचार दृष्टिकोण पर साझा समझ विकसित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो (डा) एमपी सिंह, चेयर प्रो पंचायती राज एवं रजिस्ट्रार सीएनएलयू के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं लैंगिग न्याय को बढ़ावा देने में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की भूमिका पर बल दिया।

कार्यक्रम का समापन प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव सेंटर डायरेक्टर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी साझेदारों का आभार व्यक्त किया और बिहार में बाल विवाह मुक्त पंचायतों की दिशा में संयुक्त प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर मचाया तांडव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांका।** शंभुगंज बाजार में हथियार से लैस नकाबपोश बदमाशों ने ज्वेलरी दुकानदार राजा साह के घर में धावा बोलकर लाखों रुपये की संपत्ति लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने गृहस्वामी और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट भी की। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

पीड़ित राजा साह ने बताया कि रात करीब दो बजे, पांच नकाबपोश बदमाश पड़ोसी अजय साह के घर की ओर से उनके घर में प्रवेश कर गए। उस समय परिवार के सभी सदस्य भोजन कर सो रहे थे। घर में घुसते ही बदमाशों ने राजा साह और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट शुरू कर दी और हथियार के बल पर घर पर कब्जा कर लिया।

बदमाशों ने करीब 15 मिनट तक घर का ताला तोड़कर हर कमरे में सामान खंगाला। इस दौरान उन्होंने 10 हजार रुपये नकद सहित लगभग पांच लाख रुपये के आभूषण लूट लिए। घर से निकलते समय बदमाशों ने राजा साह की मां नूना देवी की कान की बाली और पत्नी सरस्वती कुमारी के गले से भी आभूषण छीन लिए।

घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू की। सूचना पर पुलिस कप्तान उपेंद्रनाथ वर्मा और एसडीपीओ अमर विश्वास भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा ने कहा कि एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई है, जो तुरंत बदमाशों की गिरफ्तारी और घटना के शीघ्र खुलासे के लिए कार्रवाई कर रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी कर रही है और सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य सुराग जुटा रही है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाने को दें, ताकि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

# नए विद्युत कनेक्शन के नियमों में हुआ बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार सरकार द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 125 यूनिट बिजली फ्री दिए जाने के बाद अब नए कनेक्शन लेने में लोगों को परेशानी हो रही है। यह परेशानी मुफ्त बिजली योजना लागू किए जाने के बाद विभाग की ओर से घरेलू बिजली कनेक्शन लेने की प्रक्रिया में किए गए बड़े बदलाव बताया गया है।

पहले आसान दस्तावेजों पर कनेक्शन मिल जाता था, वहीं अब नए नियम व सख्त सत्यापन प्रक्रिया लागू कर दिया गया है। उपभोक्ताओं को हो रही इस परेशानी को देखते हुए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पुपरी के कार्यपालक अभियंता मो. नवील अंसारी ने एक बयान जारी कर बिजली के नए कनेक्शन लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया है।

उन्होंने बताया कि अब घरेलू बिजली कनेक्शन तभी मिलेगा जब आवेदक के अपने नाम पर जमीन की रसीद होनी होगी। केवल पिता/दादा के नाम की रसीद पर अब सीधे कनेक्शन नहीं मिलेगा। इसके लिए सक्षम प्राधिकार से वैध बंटवारा नामा देना होगा। यदि एक ही परिवार के दो या अधिक भाई अलग-अलग बिजली कनेक्शन लेना चाहते हैं तो कनेक्शन तभी मिलेगा जब मकान भौतिक रूप से अलग हो, अलग प्रवेश द्वार हो, अलग रसोई व आवासीय इकाई हो, वैध बंटवारानामा उपलब्ध हो।

यह बंटवारा नामा या उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र अंचल, न्यायालय दंडाधिकारी व निबंधन कार्यालय से वैध हो और साथ में पिता-दादा की जमीन की रसीद संलग्न होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि नए विद्युत कनेक्शन वाले जगह पर पूर्व से बिजली बिल बकाया नहीं होना चाहिए। इसके अलावा व्यवसायिक कनेक्शन में किराये में है तो पंजीकृत किरायानामा, अद्यतन जमीन की रसीद लगेगा। खुद का व्यवसाय व मकान है तो अद्यतन रसीद लगेगा।

उन्होंने बताया कि अगर उक्त दस्तावेज है तो उपभोक्ता सुविधा एप से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय एक रंगीन फोटो, रंगीन आधार कार्ड की मूल प्रति व वैध दस्तावेज आनलाइन कर रिक्वेस्ट नंबर प्राप्त कर लें।

कार्यपालक अभियंता ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिल के अलावा प्रति माह लगने वाला फिक्स्ड चार्ज भी फ्री है। 125 यूनिट के बाद ही जितना यूनिट खपत होगा उसका पैसा लगेगा।

उन्होंने कहा कि पूर्व का बकाया बिल जमा करना ही होगा। उन्होंने बकाया बिल में प्रतिमाह डेढ़ प्रतिशत लगने वाले व्याज से बचने के लिए बकाया बिल अविलंब जमा करने की सलाह दी। कृषि कनेक्शन के लिए कहा कि किसान को कनेक्शन बाद सिर्फ 55 पैसा यूनिट की दर भुगतान करना है इसमें फिक्स्ड चार्ज नहीं लगता है।

यह भी बताया कि बिना मीटर वाले कृषि कनेक्शन का चार्ज 84 पैसा प्रति एचपी देय होगा। कहा कृषि कनेक्शन के लिए उपभोक्ता आवेदन करते है तो उनके बोरिंग तक विधिवत कनेक्शन दिया जाएगा।

## पुलिसकर्मी को बदमाशों ने मारी गोली

**मुजफ्फरपुर।** शहर के बेला इलाके में मंगलवार को बदमाशों ने एक पुलिसकर्मी को गोली मार दी। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। आनन-फानन में घायल को शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल व्यक्ति बेला थाने में तैनात एक पुलिसकर्मी बताया जा रहा है। घटना के दौरान पुलिसकर्मी ने साहस दिखाकर एक बदमाश को पकड़ लिया। इसके बाद आसपास के लोग भी वहां जुट गए। गुस्साए लोगों ने उसकी धुनाई कर दी।

मौके से एक पिस्टल भी जब्त किया गया है। सूचना पर बेला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि बदमाशों द्वारा दो राउंड गोली फायरिंग की गई है। इसमें एक गोली पुलिसकर्मी को लगी है।

घायल पुलिसकर्मी का नाम विकास कुमार है, जबकि हलमावर एटीएम फ्राड गिरोह के बदमाश पप्पू साहनी बताया जा रहा है।

## कांग्रेस नेता के बहु की गोली मारकर हत्या

**कटिहार।** सेमापुर थाना क्षेत्र के मोहना चांदपुर कवैया वार्ड संख्या एक में सोमवार की आधी रात कांग्रेस नेता अकमल की 30 वर्षीय बहू सरीफा खातून की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

सरीफा खातून अपने पति एहतेशाम के साथ मायके में रह रही थी। उसका ससुराल मोहना चांदपुर के झरकाहा गांव में है। ससुराल में नया घर बनने के कारण दोनों कवैया में रह रहे थे। ससुर अकमल कांग्रेस के युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव हैं।

स्वजनों के अनुसार, देर रात तीन अज्ञात घर पर पहुंचे और एहतेशाम के बारे में पूछताछ किया। बताया जाता है कि जिस स्थान पर एहतेशाम सामान्यतः सोता था, उस रात वह वहां नहीं सोया था। सरीफा खातून सोई थी। हमलावरों ने सरीफा खातून को सटाकर गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सरीफा खातून कैंसर पीड़ित थी। बहूत इलाज के बाद स्वस्थ हुई थी। मृतका के पति एहतेशाम ने बताया कि गोली की आवाज सुनकर वह दौड़ा तो एक हमलावर पिस्टल छोड़कर भाग निकला।

# रोजगार सह मार्गदर्शन मेला 21 को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पश्चिम चंपारण** । अगर आप नौकरी की तलाश में हैं और बेहतर भविष्य की उम्मीद रखते हैं, तो 21 फरवरी आपके लिए खास मौका लेकर आ रहा है। दरभंगा जिले के बेनीपुर में आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मेला युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने के लिए तैयार है। यहां निजी कंपनियों में सीधी भर्ती से लेकर कौशल विकास प्रशिक्षण तक के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। 8वीं पास से लेकर आईटीआई तक की योग्यता रखने वाले युवक-युवतियां इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। हुनर है तो कदर है—बस जरूरत है सही मंच तक पहुंचने की।

ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना की ओर से 21 फरवरी को बेनीपुर में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला का आयोजन खेल मैदान, मझौडा चौक, बेनीपुर में होगा। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी कंपनियों में सीधी भर्ती एवं कौशल विकास प्रशिक्षण से जोड़ना है। जीविका चैनफेड, तथा अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित इस मेले में विभिन्न राज्यों और शहरों के 12 कंपनियां भाग लेंगी। जिनमें सुरक्षा गार्ड, सेल्स एग्जीक्यूटिव, एलआईसी एजेंट, मल्टीपल सेक्टर, हाउसकीपिंग, ट्रेनिंग सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी।

आयु सीमा सामान्यतः 18 से 40 वर्ष तक निर्धारित की गई है, जबकि योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं या आईटीआई रखी गई है। इसके अतिरिक्त आरएसटीआई, दरभंगा द्वारा 10 से 30 दिनों का स्वरोजगार प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां इसमें भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थियों से आधार कार्ड की प्रति, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित दस्तावेज साथ में लेकर आने की अपील की गई है।

## खेत से महिला का शव बरामद

**सारण।** जिले के डेरनी थाना क्षेत्र के पिरारी गांव में एक महिला का शव मक्के के खेत में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला की मौत पारिवारिक कलह के कारण हुई या फिर हत्या कर शव को खेत में फेंका गया इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। मृतका गांव निवासी सुरेश महतो की 30 वर्षीय पत्नी मीना देवी हैं। प्रथम दृष्टया उसकी मौत को आत्महत्या माना जा रहा है। हालांकि, घर में फांसी लगाने और बाद में शव का खेत में मिलने से मामला संदिग्ध हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिससे महिला तनाव में थी। इसके बाद मीना देवी ने कथित रूप से फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। लेकिन शव का मक्के के खेत में मिलना आत्महत्या और हत्या दोनों की आशंकाओं को जन्म दे गया है।

# जीईसी के छात्रों ने सीखे डिजिटल डिजाइन के गुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बिदुपुर प्रखंड के चकसिकंदर स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (जीईसी), वैशाली में तकनीकी कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है।महाविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की ओर से वेरिलाग फॉर बिगनर्स विषय पर साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

16 फरवरी से 22 फरवरी तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान से लैस करना है। कार्यशाला का शुभारंभ कन्वीनर प्रो. प्रियंका झा, कोआर्डिनेटर प्रो. प्रेरणा एवं प्रो. नेहा चौधरी, विभागाध्यक्ष डॉ. रवि रंजन तथा अन्य फैकल्टी सदस्यों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार ने कहा कि यह कार्यशाला



बीटेक छात्र-छात्राओं के तकनीकी और व्यावहारिक कौशल को विकसित करने में मील का पत्थर साबित होगी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि विभाग का यह कदम छात्रों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने में सहायक होगा। विभागाध्यक्ष, संयोजक एवं समन्वयकों ने प्रतिभागियों को कार्यशाला के पाठ्यक्रम, उसकी उपयोगिता और आगामी सत्रों की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रो. इरफानूल हक, प्रो. निवेदिता सिंह, प्रो. कुमार विमल, डॉ. तृप्ता तथा प्रो. सुनैना सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यशाला के प्रथम दिन मुख्य वक्ता के रूप में आयरलैंड से क्वालकाम के सीनियर आरएलडी डिजाइन इंजीनियर राहुल रंजन ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

उन्होंने वेरिलाग फार बिगनर्स विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए माड्यूल, डाटा प्रकार, माडलिंग के स्तर और सिंटेक्स जैसे तकनीकी पहलुओं पर सटीक जानकारी साझा की। विशेषज्ञ से सीधे संवाद कर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आए।

# बजट सत्र आज से, प्रशासन रहेगा चौकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के षष्ठम कार्यकाल के पंचम (बजट) सत्र के मद्देनजर रांची स्थित नए विधानसभा परिसर के 750 मीटर दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। यह आदेश 18 फरवरी की प्रातः 8:00 बजे से 19 मार्च की रात्रि 10:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। हालांकि झारखंड उच्च न्यायालय को इस दायरे से बाहर रखा गया है।

यह आदेश उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री एवं अपर जिला दंडाधिकारी के संयुक्त निर्देश के आलोक में सदर अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत जारी किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंधित क्षेत्र में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का एक स्थान पर एकत्र होना वर्जित रहेगा। हालांकि सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारी एवं कर्मचारी तथा शवयात्रा को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र जैसे बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, बम, बारूद आदि तथा परंपरागत हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा, भाला आदि लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।

साथ ही धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा के आयोजन पर पूर्ण रोक रहेगी। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, सिवाय सरकारी कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि निर्धारित अवधि के दौरान आदेश का पालन करें और शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## रेल लाइन दोहरीकरण की प्रक्रिया शुरू

**समस्तीपुर।** उत्तर बिहार के रेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। 85 किलोमीटर लंबे समस्तीपुर झरोसड़ाझखगड़िया रेलखंड के दोहरीकरण की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है।

रेलवे बोर्ड की ओर से इस रेलखंड के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराने को लेकर टेंडर जारी कर दिया गया है। रेलवे के अनुसार दोहरीकरण परियोजना के पहले चरण में 2.04 करोड़ रुपये की लागत से फाइनल लोकेशन सर्वे कराया जाएगा। इस सर्वे के दौरान रेल लाइन की सटीक एलाइनमेंट तय की जाएगी। साथ ही लेवलिंग कार्य, मिट्टी की गुणवत्ता की जांच, छोटे-बड़े पुलों की डिजाइन, एल-सेक्शन तैयार करना, मात्रा विवरण (क्वांटिटी एस्टीमेट) बनाना और संपूर्ण डीपीआर तैयार करने जैसे तकनीकी कार्य किए जाएंगे। डीपीआर के आधार पर यह तय हो सकेगा कि पूरे दोहरीकरण प्रोजेक्ट में कुल कितनी लागत आएगी।

# रिश्वत लेते गिरफ्तारी के बाद किरानी सस्पेंड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** करीब 80 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पाने वाले हसपुरा अंचल के लिपिक श्लोक कुमार 10 हजार रुपये रिश्वत के लालच में जेल पहुंच गए। सोमवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की पटना से आई टीम ने उन्हें कार्यालय में ही रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद टीम उन्हें सीधे पटना ले गई, जहां मंगलवार को न्यायिक प्रक्रिया पूरी कर बेउर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई के बाद जिले के सरकारी कार्यालयों में हड़कंप मच गया। इधर, जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लिपिक को निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि के दौरान उन्हें जीवन निर्वहन भत्ता दिया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, रिश्वत लेने की शिकायत सत्यापित होने के बाद निगरानी की टीम ने जाल बिछाकर यह कार्रवाई की।लिपिक की गिरफ्तारी के बाद अंचल कार्यालय से लेकर समाहरणालय में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

बताया जा रहा है कि संबंधित लिपिक ने सीओ के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

लोगों का कहना है कि हसपुरा अंचल क्या किसी भी अंचल में बिना रिश्वत के दाखिल-खारिज का कार्य कराना मुश्किल माना जाता है। इस तरह की शिकायतें प्रतिदिन सामने आती है. लेकिन कार्रवाई के बावजूद रिश्वतखोरी बंद नहीं हो रही है।

बताया गया कि गिरफ्तार लिपिक की बहाली अनुकंपा के आधार पर करीब सात वर्ष पूर्व हुई थी। स्थापना शाखा के प्रभारी पदाधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। कम समय में अच्छी-खासी वेतन पाने के बावजूद रिश्वतखोरी में संलिप्तता ने विभाग की छवि को धूमिल किया है।विडंबना यह है कि हसपुरा अंचल लंबित मामलों के निष्पादन में राज्य स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर चुका है। राज्य में नंबर वन रैंक लाने वाला यह अंचल अब रिश्वतखोरी के मामले में चर्चा का विषय बन गया है। लोगों का कहना है कि आंकड़ों में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार की शिकायतें कम नहीं हुई हैं।

# कर्पूरी जी का जीवन समानता के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने के अथक प्रयास की मिसाल : डॉ. प्रेम कुमार

## बिहार विधान सभा में मनी जननायक की पुण्यतिथि, प्रतिमा पर माल्यार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** जननायक कर्पूरी ठाकुर का जीवन लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने, स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने के अथक प्रयास की मिसाल है। वे आजीवन शोषितों, वंचितों, पीड़ितों और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित रहे। मैं उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। ये बातें जननायक की पुण्य तिथि के अवसर पर मंगलवार को बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहीं। उन्होंने बिहार विधान सभा परिसर स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि उन्होंने विधानसभा से लेकर सड़क तक जन समस्याओं के समाधान के लिए अपनी आवाज बुलंद की। सत्ता में आने के बाद दो बार अपने मुख्यमंत्रित्व काल में सरकार को जनता तक पहुंचाने तथा बेहतर जन कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। किसानों का भू राजस्व बकाया माफ किया। भूमि पर अधिभार समाप्त किया। गरीबी-अशिक्षा के दुष्चक्र को तोड़ने के लिए दसवीं कक्षा तक शिक्षा को निःशुल्क किया। अंग्रेजी में उत्तीर्ण होने की अनिवार्यता समाप्त की। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने के लिए पहली बार अंत्योदय योजना लागू की। पिछड़ी जातियों, अति पिछड़ी जातियों, महिलाओं और उच्च जाति के गरीबों के लिए शैक्षिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू किया। सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सबके लिए प्रेरणादायी है। कर्पूरी जी का जीवन सादगी, संघर्ष, सामाजिक न्याय एवं समता मूलक समाज का प्रतीक था। उनका मानना था कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मान और अवसर प्राप्त करें तभी विकसित समाज होगा, विकसित बिहार बनेगा।

# भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली-हाजीपुर/कोलकाता।** 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के संपन्न होने की संयुक्त घोषणा की। यह समझौता भारत-यूरोपीय संघ आर्थिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है और प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ भारत की व्यापारिक भागीदारी को नई दिशा देता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसे भारत की वैश्विक आर्थिक दृष्टि की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि यह केवल व्यापार समझौता नहीं, बल्कि रणनीतिक साझेदारी का व्यापक ढांचा है। यह समझौता गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने, नियामक सहयोग बढ़ाने, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाने और डिजिटल व्यापार, बौद्धिक संपदा, स्वच्छ प्रौद्योगिकी तथा सेमीकंडक्टर जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करेगा। यह मुक्त व्यापार समझौता भारत-यूरोपीय संघ संबंधों में एक नए अध्याय की शुरुआत है और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप समावेशी, सुदृढ़ और भविष्य-उन्मुख विकास की नींव रखता है। भारत, जो विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यूरोपीय संघ, जो दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, मिलकर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 25 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। इस समझौते के तहत 99 प्रतिशत से अधिक भारतीय निर्यात को यूरोपीय संघ के बाजार में वरीयता प्राप्त पहुंच मिलेगी। इससे विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, महिलाओं, कारीगरों, युवाओं और पेशेवरों के लिए नए अवसर और रोजगार सृजन की संभावनाएं बढ़ेंगी। अनुमान है कि इस समझौते से 6.41 लाख करोड़ रुपये यानी 75 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात को गति मिलेगी। वस्त्र, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लगभग 33 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात को विशेष लाभ होगा। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में संतुलित और सावधानीपूर्वक उदारीकरण किया गया है जिससे पारस्परिक बाजार पहुंच के साथ 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा मिलेगा। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए नए अवसर खुलेंगे जबकि संवेदनशील कृषि उत्पादों और डेयरी क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है और इन क्षेत्रों में बाजार पहुंच नहीं दी गई है। सेवाओं के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाएं, शिक्षा, वित्त, पर्यटन और निर्माण जैसे क्षेत्रों के लिए व्यावसायिक रूप से सार्थक बाजार पहुंच सुनिश्चित की गई है।

# रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वी सर्किल द्वारा बेतिया-कुमारबाग नव-दोहरीकृत रेलखंड का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 9 किमी लंबे बेतिया-कुमारबाग नव-दोहरीकृत रेलखंड का 17 फरवरी को श्री गुरूप्रकाश, संरक्षा आयुक्त (रेलवे) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता ने मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया। मोटर ट्रॉली निरीक्षण के उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा कुमारबाग से बेतिया स्टेशनों के मध्य विशेष ट्रेन द्वारा 120 किमी की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा एवं निर्माण विभाग तथा समस्तीपुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत अब तक 82 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीशनिंग की जा चुकी थी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 1699 केन्द्रों पर मैट्रिक परीक्षा शुरू

## पहले दिन कदाचार के आरोप में पांच व नौ फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गये

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से प्रदेश 1,699 परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा आरंभ हुई। इसके लिए परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त दिखी। परीक्षा के पहले दिन कदाचार के आरोप में पांच परीक्षार्थियों को निष्कासित किया जबकि विभिन्न जिलों से नौ परीक्षार्थियों को दूसरे के बदले परीक्षा देते पकड़ा गया। छात्राओं के लिए प्रत्येक जिले में चार मॉडल परीक्षा केंद्र बनाए गए थे जहां छात्राओं का फूल और चंदन से स्वागत किया गया। परीक्षा समिति की ओर से आदेश था कि विद्यार्थियों को जूता-मोजा पहनकर आना नहीं आना था। विद्यार्थी चप्पल पहनकर परीक्षा में शामिल होते दिखे। परीक्षा केंद्र पर किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध था। इसके अलावा मोबाइल फोन ले जाने पर पूरी तरह रोक लगाई गई थी। बोर्ड ने ओएमआर शीट और उत्तरपुस्तिका जमा कराने का भी समय निर्धारित किया था ताकि परीक्षा संचालन में पारदर्शिता बनी रहे। बिहार बोर्ड ने सभी जिलों के डीएम, एसपी और प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा संचालन में सख्ती से निर्देशों का पालन कराने को कहा गया था। इस वर्ष की परीक्षा के लिए कुल 15,12,687 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा है जिनमें छात्राओं की संख्या 7,85,726 और छात्रों की संख्या 7,26,961 है। परीक्षा को पारदर्शी और कदाचारमुक्त बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने राज्य के सभी जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और स्वयं केंद्रों पर भ्रमणशील रहने का कड़ा निर्देश दिया था। परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में मातृभाषा विषय (हिन्दी, बंगला, उर्दू एवं मैथिली) की परीक्षा आयोजित की गयी थी। प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 09:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 12:45 बजे तक चली जिसमें 7,58,633 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। वहीं, द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02:00 बजे से शाम 05:15 बजे तक आयोजित हुई जिसमें 7,54,054 परीक्षार्थी हिस्सा लिये।

# टीएमसी के तथ्यहीन बयानों से बंगाल की जनता नहीं होगी भ्रमित : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य व विधिमंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा है कि टीएमसी के तथ्यहीन व अनर्गल बयानों से बंगाल की जनता भ्रमित नहीं होने वाली है। बंगाल की जनता इस बार बदलाव के लिए मन बना चुकी है। श्री पाण्डेय ने कहा कि टीएमसी के सांसद अभिषेक बनर्जी का बयान न केवल तथ्यहीन है, बल्कि जनता को भ्रमित करने का प्रयास भी है। उनका तथ्यहीन व अनर्गल बयान है कि अंत्येष्टि सामग्रियों पर केंद्र सरकार जीएसटी वसूल रही है जो पूरी तरह से भ्रामक और बेबुनियाद है। हकीकत है कि अंत्येष्टि सामग्रियों पर कोई टैक्स नहीं लिया जाता है। दरअसल टीएमसी सरकार जो भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति के बल पर अब तक अपनी शासन चला रही है, अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए तथ्यहीन बयानबाजी कर रही है। एसआईआर का मुद्दा हो या बंगाल के विकासहीनता, अराजकता या हिंसात्मक राजनीति, टीएमसी अब पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। श्री पाण्डेय ने कहा कि ममता सरकार के अराजक शासन के दौर में बंगाल औद्योगिक कब्रगाह बन कर रह गया है। आम बंगालियों को रोजी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ रहा है। केंद्र की अनेक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से बंगाल को वंचित रखा गया है। ऐसे में अब निराधार आरोपों की राजनीति नहीं चलने वाली है।

# कुशल युवा कार्यक्रम व सरकारी योजनाओं की दी जाएगी जानकारी : आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा/वैशाली।** जिले के एक सरकारी विद्यालय में युवाओं के मार्गदर्शन और सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शिक्षाविद् एवं समाजसेवी आनंद रंजन झा की उपस्थिति रही। उन्होंने छात्रों और युवाओं से सीधा संवाद करते हुए शिक्षा, कौशल विकास एवं कैरियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। अपने संबोधन में आनंद रंजन झा ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कुशल युवा कार्यक्रम की जानकारी सरल भाषा में देते हुए बताया कि यह योजना युवाओं को तकनीकी व व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कई प्रभावी योजनाएं चला रही है जिनका लाभ जागरूकता और समय पर आवेदन के माध्यम से लिया जा सकता है। कार्यशाला में डी.आर.सी.सी के प्रतिनिधि राकेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 19 से ज्ञान भवन में वार्षिक महिला उद्यमी फागुनोत्सव का आयोजन

**मंत्री दिलीप जयसवाल एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह करेंगी मेला का उद्घाटन**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** गांधी मैदान स्थित ज्ञान भवन में बिहार महिला उद्योग संघ द्वारा आयोजित महिला उद्यमी फागुनोत्सव 2026 का आयोजन 19 फरवरी से 23 फरवरी तक किया जा रहा है। ज्ञान भवन के वातानुकूलित बहु-उद्देशीय हॉल में लगाया जाने वाला यह मेला महिला उद्यमियों द्वारा लगाया जाने वाला बिहार का सबसे बड़ा मेला है। मेला में महिला उद्यमियों के साथ नाबार्ड, डब्लूसीडीसी, उद्योग विभाग बिहार सरकार, सिडबी एवं बीआडा तथा अन्य सरकारी व गैर सरकारी एजेंसियां शामिल हो रही है। स्थानीय बीआईए सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मेले की जानकारी देते हुए बिहार महिला उद्योग संघ की अध्यक्ष उषा झा ने बताया कि भारत के विभिन्न राज्यों के लगभग 225 से अधिक स्टॉल वाले इस मेले का उद्घाटन उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह के कर - कमलों द्वारा किया जायेगा।

# जेइइ मेन में राज्य में टॉप किए शुभम कुमार को विस अध्यक्ष ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना ।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जेईई मेन 2026 के प्रथम चरण के परिणाम में बिहार में फर्स्ट आए गया जी के शुभम कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कहा- यह अत्यंत गौरव का विषय है कि वे सौ पर्सेंटाइल लाकर बिहार में अव्वल आने के साथ देशभर में तीसरे स्थान पर रहे हैं। यह उनकी प्रतिभा का परिचायक है। वे मेधावी छात्र शुभम कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

# उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लोकगीत अभियान 'गाड़ी गीत' शुरू की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने आज 'गाड़ी गीत' नाम से एक विशेष स्थानीय अभियान की शुरुआत की जो बिहार की संस्कृति से जुड़ा है। लोक संगीत हमेशा से लोगों की भावनाओं, आपसी जुड़ाव, रोजमर्रा की खुशियों, मजाक और सामाजिक रिश्तों को पीढ़ी दर पीढ़ी जोड़ने का मजबूत जरिया रहा है। पारंपरिक रूप से 'गारी गीत' अपनी चुटीली शैली और हल्के-फुल्के तंज भरे बोलों के लिए जाना जाता है। 'गाड़ी गीत' के लिए बैंक ने उसी पहचान वाली धुन और लय को बनाए रखा है, लेकिन उसके बोलों को सकारात्मक और जश्न के रंग में ढाला है।

इस तरह स्थानीय संगीत की ताकत का इस्तेमाल करते हुए यह अभियान सपनों, तरक्की और रोजमर्रा की गतिशीलता जैसे संदेशों को सरल और सम्मानजनक तरीके से लोगों तक पहुंचाता है। 'गाड़ी गीत' को पूरी तरह असली अंदाज में पेश करने के लिए उज्जीवन ने मशहूर क्षेत्रीय कलाकार रागिनी विश्वकर्मा के साथ सहयोग किया। उन्होंने इस गीत को तैयार किया और अपनी आवाज दी जिसमें स्थानीय बोली, संगीत शैली और बिहार की सांस्कृतिक झलक साफ महसूस होती है। पारंपरिक धुन, लय और लोक रंग को बरकरार रखते हुए यह अभियान अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है और ग्राहकों से सीधा जुड़ाव बनाता है।

# आज से तीन दिन प्राउटिष्ट सर्व समाज कार्यकर्ता का सम्मेलन

## 20 फरवरी को गर्दनीबाग, पटना में विशाल शांतिपूर्ण धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्राउटिष्ट सर्व समाज कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन पटना में 18, 19, 20 फरवरी, 2026 तक होगा। यह जानकारी सम्मेलन के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रद्युम्न नारायण सिंह ने आज आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दिया। सिंह ने बताया कि आयोजन के अंतिम दिन 20 फरवरी को गर्दनीबाग, पटना में विशाल धरना का आयोजन भी किया गया है। सिंह ने बताया कि आज देश गंभीर समस्याओं का सामना कर रहा है। बढ़ती आर्थिक असमानता व्यापक बेरोजगारी और आर्थिक असुरक्षा किसानों, मजदूरों और आम जनता का शोषण भ्रष्टाचार और संसाधनों का केंद्रीकरण युवाओं के भविष्य को लेकर बढ़ती चिंता। इन समस्याओं के समाधान हेतु एक न्यायपूर्ण, संतुलित एवं मानव-केन्द्रित आर्थिक व्यवस्था की आवश्यकता है। मौके पर पूर्वी क्षेत्र उपाध्यक्ष आचार्य रणधीर देव ने बताया कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य है कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को संगठित एवं प्रशिक्षित करना। वर्तमान परिस्थितियों में प्राउत के व्यावहारिक अनुप्रयोग पर चर्चा करना तथा संगठनात्मक रणनीति एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का निर्माण करना। कार्यक्रम के अंतिम दिन 20 फरवरी को प्राउटिस्ट सर्व समाज समिति द्वारा गर्दनीबाग, पटना में एक विशाल शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

# बोधगया में खुलेगा खादी ग्लोबल शो रूम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया जी ।** बोधगया अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल है। यहां सालभर देश के विभिन्न हिस्सों समेत अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आते हैं। खादी को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने की दिशा में यहां पर 'खादी ग्लोबल शो रूम' के माध्यम से प्रदर्शन सह बिक्री को गति दी जाएगी। ये बातें केन्द्रीय मंत्री एमएसएमई जीतन राम मांझी ने मंगलवार को यहां कहीं। वे होटल वेलकम बोधगया में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में बोधगया में 'खादी ग्लोबल शो रूम' खोले जाने के लिए जगह के चयन एवं संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। 'खादी ग्लोबल शो रूम' खोले जाने के लिए भूमि का निरीक्षण किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी खादी और ग्रामोद्योग आयोग रूप राशि, संयुक्त सचिव, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय विपुल गोयल, राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग डॉ. मोहम्मद हनीफ मेवाती, उप निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग सेंथिल कुमार, अमन समीर- निदेशक, शशांक शुभंकर- डीएम गयाजी, सुश्री वंदना- महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, गयाजी आदि ने भाग लिया।

# विभिन्न दलों के नेताओं ने कृष्णा अल्लावारू और राजेश राम के समक्ष ली कांग्रेस की सदस्यता

**महिलाओं की सुरक्षा खतरे में, ऋण देकर कर्जदार बना रही एनडीए सरकार : राजेश राम**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित मिलन समारोह में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के हाथों राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ ठाकुर और उनके पुत्र प्रदेश प्रवक्ता राहुल कुमार एवं अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजद नेत्री नीलम परवीन के साथ हजारों की संख्या में उनके समर्थकों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि आज हमारी देश की गोपनीय सूचनाएं डाटा के रूप में और देश की संपत्तियों को देश के अंदर छिपे जयचंद अमेरिका के हाथों लगातार सौंप रहे हैं। देश की कमान संभाल रहे जयचंद के कारण हमारे देश की संप्रभुता खतरे में हैं। आईटी सेक्टर से लेकर खेती तक अमेरिका के हाथों में सौंप कर देश को खोखले करने वाली पार्टी सत्ता में स्थापित है और लगातार देश को छलने का काम कर रही है। ऐसे में युवाओं और किसानों के साथ सभी वर्ग के लोग परेशान है और वर्तमान सरकार की नीतियों के खिलाफ हो चुके हैं और कांग्रेस पार्टी के तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं। साथ ही नए नेताओं के शामिल होने से सामाजिक न्याय की लड़ाई और मजबूत होगी।

# मानव तस्करी मामले में तीन गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने मानव तस्करी के मामले में आज गिरफ्तार किए गए तीन लोगों को न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिला निवासी अभयनाथ दुबे और रोहित यादव तथा बिहार के मधुबनी जिला निवासी अभिरंजन कुमार को गिरफ्तार करने के बाद आज विशेष प्रभारी न्यायाधीश मधुकर सिंह की अदालत में पेश किया जहां न्यायालय ने इन तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में लेने के बाद 2 मार्च 2026 तक के लिए जेल भेजे जाने का आदेश दिया। आरोप के अनुसार अभियुक्त भारतीय युवाओं को नौकरी के नाम पर विदेश भेजते थे जहां उनसे जाली कॉल सेंटर में साइबर फ्रॉड का काम कराया जाता था। मामले में अंतरराष्ट्रीय संलिप्तता के कारण जांच एनआईए को सौंपी गयी जो अपनी प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है। पूर्व में मामले की मूल प्राथमिकी वर्ष 2024 में बिहार के गोपालगंज थाने में दर्ज की गई थी।

# आइआइएफएल फाइनेंस ने 2000 करोड के बांड जारी किए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** देश की प्रमुख एनबीएफसी आइआइएफएल फाइनेंस लिमिटेड ने रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) का पब्लिक इश्यू 17 फरवरी, 2026 से जारी करने की घोषणा की है। इश्यू साइज 500 करोड़ रुपये है जिसमें 1,500 करोड़ रुपये तक का ग्रीन-शू विकल्प शामिल है। इस तरह कुल इश्यू साइज 2,000 करोड़ रुपये तक होगा। इस एनसीडी द्वारा 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक का प्रभावी रिटर्न मिलेगा। यह 24, 36 और 60 महीनों की अवधि के लिए उपलब्ध है। ब्याज का भुगतान मासिक, वार्षिक या मैच्योरिटी पर किया जा सकेगा। इश्यू को क्रिसिल एए/स्टेबल और बीडब्ल्यूआर एए प्लस (स्टेबल) रेटिंग प्राप्त है, जो कम क्रेडिट जोखिम को दर्शाता है।

# बाल विवाह मुक्त होने से समाज होगा सशक्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** चाइल्ड मैरिज फ्री ग्राम पंचायत पहल के अंतर्गत कंसोर्टियम कार्यान्वयन साझेदारों के लिए एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय पटना में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों की दिशा में समन्वय एवं प्रभावी कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में यूनिसेफ बिहार, कावच (बीएटी), पंचायती राज प्रतिनिधि (सीएनएलयू), यूएनएफपीए बिहार, चाइल्ड राइट्स सेंटर (बाल अधिकार केंद्र) के प्रतिनिधि तथा अन्य जमीनी स्तर के कार्यान्वयन कावच साझेदार जैसे सेंटर डायरेक्ट, आदिथि, एसएसईवीएस, टीएसएन. प्रथा, भूमिका विहार और श्री कृष्ण मिशन सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्मुखीकरण का मुख्य उद्देश्य कंसोर्टियम साझेदारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए रूपरेखा, कार्यान्वयन रणनीति, निगरानी तंत्र और संचार दृष्टिकोण पर साझा समझ विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. (डॉ.) एसपी सिंह, चेयर प्रोफेसर (पंचायती राज) एवं रजिस्ट्रार, सीएनएलयू के स्वागत संबोधन से हुआ। उन्होंने बाल अधिकारों की सुरक्षा एवं लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने में स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। अभिजीत दे. सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर स्टेट (बिहार), कावच, ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट ने जमीनी स्तर पर बाल विवाह की रोकथाम हेतु सहयोगात्मक कार्रवाई, तंत्र सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया। पहल का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए श्री बंकु बिहारी सरकार, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट, यूनिसेफ बिहार ने चाइल्ड मैरिज फ्री ग्राम पंचायत पहल की दृष्टि, कार्यान्वयन रूपरेखा और अपेक्षित परिणामों को साझा किया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण समानांतर समूह कार्य सत्र रहे जिनमें प्रतिभागियों ने कई विषयों पर संरचित चर्चा की जिसमें 18 माह की कार्ययोजना का निर्माण, निगरानी संकेतकों की पहचान, रिपोर्टिंग प्रारूप एवं चेकलिस्ट का डिजाइन, अभियान एवं संचार रणनीतियां, समूह चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने मसौदा दिशानिर्देशों की सामूहिक समीक्षा की।

# डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाएंगे केनव्यू के दो नए उत्पाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** डायरिया के कारण होने वाले डिहाइड्रेशन से बचने और रोजमर्रा की हाइड्रेशन जरूरतों को पूरा करने के लिए लोगों के पास अब और विकल्प होंगे। देश की जानी-मानी हेल्थकेयर कंपनी केनव्यू ने इन जरूरतों को देखते हुए दो नए उत्पाद पेश कर दिए हैं। भारत में अपने हाइड्रेशन पोर्टफोलियो को मजबूत करते हुए केनव्यू ने ओआरएसएल और ईआरजेडएल नाम के दो अलग-अलग ब्रांड पेश किए हैं। कंपनी का कहना है कि देश में डिहाइड्रेशन एक अहम स्वास्थ्य समस्या है और इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। केनव्यू इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष आनंदानी ने कहा कि कंपनी लंबे समय से हाइड्रेशन के क्षेत्र में काम कर रही है और अब दो-ब्रांड रणनीति के जरिए बीमारी के दौरान और रोजमर्रा की देखभाल-दोनों जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करेगी। उन्होंने बताया कि भारत में इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी इस क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संपादकीय

# व्यापारिक समझौता, शब्दों का फेर या कूटनीतिक जीत?

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का अंतिम स्वरूप में पहुंचना अभी बाकी है, लेकिन इस बीच इसके अहम बिंदुओं के नफे-नुकसान के मसले पर जो बहस चल रही है, उसके असर भी सामने आ रहे हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते के शुरुआती स्वरूप में कई अन्य अमेरिकी वस्तुओं सहित कुछ दालों पर भी भारत की ओर से शुल्क कम या समाप्त करने की खबर आई थी।मगर भविष्य में भारतीय कृषि और किसानों पर इसका व्यापक असर पड़ने की आशंका जताई गई। अब अमेरिका की ओर से जारी नए तथ्य-पत्र में कई महत्त्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं और कुछ शब्दों में भी बदलाव किया गया है। मसलन, समझौते के प्रारूप में पहले जहां भारत की ओर से पांच सौ अरब डालर से अधिक मूल्य के अमेरिकी उत्पाद खरीदने को 'प्रतिबद्धता' बताया गया था।वहीं संशोधित संस्करण में इसे खरीदने के 'इरादे' के रूप में पेश किया गया है। यानी यह नियम अब भारत के लिए बाध्यकारी नहीं होगा। इसके अलावा, संशोधन के बाद समझौते के प्रारूप में से कई कृषि वस्तुओं, खासकर दालों को इस सूची से बाहर करने की खबर है। इसके बाद स्वाभाविक ही भारतीय कृषि क्षेत्र में अमेरिका की ओर से खड़ी होने वाली प्रतिस्पर्धा से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। यों भी, भारत दालों के मामले में विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक देश है।इसी वजह से खासतौर पर दालों को किसी भी व्यापार समझौते में कृषि क्षेत्र के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दा माना जाता रहा है। हाल ही में जब दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते में सहमति के स्तर तक पहुंचने की खबरें आई थीं, तब अमेरिका की ओर से शुल्क अठारह फीसद करने सहित इसके सकारात्मक पहलुओं की खासी चर्चा हुई थी। मगर कृषि तथा अन्य उत्पादों के संबंध में भारत के रुख को लेकर कई तरह की चिंता भी उभरी थी।यह आशंका जताई गई कि अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों तथा अन्य वस्तुओं को भारत में निर्बाध छूट दी गई, तो यहां के कृषि क्षेत्र पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। इसीलिए किसानों की ओर से विरोध के स्वर भी उभरे। विपक्षी दलों ने भी ऊर्जा सुरक्षा और किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया।इन उतार-चढ़ावों के बीच व्यापार समझौते के प्रारूप में अब जिन बदलावों की खबर आई है, वह भारत के लिए सकारात्मक और राहत की बात साबित हो सकती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत और अमेरिका के बीच कारोबारी साझेदारी कसौटी पर तभी उचित साबित हो सकती है, जब इसमें परस्पर और समान हित पर आधारित शर्तें शामिल हों। अंतरराष्टीय व्यापार के मामले में अमेरिका और भारत की स्थिति को एक समान आधार पर नहीं देखा जा सकता।इसलिए दोनों देशों के बीच होने वाले समझौते में संतुलन के कारक संदर्भों पर निर्भर करेंगे।

**एक मिनट के लिए कल्पना कीजिए कि नोएडा में गड्ढे में गिरे युवराज की जगह कोई आधुनिक शब्दावली में कहें तो किसी वीआईपी का बेटा होता, सेलिब्रिटी होता या फिर किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्ती का पारिवारिक होता तो क्या तंत्र उसी तरह खड़ा रहता, जिस तरह खड़ा रहा और युवराज डूब जाता। हमने जिस प्रशासनिक और लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया है, उसमें तंत्र की जवाबदेही लोक के प्रति है। हम चाहे जितना भी गर्व करें, लेकिन तंत्र की जवाबदेही के केंद्र में लोक की बजाय अभिजात्य है। यही वजह है कि संकट के क्षणों में हमारे तंत्र को लोक के प्रति जैसी त्वरित भूमिका निभानी चाहिए, वह निभाता नहीं दिखता। लेकिन यदि इसी तंत्र को पता चले कि लोक के बीच कोई अभिजात्य पहचान, महत्वपूर्ण नेता, उद्योगपति, सेलिब्रिटी आदि भी संकटग्रस्त है, हमारे तंत्र की प्रतिक्रिया त्वरित और गहन होती है। तंत्र की सोच की यह खोट ही है कि संकटग्रस्त आम आदमी के लिए त्वरित प्रतिक्रियाएं अपवादस्वरूप ही दिखती हैं।**

# तंत्र में लोक को प्रतिष्ठित कीजिए

**(उमेश चतुर्वेदी )**

ऑर्ट ऑफ द स्टेट सिटी के रूप में विकसित हो रहे नोएडा में इंजीनियर युवराज के लापरवाही और प्रशासनिक भ्रष्टाचार के मेल से खोदे गए गहरे गड्ढे में डूबने से हुई मौत हो या फिर राष्टीय राजधानी दिल्ली के ठीक बीच में जलनिगम के गड्ढे में गिरने से हुई कमल की मौत, भ्रष्टाचार और लापरवाही ही नहीं, तंत्र की सोच को भी जाहिर करती है। एक मिनट के लिए कल्पना कीजिए कि नोएडा में गड्ढे में गिरे युवराज की जगह कोई आधुनिक शब्दावली में कहें तो किसी वीआईपी का बेटा होता, सेलिब्रिटी होता या फिर किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्ती का पारिवारिक होता तो क्या तंत्र उसी तरह खड़ा रहता, जिस तरह खड़ा रहा और युवराज डूब जाता। कुछ इसी अंदाज में एक बारगी सोचिए कि क्या दिल्ली के बीच में जलनिगम के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरे कमल की जगह कोई नेता पुत्र होता, किसी बड़े प्रशासनिक अधिकारी का बेटा होता या फिर किसी बड़े कारोबारी का बच्चा होता तो क्या पुलिस उसी तरह की प्रतिक्रिया करती, जैसा उसने इस मामले में किया। कमल के घर वालों ने देर रात ही पुलिस से संपर्क करने की कोशिश की थी, लेकिन पुलिस का आम दिनों की तरह कहना था कि सुबह आना। दिल्ली पुलिस का ध्येय वाक्य है, सदैव आपके साथ। लेकिन सदैव का उसका साथ सिर्फ वीआईपी के लिए होता है, आम लोगों के लिए नहीं। अगर पुलिस उसी समय सक्रिय हुई होती, उसने सीसीटीवी फुटेज देखे होते तो क्या वह कमल तक नहीं पहुंच जाती ?

कमल के गड्ढे में गिरने की जानकारी एक राहगीर ने पास ही स्थित एक कैफे के सुरक्षा गार्ड को दी थी, सुरक्षा गार्ड ने जलबोर्ड कर्मी योगेश को जानकारी दी, योगेश ने ठेकेदार राजेश प्रजापति को फोन कर इसकी जानकारी दी। राजेश घटनास्थल पर आया, लेकिन पुलिस को किसी ने जानकारी नहीं दी। कैफै का गार्ड हो या फिर जलबोर्ड का कर्मी या फिर ठेकेदार, उन्होंने इस घटना को सामान्य तौर पर लिया। संजीदगी किसी ने नहीं दिखाई। सिर्फ इसलिए कि उनके चेतन-अवचेतन में कहीं न कहीं यह बात बैठी हुई है कि गिरने वाला कोई वीआईपी थोड़े ही है कि कुछ होगा। सभी ने सोचा कि देर रात हो गई है, चलो सो जाते हैं। नागरिक हो या कर्मचारी या फिर तंत्र का जिम्मेदार तबका, उनकी ऐसी सोच हमारी सामाजिक और शासन व्यवस्था का कड़वा सच है। सवाल यह है कि क्या हमने लोकतंत्र की जो कल्पना की थी,



उसके तहत ऐसी घटनाओं और ऐसी सोच की परिणति की कल्पना की थी?

उदारीकरण के बाद हमने आर्थिक चमक-दमक को बढ़ाने के साथ ही शहरीकरण पर जोर दिया है। शहरीकरण ने आर्थिक लाभ-हानि की बुनियाद पर ही आगे बढ़ने वाली हमारी सोच को विकसित किया है। ग्रामीण सभ्यता वाले अपने देश को हम पूरी तरह शहरीकृत करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। शहर माने सभ्यता का पाठ हमने पढ़ लिया है और उसे ही हकीकत बनाने पर तुले हुए हैं। आधुनिक लोकतंत्र को अगर शहरीकृत लोकतंत्र कहें तो हैरत नहीं होनी चाहिए। शहरीकृत लोकतंत्र की अवधारणा को जाने-अनजाने हमारे मीडिया ने भी बढ़ावा दिया है। व्यक्ति को महत्वपूर्ण मानने की बजाय हमने उसकी पृष्ठभूमि को अहम मान लिया है। मीडिया भी शहरों में होने वाली दुर्घटनाओं और घटनाओं को जब रिपोर्ट करता है तो वह हैरतअंगेज अंदाज में दिखाने की कोशिश करता है कि शहर में ऐसा हो गया तो बाकी देश का क्या हाल होगा। लोकतंत्र में वोट चाहे शहर के वोटर का हो या गांव के वोटर का, उसकी कीमत एक बराबर है। लेकिन जब यही लोकतांत्रिक व्यवस्था व्यक्तियों के साथ ट्रीटमेंट करने लगती है तो वह इस बराबरी की अवधारणा को भूल जाती है और फिर शहरी नागरिक को ग्रामीण लोक की तुलना में ज्यादा तरजीह देने लगती है। ऐसा करते वक्त उसे भान नहीं रहता कि भारत का समूचा इतिहास, चाहे वह आर्थिक हो, राजनीतिक हो या फिर सांस्कृतिक, ग्रामीण व्यवस्था केंद्रित रहा है। ऐसा नहीं कि गांवों में दुश्मनियां नहीं रहीं, लेकिन गांवों के सोच की बुनियाद आधुनिक शहर केंद्रित सोच की तुलना में हमेशा ज्यादा उदार रही। यह उदारता आधुनिक दौर में भी दिखती है। जब किसी गांव की नहर में कोई कार गिर जाती है तो पूरा गांव उस कार को निकालने दौड़ पड़ता है। जब नदी में कोई महिला आत्महत्या के लिए कूद जाती है तो वहां का लोक उसे बचाने के लिए अपने जान की बाजी लगा देता है। कभी आग लग जाती है तो लोग वहां फायर ब्रिगेड का इंतजार नहीं करते, अपनी बाल्टी, कटोरे से ही आग बुझाने में जुट जाते हैं। गांधी भारतीय गांवों की इस गहन सोच को समझते थे, इसीलिए उन्होंने अपने संविधान में व्यक्ति की बजाय गांवों को मूल इकाई बनाने का सुझाव दिया था। लेकिन चाहे बाबा साहब अंबेडकर हों या पंडित जवाहर लाल नेहरू, उन्होंने इसे दकियानुसी और पिछड़ी सोच बताते हुए खारिज कर दिया था। संविधान ने भारतीय नागरिक को व्यवस्था की मूल इकाई माना है। लेकिन इस इकाई का महत्व सिर्फ वोट हासिल करने के लिए होता है, जब ट्रीटमेंट का सवाल उठता है तो हमेशा लोक और आम पर वीआईपी, ग्रामीण पर शहरी को तरजीह दी जाती है। इसीलिए संकट के क्षणों में तंत्र की प्रतिक्रिया एक जैसी नहीं होती। जैसे ही तंत्र को पता चलता है कि संकट में वीआईपी है तो वह बिजली की गति से सक्रिय हो जाता है। सिर्फ राहत के लिए ही नहीं, वीआईपी की सहूलियत के लिए भी, लेकिन संकट ग्रस्त लोक होता है तो उसकी कई बार वह अनदेखी करता है, तो कई बार उस पर मिट्टी भी डाल देता है। उसने एक बार फिर तंत्र की इसी खामी की ओर इशारा दिलाया है। ऐसे हादसों की जांच होगी, ऐसी घटना ना हो, इसके लिए तंत्र की ओर कदम भी उठाए जाएंगे। दोषी और जवाबदेह लोगों को दंडित करने की बात भी होगी, लेकिन यहां भी पृष्ठभूमि का असर दिखेगा। अधिकारी बच जाएंगे और लीपापोती करने के लिए एकाध निचले तबके के कर्मचारी को दंडित कर दिया जाएगा। फिर इसे भुला दिया जाएगा, फिर तंत्र उसी ढर्रे पर काम करेगा, आने वाले कुछ दिनों में फिर वैसा हादसा होगा और फिर पुराने ढर्रे की तरह तंत्र काम करेगा। जब तक हम अपने तंत्र की सोच से वीआईपी को इरेज नहीं करेंगे, जब तक हम लोक को सही मायने में प्रतिष्ठित नहीं करेंगे, जब तक नौकरशाही को लोक के प्रति जवाबदेह बनाने की सोच के साथ प्रशिक्षित नहीं करेंगे, तंत्र में बुनियाद बदलाव संभव नहीं। आजादी की अस्सीवीं सालगिरह नजदीक आ रही है। इस मौके पर हमें पीछे मुड़कर देखना होगा और अपने तंत्र की सोच में मौजूद खामियों की ओर ध्यान देना होगा। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या हम इस तरह सोचने और खामियों को दूर करके तंत्र में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में आगे बढ़ने को तैयार हैं? (लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# एआई इम्पैक्ट सम्मिट 2026 के नीतिगत-समूहगत वैश्विक मायने

**(कमलेश पांडे )**

एआई इम्पैक्ट समिट को सात 'चक्रों' (फोकस एरियाज) में बांटा गया है, जो कार्यशालाओं, पैनल चर्चाओं और उच्च-स्तरीय बैठकों के रूप में आयोजित होंगे। पहला, डेमोक्रेटाइजिंग एआई रिसोर्सेज यानी सार्वजनिक एआई संसाधनों को किफायती बनाना (भारत, मिस्र, केन्या सह-अध्यक्ष)। दूसरा, वैश्विक प्रभाव चुनौतियां यानी समावेशी ढ्ढ नवाचारों को प्रोत्साहन।

एआई इम्पैक्ट समिट 2026 भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली में 16-20 फरवरी 2026 को आयोजित एक प्रमुख वैश्विक आयोजन है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जिम्मेदार और समावेशी विकास पर केंद्रित है। यह समिट ग्लोबल साउथ के लिए पहला बड़ाढ्ढ शिखर सम्मेलन है, जो 100+ देशों से 35,000+ प्रतिनिधियों को एकजुट कर रहा है। देखा जाए तो यह समिट इंडिया एआई मिशन के तहत आयोजित हो रहा है, जिसमें राष्ट्राध्यक्ष, मंत्री, उद्योग नेता, शोधकर्ता और सिविल सोसाइटी शामिल होंगे।

वास्तव में यह आयोजन यूके एआई सेफ्टी सिमट सियूल एआई सिमट जैसे पूर्व आयोजनों की निरंतरता में वैश्विक एआई सहयोग को मजबूत करेगा। जिसका मुख्य थीम 'पीपुल, प्लैनेट, प्रोग्रेस' है। ये नीतियों को व्यावहारिक प्रभाव में बदलने पर जोर देता है। इस समिट का वैश्विक महत्व यह है कि एआई इम्पैक्ट समिट ढ्ढ के लोकतंत्रीकरण पर फोकस करता है, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए संसाधनों को सुलभ बनाने हेतु सक्रिय किया गया है।

वहीं, भारत की पूरक नवाचार क्षमता ग्लोबल एआई नेतृत्व स्थापित करने में मदद करेगी, साथ ही जिम्मेदार एआई शासन के मानकों को आकार देगी। इसमें 16 देशों के राष्ट्राध्यक्षों की भागीदारी आर्थिक कूटनीति और विकासशील राष्ट्रों की आवाज को मजबूत करेगी। इसकी प्रमुख पहलें इस प्रकार हैं जो डेमोक्रेटाइजिंग एआई रिसोर्सेज वर्किंग ग्रुप (भारत, मिस्र, केन्या सह-अध्यक्ष) सार्वजनिक एआई संसाधनों को किफायती बनाने पर काम कर रहा है।

जहां तक इसके वैश्विक प्रभाव की बात है तो इससे जुड़ीं चुनौतियां समावेशी एआई नवाचारों को प्रोत्साहित करेंगी। लिहाजा यह समिट एआई को आर्थिक-रणनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित कर वैश्विक विभाजन को पाटेगा। दरअसल, एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का मुख्य एजेंडा एआई को जिम्मेदार, समावेशी और प्रभावी बनाने पर केंद्रित है, जो तीन सूत्रों–लोग , ग्रह और प्रगति पर आधारित है। यह एजेंडा एक्शन से इंपैक्ट की ओर बढ़ने पर जोर देता है, जिसमें नीतियों को व्यावहारिक बदलावों में बदलना शामिल है।

जहां तक इसके अपेक्षित परिणाम की बात है तो ये सत्र 100+ देशों के नेताओं, वैज्ञानिकों और उद्योगपतियों को जोड़कर वैश्विक एआई शासन के मानक स्थापित करेंगे। यह समिट 16-20 फरवरी को नई दिल्ली में चल रहा है, जो ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को मजबूत करेगा।

दरअसल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 से अपेक्षित प्रमुख परिणाम जिम्मेदार एआई के वैश्विक मानकों को मजबूत करना और ग्लोबल साउथ के लिए समावेशी विकास को बढ़ावा देना हैं। यह समिट मापने योग्य प्रभावों पर केंद्रित है, जैसे एआई संसाधनों का लोकतंत्रीकरण और नीतिगत सहमति। इस दौरान नीतिगत समझौते भी होंगे।

इस समिट से एआई शासन के लिए सात कार्य समूहों (चक्रों) के माध्यम से ठोस प्रतिबद्धताएं अपेक्षित हैं, जिनमें डेमोक्रेटाइजिंग एआई रिसोर्सेज और सुरक्षित एआई पर फोकस शामिल है। वास्तव में ये समझौते स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का विस्तार सुनिश्चित करेंगे। जहां तक इसके आर्थिक-सामाजिक प्रभाव की बात है तो वैश्विक दक्षिण में कौशल विकास, सतत एआई समाधान और समावेशी नवाचारों को प्रोत्साहन मिलेगा, जो असमानताओं को कम करेगा। भारत के नेतृत्व में 100+ देशों की भागीदारी से आर्थिक कूटनीति मजबूत होगी। इसके दीर्घकालिक परिणाम भी सकारात्मक मिलेंगे। रिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक।इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मनोरंजन के नहीं मौत का कारण बनते ऑनलाइन गेम

**ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया मुख्यतौर से दो दिशाओं में चलती है। एक टास्कबेस्ड गेम है तो दूसरे इमर्सिव गेम है। टास्कबेस्ड गेम में लगातार नए नए टास्क दिए जाते हैं। यहां तक कि ऐसा भी देखा गया है कि इस तरह के गेम में कई बार तो खेलने वाले को स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले टास्क दे दिए जाते हैं। कोरियन लवर गेम के चलते गाजियाबाद की तीन बहनों की खुदकुशी ने आज के हालात और बच्चों की बदलती मानसिकता को लेकर झकझोर कर रख दिया है।**

**(डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा )**

अभी तीन बहनों की चिता की आग ठंड़ी भी नहीं हुई कि ऑनलाइन गेम के चलते मेरठ का 22 वर्षीय युवक मोहम्मद कैफ हेडफोन लगाकार गेम खेलते खेलते ही बेहोश होकर गिर गया और ब्रेन हेमरेज होने से मौत के आगोश में समा गया। इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रुप में देखा व समझा जा सकता है। इस तरह की घटनाएं देश दुनिया में आये दिन हो रही है और इनमें से कुछ ही घटनाएं हमारे सामने आ पाती है। ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के ही बच्चे या युवा आ रहे हो ऐसा है नहीं अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो चार हो रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को हत्या के रुप में ही देखा जाना चाहिए। आत्महत्या कहकर इसे हल्का किया जा रहा है।

हालात यहां तक है कि बच्चे या ऑनलाइन गेम खेलने वाले रात को सोने की स्थिति में गेम में चल रहे टास्क स संबंधित बातें बोलते हुए देखे जा सकते हैं। पिछले दिनों ऑनलाइन गेम से ग्रसित बच्चे द्वारा नींद में फायर फायर चिल्लाने का समाचार आम होता देखा गया। दरअसल ऑनलाइन गेम खेल मनोस्थिति को इस कदर प्रीभावित कर देते हैं कि उठते बैठते टास्क ही टास्क दिमाग में घूमता रहा है। इसी कारण से दुनिया के कई देशों में बच्चों के लिए इंटरनेट के उपयोग को लेकर सख्ती या रोक जैसे कदम उठाने शुरु किये हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिट्रेन, सिंगापुर दक्षिण कोरिया आदि देश इस दिषा में सक्रिय हुए हैं। दरअसल देखा जाएं तो आनलाइन गेम की लत अन्य नशों से भी अधिक गंभीर होती जा रही है। माना जाता है कि दुनिया के देशों में 1982 में आनलाइन गेमिंग के चलते पहली मौत का मामला सामने आया था जबकि उस समय तो इंटरनेट की पहुंच एक प्रतिशत तक भी नहीं थी। 2002 के बाद ऑनलाइन गेमों की बाढ़ सी आ गई और भारत ही नहीं दुनिया के देशों में गेमिंग के चलते होने वाले दुष्प्रभावों से हिला कर रख दिया है। देखा जाए तो जहां तक बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग के चस्के का प्रमुख कारण माना जाए तो इसे कोविड के साइड इफेक्ट के रुप में देखा जा सकता है। दरअसल कोविड के चलते बच्चों की जिस तरह से ऑनलाइन कक्षाएं शुरु हुई और जिस तरह से आज भी इसे देखा जा सकता है तो बच्चों के हाथों में एंड्रायड़ फोन आने और ऑनलाइन कक्षाओं के बाद स्क्रिन की अवधि बढ़ने और आकर्षक भ्रमित करने वाले गेमों से बच्चों के जुड़ने से हालात दिन प्रतिदिन खराब ही हुए हैं। इस लत में बच्चें ही नहीं अपितु युवा भी आते जा रहे हैं। ब्लू व्हेल चैलेंज, पबजी, चोकिंग गेम, फार्टनाइट, फ्री फायर, पपी प्ले टाइम, द बेबी इन येलो, एविल नन, आइसक्रीम आदि आदि गेमों ने सर्वाधिक प्रभावित किया है।



ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया मुख्यतौर से दो दिशाओं में चलती है। एक टास्कबेस्ड गेम है तो दूसरे इमर्सिव गेम है। टास्कबेस्ड गेम में लगातार नए नए टास्क दिए जाते हैं। यहां तक कि ऐसा भी देखा गया है कि इस तरह के गेम में कई बार तो खेलने वाले को स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले टास्क दे दिए जाते हैं। वाइल्ड हंट, विचर 3, होरिजोन जैसे इस तरह के अनेक गेम है। यह तो केवल उदाहरण मात्र है। इसी तरह से इमर्सिंग गेमों में तकनीक और ग्राफिक्स के माध्यम से यर्थाथ दुनिया जैसे हालात दिखाते हैं। जीरो डॉन, रेड डेड, फॉलआउट और इसी तरह के अनेक गेम उपलब्ध है। मजे की बात यह है कि 10-12 से लेकर 40 वर्ष तक के लोग इन गेमों के चक्कर में अधिक आ रहे हैं।

ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया की बात करें तो यह अपने आप में बड़ा व्यापार है। 2024 में 3.7 बिलियन के कारोबार को माना जा रहा है कि इसी तरह से यह चलता रहा तो 2029 तक 9.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। यानी की 2029 तक लगभग तीन गुणा बढ़ जाएगा। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि ऑनलाइन गेम के कारण भले ही मौत के समाचार कभी कभार ही सामने आते हो पर इससे ज्यादा गंभीरता यह है कि मनोवैज्ञानिक असर अधिक दिखाई देने लगा है। ऑनलाइन गेम के लत वालों में डर, अकेलापन, अनिंद्रा, खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकार आम होते जा रहे हैं। कुंठा, आक्रोश, संवेदनहीनता, तनाव आम होते जा रहे हैं। दरअसल समय आ गया है जब ऑनलाइन गेमिंग की समस्या का हल खोजा ही जाना चाहिए। अन्यथा हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर ही होंगे। ऑनलाइन गेमिंग बनाने वालों को तो एक मात्र उद्देश्य अधिक से अधिक पैसा कमाना है उन्हें इसके दुष्प्रभावों से कोई लेना-देना नहीं होता। हांलांकि भारत सहित कुछ देशों की सरकारें सक्रिय हुई है। पर मनोवैज्ञानिकों को भी आगे आकर कोई समाधान खोजना होगा वहीं अभिभावकों, परिजनों व समाज का भी दायित्व हो जाता है। परिजनों को निरंतर निगरानी रखने, मोबाइल देखने की समय सीमा तय करने, किसी और रचनात्मक कार्य में लगाने, सामाजिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय करने और परंपरागत आउट डोर गेम्स के प्रति रुचि पैदा करने के ठोस प्रयास करने ही होंगे। सरकार को भी मौत की राह में ले जाने वाले गेम फोरमेट पर रोक लगाने के सख्त कदम उठाने ही होंगे।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मोहनाचांदपुर में विवाहिता की गोली मारकर हत्या

## चार बच्चों की मां सरीफा खातून की मौत से गांव में पसरा मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड के सेमापुर थाना क्षेत्र के मोहनाचांदपुर पंचायत स्थित कवैया गांव में सोमवार की रात करीब एक बजे दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। घर में सो रही विवाहिता सरीफा खातून (28) की सुसुप्तावस्था में कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद नकाबपोश अपराधी हथियार मौके पर छोड़कर फरार हो गये। जानकारी के अनुसार सरीफा खातून अपने पति एहतेशाम के साथ एक ही कमरे में सो रही थी। देर रात नकाबपोश बदमाश कमरे में घुसा और सीधे सरीफा की कनपटी पर गोली दाग दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



गोली की आवाज सुनकर पति की नींद खुली। उसने उठने की कोशिश की लेकिन वह मुसहरी में उलझकर गिर पड़ा। तब तक अपराधी फरार हो चुके थे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ सदर टू रंजन कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से एक देशी पिस्टल और एक खोखा बरामद किया।

शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया।मृतका के पति ने बताया कि उसकी पहली शादी सिमराहा में हुई थी। जिससे जुड़ा मामला चल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि अपराधी उसे निशाना बनाने आया था।लेकिन अंधेरे में पत्नी को गोली मार दी। उन्होंने यह भी बताया कि झरकाहा स्थित घर में निर्माण कार्य चल रहा था। इसलिए पत्नी को मायके कवैया भेजा गया था। पत्नी के बुलाने पर वह ससुराल आया था। जहां यह

**■ नकाबपोश अपराधी हथियार छोड़ हुए फरार**

वारदात हुई। सरीफा खातून अपने पीछे चार छोटे बच्चे तीन पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।इधर ग्रामीणों के बीच यह चर्चा में है कि जब कमरे में पति-पत्नी दोनों सो रहे थे, तो केवल पत्नी को ही गोली क्यों मारी गई। वही पुलिस ने मामले में अनुसंधान तेज कर दिया है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# तेलता और सुधानी स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के तेलता एवं सुधानी रेलवे स्टेशनों पर गाड़ी संख्या 75705/75706 के ठहराव के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रेन संख्या 75705 को विधिवत संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर मुख्य अतिथि ने रवाना किया ।तेलता रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद तारिक अनवर उपस्थित रहे। इस क्रम में सुधानी रेलवे स्टेशन पर भी समारोहपूर्वक ट्रेन संख्या 75705 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस नए ठहराव से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही स्थानीय व्यापार, शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों



को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। डीआरएम किरेंद्र नरह ने कहा कि कटिहार रेल मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि यह पहल क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में सांसद तारिक अनवर के साथ उनके साथ कटिहार रेलमंडल के मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नराह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह के साथ वरिष्ठ मंडल अभियंता समन्वय, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ सहित अन्य कई अधिकारीगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शराबी को छुड़ाने के लिए परिजनों ने की पुलिस के साथ हाथापाई

**बलरामपुर/कटिहार (नबिटासं)।** बलरामपुर थाना क्षेत्र के पचड़ा गांव में विगत रात्रि एक शराबी की गिरफ्तारी से नाराज परिजनों पुलिस के साथ की हाथापाई की। परिजनों ने शराबी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने का किया पुरजोर कोशिश। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात्रि पचड़ा गांव निवासी महावीर नुनिया शराब पीकर अपने घर के समीप सड़क पर हंगामा कर रहा था। इसी दौरान उधर से गुजर रही पुलिस की गश्ती वाहन ने शराबी को गाड़ी में बैठकर थाना के लिए रवाना हो गया। शराबी के पकड़े जाने की खबर सुनकर परिजन एवं कुछ अन्य लोग एकजुट होकर भेलाई चौक के समीप पुलिस वाहन को रोककर उस से शराबी को छुड़ाने का प्रयास करने लगा। जिसको लेकर मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी एवं परिजनों में जमकर बवाल हुआ।इस में पुलिस एवं परिजनों के बीच हाथापाई भी हुई है। पुलिस द्वारा शराबी को छुड़ाने गए एक महिला का बाल पकड़ कर उसके साथ धक्का मुक्की करता हुआ एक वीडियो सोशल मिडिया पर खूब वायरल हो रहा है। परिजनों का आरोप है कि थाना क्षेत्र के लगभग आदिवासी गांव में शराब बनाया और बेचा जाता है। लेकिन पुलिस वहां कार्रवाई करने से डरती है। वहीं घटना को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस पर हमला करने के मामले में आरोपी शराबी की पत्नी, बेटी सहित अन्य दो कुल चार को नामजद किया गया है तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस इन लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करेगी।



### सांसद के रवैये से स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि ने जताई नाराजगी

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के वार्ड नं आठ रामनगर भट्ठा चौक में एलईडी लाइट 16 मीटर हाय मास्ट के 150 वॉट सोलर लाइट सांसद द्वारा जहां 11:30 बजे फीता काटकर उद्घाटन करना था। मगर सांसद तारिक अनवर समय से आधा घंटा पहले ही फीता काटकर चंद मिनट लोगों की समस्या आधे अधूरे सुने एवं पल्ला झाड़ते हुए दूसरे कार्यक्रम के लिए निकल पड़े सांसद तारीक अनवर के जाने के बाद वहां के स्थानीय लोगों में उनके प्रति तीखे लैंग्वेज एवं उनका रवैया के बारे में विभिन्न तरह के चचाएं चौक पर स्थानीय ग्रामीण एवं प्रतिनिधियों द्वारा किया गया जिससे कि जाहिर होता हैं सांसद से क्षेत्र के लोग नाखुश हैं। इस दौरान राजद नेता संतोष कुमार यादव, पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव, सरपंच प्रमोद कुमार सिंह,जदयू के उपाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, कुरेठा पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी, पंचायत समिति सदस्य फुलेश्वर उरांव, समाजसेवी रतन परिहार, विनोद पंडित सहित स्थानीय ग्रामीण संजय सिंह, अनूप लाल ऋषि, शिवनंदन कुमार वर्मा, रुदल साह आदि लोगों ने बताया कि सांसद तारिक अनवर तो आए आकर उद्घाटन किया मगर क्षेत्र के लोगों को किसी भी समस्या के बारे में बोलने का मौका नहीं दिए एवं सभी को नाराज कर चले गये ।



### शिव मंदिर घासीटोला में कलश यात्रा के उपरांत हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के शिव मंदिर घासीटोला में भव्य कलश यात्रा के उपरांत अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर शिव मंदिर घासीटोला परिसर से 1051 कुंवारी कन्याएं शिव मंदिर स्थित कुएं से जल भरकर घासीटोला, चकमन, मुसहरी टोला, मरंगी पासवान टोला, यादव टोला होते हुए यज्ञ स्थल शिव मंदिर घासीटोला पहुंचा जहां वैदिक मंत्रोचार के साथ राधे कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई एवं पांच मंडली के द्वारा हरे राम हरे कृष्णा गायन का शुभारंभ हुआ। शिव मंदिर घासी टोला कमिटी के अध्यक्ष बब्बन कुमार सिंह ने बताया कि काफी वर्षों से इस शिव मंदिर में विवाद चल रहा था विवाद को लेकर अंचलाधिकारी एवं थाना के सामंजन के बाद पिछले वर्ष शिवरात्रि के शुभ अवसर पर राधे कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ एवं हरिनाम संकीर्तन का आयोजन कराया गया था। इस वर्ष भी शिवरात्रि के शुभ अवसर पर 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। जिसमें दिलारपुर संकीर्तन मंडली के द्वारा रासलीला का पाठ दिखाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर कमेटी के जय किशोर सिंह, दिलारचंद्र पासवान, विपिन कुमार सिंह, संतलाल परिहार, सुधीर सिंह, रणजीत सिंह, आदर्श राठौर, छोटू सिंह, नटवर पासवान, संजीव कुमार सिंह, कृष्ण सिंह आदि उपस्थित रहे ।



### मदरसा मिफ्ताहुल ऊलूम भेड़मारा में सालाना भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के मदरसा मिफ्ताहुल ऊलूम भेड़मारा में एक दिवसीय सालाना भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मदरसा के प्रधान मौलवी खैरुल अनाम ने बताया कि तहतानिया से लेकर आलिम तक के छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय सालाना भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाषण,शिक्षा पर लघु नाटक,बाढ़ एवं सुखाड़ से कैसे बचे,आपदा आने पर किस तरीके से बचना चाहिए इसकी जानकारी छात्र - छात्राओं ने स्टेज पर कला के माध्यम से कर दिखाया। उन्होंने कहा कि छात्र - छात्राओं में इल्म की कमी नहीं हैं। लेकिन इन्हें विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा हर प्रकार का इल्म का ट्रेनिंग मदरसा में दिया जाता हैं और साल में एक बार मदरसा के प्रांगण में इनका रियल दिखाया जाता हैं। इस कार्यक्रम में तीन जज के टेबल लगाए गए थे जिसमें छात्र - छात्राओं के द्वारा जो भाषण एवं नाटक को दिखाया गया उसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं मदरसा में पढ़ने वाले सभी छात्र - छात्राओं को प्रधान मौलवी की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं मदरसा के शिक्षकों ने कहा कि मदरसा के छात्र - छात्राओं को शिक्षा पर मुख्य रूप से जानकारी दी जाती हैं कि शिक्षा के बिना सब कुछ अधूरा हैं सबों को शिक्षा प्राप्त करना चाहिए शिक्षा प्राप्त करने से ही डीएम, डॉक्टर, इंजीनियर, बीडीओ आदि बनते हैं।



# जिसे अजगर कह करते थे दर्शन वह निकला जहरीला सांप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही थाना क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के भखरीपुर वार्ड नंबर दो जुगाई बाड़ी आदिवासी टोला के समीप पिछले दो महीने से वहां के स्थानीय आदिवासी लोग जिस सांप को अजगर समझ रहे थे। दरअसल वह सांप निकला भारत के बहुत ही जहरीले सांप। जिसे लोग रसल वाइपर के नाम से जानाते हैं।

वहीं वन विभाग के पदाधिकारी विश्वजीत कुमार ने कहा कि यह सांप अजगर नहीं हैं। बल्कि रसल वाइपर हैं। जो लोगों के काटने से मात्र 10 मिनट के अंदर ही उसकी मौत हो जाती हैं। इतने खतरनाक सांप को स्थानीय लोग अजगर समझ कर जहां दर्शन करते थे। वहीं मंगलवार की



दोपहर को जब फॉरेस्ट विभाग के कर्मी सांप का रेस्क्यू करने पहुंचे तो इस दौरान उन्होंने सांप को बहुत ही कठिनाई से पकड़ा एवं कहा कि यह भारत के सबसे जहरीले सांप हैं जिसका नाम रसल वाइपर हैं । फोरेस्ट विभाग के पदाधिकारी विश्वजीत कुमार सहित अन्य ने सांप को रेस्क्यू करने में सफलता प्राप्त की और उसे अपने साथ ले गई इस दौरान रेस्क्यू करने में फॉरेस्ट कर्मी ललित कुमार लाल, छोटू कुमार ने सफलता प्राप्त किये ।

# सांसद व विधायक ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के रामपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 15463/15464 के ठहराव के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रेन संख्या 15464 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. सुकांत मजुमदार तथा विधायक बुधराई टुडू उपस्थित रहे।

दोनों जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की जनता को इस महत्वपूर्ण रेल सुविधा के लिए शुभकामनाएं दीं और इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।इस अवसर पर कटिहार रेल मंडल प्रबंधक किरेंद्र नरह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह,



वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, जीएस, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, मंडल सुरक्षा आयुक्त, मंडल अभियंता आई सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ट्रेन के ठहराव से रामपुर बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। स्थानीय लोगों ने इस निर्णय के लिए रेलवे प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में हुई योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला समन्वय समिति की बैठक जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता, किसान रजिस्ट्री, सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार का रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करने, सभी कार्यालय अंतर्गत एमजेसी से संबंधित मामले,कारगिल चौक के नजदीक पार्क का जीर्णोद्धार एवं जनगणना से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

डीएम ने किसान रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार की कार्यवाही रिपोर्ट को सभी कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने लंबित एमजेसी से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया गया। समाहरणालय के नजदीक कारगिल चौक के निकट स्थित पार्क के जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। आगामी जनगणना कार्यों को लेकर तैयारियों एवं आवश्यक संसाधनों पर भी चर्चा हुई।

# रेलवे आरपीएफ बैरक में महाशिवरात्रि पूजा के साथ अष्टयाम संकीर्तन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के ओटी पारा स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक परिसर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ पूजा-अर्चना सम्पन्न किया गया । पूरे परिसर में रामधुन से भक्ति का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का आयोजन आरपीएफ के तत्वावधान में किया गया। आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस के कुशल मार्गदर्शन तथा आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में अधिकारियों एवं जवानों ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना किया।इस अवसर पर आकर्षक ढंग से मंदिर को सजाते हुए आरपीएफ द्वारा भगवान शिव की बारात निकाली गई। जिसमें बलकर्मियों के साथ स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वही मौके पर हर वर्ष की तरह अष्टजाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आरपीएफ द्वारा महाशिवरात्रि का आयोजन पूरे श्रद्धा भाव से किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता निभाई। वही पूरे आयोजन ने सामाजिक समरसता, आस्था और एकता का संदेश दिया।

# स्काउट एवं गाइड का दीक्षांत समारोह आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** मध्य विद्यालय बैरिया में स्काउट एवं गाइड का दीक्षांत समारोह का समापन किया गया। मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का कार्यक्रम प्रति वर्ष नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। स्काउट-गाइड के प्रशिक्षण से बच्चों में समयबद्धता



के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार रहे।

अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि इस सुदूर प्रखंड में बच्चों ने भारतीय परंपरा के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जो सराहनीय है। आज के युग में जहां बच्चे फैशन की ओर भाग रहे हैं। वहीं इन बच्चों ने आधुनिक परंपरा की चकाचौंध को अपने से दूर रखा। कक्षा 1 की छोटी बच्ची का रिकॉर्डिंग डांस, बिहार के प्रमुख पर्व छठ की झांकी, पारंपरिक होली तथा आदिवासी नृत्य ने दर्शकों को मनमोहित कर दिया। ढाई सौ स्काउट-गाइड ने कार्यक्रम में भाग लिया। स्काउट-गाइड के शिविर प्रभारी रोहित कुमार ने बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण दिया। विद्यालय प्रधान पंकज कुमार ने अनुशासन सीखने को मिला। विगत दो दिन पूर्व बच्चों के द्वारा कम संसाधन में रहने एवं जीने का तौर तरीका सिखाया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक विवेक कुमार सिंह ने बच्चों की सराहना की। कैंप में बच्चों के द्वारा प्लास्टिक गिलास, प्लेट एवं थैले का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई। बच्चों ने केले के पत्ते, कदम के पत्ते एवं अन्य पेड़-पौधों के पत्तों से प्लेट बनाकर भोजन परोसा। इस अवसर पर शिक्षक आनंद कुमार त्रिपाठी, खैरुल आलम, शहाबुद्दीन, सुनील कुमार पासवान, ग्रामीण अब्दुल अहद, शिक्षिका शहनाज बेगम, संगीत शिक्षक मनीष कुमार, राजेश पासवान, शिक्षा सेवक दीपेन रजक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सूखा राशन वितरण में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका में तू-तू मैं-मैं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या 11 नारायणपुर में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 40 में सुखा राशन वितरण में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका में तु तु में में हुई। आंगनबाड़ी केंद्रों में हर माह के 15 से लेकर 30 तारीख के बीच में पोशक क्षेत्र की गर्भवती,धात्री महिला एवं किशोरियों के बीच सुखा राशन का वितरण किया जाता हैं।

इस सुखा राशन वितरण में काफी गड़बड़झाला हो रहा हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को गर्म भोजन पका के प्रत्येक दिन खिलाया जाता हैं लेकिन इस आंगनवाड़ी केंद्र में सुखा राशन वितरण के दिन ना तो आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चे पहुंचे ना ही गर्म



भोजन पकाया गया। दिन के 1 बजकर 20 मिनट पर आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे तो सेविका सहायिका में तू तू मैं में हो रहा था। आंगनबाड़ी सेविका उषा कुमारी का कहना था की सहायिका मालती देवी बच्चों को नहीं बुलाती हैं,और प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को दस अंडा के साथ सुखा राशन लेकर जाती हैं। वहीं सहायिका मालती देवी का कहना हैं कि जब हम बच्चे को बुलाते हैं तो आंगनबाड़ी सेविका केंद्र में नहीं रहती हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो सुखा राशन वितरण में बंदरबाट करने को लेकर आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका में प्रत्येक दिन तू तू में में होते रहता हैं । इस घटना पर आंगनवाड़ी के पर्यवेक्षक ने भी संज्ञान लिया। दोनों सेविका एवं सहायिका की बातों को सुना एवं कहा कि केंद्र पर सेविका अपना काम करेगी एवं सहायिका अपना काम करेगी तथा 9:30 बजे सेविका एवं सहायिका लोकेशन ऑन करके फोटो मेरे व्हाट्सएप पर फोटो भेजेंगे। इस घटना पर आंगनबाड़ी केंद्र के अध्यक्ष प्रतिनिधि इमरान खान भी आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। दोनों सेविका एवं सहायिका की बातों को सुनकर दोनों को जमकर फटकार लगाया एवं दोनों को कहा कि मिलकर कार्य करें। सुखा राशन में जो सुखा राशन एवं अंडे की मांग सहायिका के द्वारा की जा रही हैं। ये सरासर गलत हैं। सुखा राशन एवं अंडा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों के लिए आता हैं उन्हें ही गर्म भोजन के साथ बुधवार एवं शुक्रवार को अंडा खिलाया जाता हैं । दोनों कर्मी की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# वार्ड संख्या आठ में पहुंचकर मेयर ने सुनी समस्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर निगम की मेयर उषा देवी अग्रवाल ने अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में मंगलवार को शहर के वार्ड संख्या- 08 का निरीक्षण किया। लोगों ने मेयर का माला पहनाकर अपने वार्ड में स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व स्वीकृत एवं पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया।

मुख्यमंत्री गली-नाली योजना के तहत संजय सिंह के घर से विश्वनाथ यादव के घर तक राणा यादव के घर से ध्रुव यादव के घर तक गौतम पासवान के घर से नरेश मिश्र के घर भाया राम बालक के घर होते हुए मधुकांत मंडल के घर तक पेपर ब्लाक सोलिंग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।साथ ही इसी योजना के अंतर्गत रामानंद यादव के



घर एवं दूधनाथ यादव के घर के बगल से रंजीत रजक के घर तक पेपर ब्लाक सोलिंग एवं ढक्कन सहित नाला का उद्घाटन किया। मेयर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत लाभार्थी अयोध्या राम द्वारा बनाये गए आवास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डवासियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और समस्याओं का हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपमेयर मंजूर खान, वार्ड पार्षद, नगर निगम के पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रसव व्यवस्था के मूल्यांकन को लेकर केन्द्रीय टीम पहुंची सीएचसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार) ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच टीम मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डंडखोरा पहुंचकर यहॉ की प्रसव व्यवस्था का निरक्षण किया।इस क्रम में डा. दुर्वा ज्योति एवं डा. लक्ष्मी बजाज की टीम ने संस्थान परिसर सहित प्रसव कक्ष, प्रसव पश्चात प्रसूता एवं नवजात के रखने की व्यवस्था आदि संबंधित कार्यों का जायजा लिया।

टीम ने प्रसव कक्ष में उपयोग किये जाने वाले उपकरणों का भी बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं प्रसव से जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों से विभिन्न बिंदुओं पर बिंदुवार पूछताछ



भी की। टीम ने सीएचसी के भंडार कक्ष का निरीक्षण कर वहॉ की स्वच्छता एवं दवाओं के रखरखाव का निरीक्षण और कर्मियों से आवश्यक पूछताछ भी की।

इस दौरान टीम ने सीएचसी परिसर एवं मेटरनिटी कक्ष के शौचालय की स्वच्छता का भी जायजा लिया। हलांकि टीम के निरीक्षण को लेकर प्रबंधन द्वारा अस्पताल रंग-रोगन, टूटे फर्निचरों की मरम्मति एवं साफ-सफाई जैसे काम कुछ दिन पूर्व से युद्धस्तर पर कराया गया है।टीम के मनोभाव से लगा कि व्यवस्था वे संतुष्ट हों। इस बाबत टीम के सदस्यों ने बताया कि विभाग के निर्देश पर केन्द्रीय प्रमाणीकरण के निर्धारित बिंदुओं पर संस्थान की प्रसव व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण रिपोर्ट पर विभागीय मूल्यांकन समिति द्वारा अंक दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. प्रदीप कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक भवेश रंजन, सीएचओ मो. एखलाक, लक्ष्मीनारायण मीणा, नरेन्द्र कुमार, एएनएम सुरुचि कुमारी सिंधुबाला, किरण कुमारी, कविता कुमारी, जूली कुमारी, गुड़िया कुमारी सहित शंभू शंकर झा, राजकुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहीं।

# आईआईएफएल फाईनेंस ने 9 प्रतिशत सालाना रिटर्न के साथ 2000 करोड़ के बॉन्ड जारी किए

**मुंबई, एजेंसी।** देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाईनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस लिमिटेड ने रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के पब्लिक इश्यू जारी किए हैं, जो मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 से मिलना शुरू होंगे। इनका इश्यू साईज़ 500 करोड़ रुपये है, और 1,500 करोड़ रुपये तक का ओवरसब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू विकल्प है। इस प्रकार कुल इश्यू साईज़ 2,000 करोड़ रुपये का होगा। इस फंड का उद्देश्य कंपनी के व्यवसाय में वृद्धि करना और पूंजी बढ़ाना है।

श्री निर्मल जैन, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा कि, ''आईआईएफएल फाईनेंस भारत के प्रमुख एनबीएफसी में से एक है। यह पूरे देश में मजबूत स्थिति रखता है। इसका डाईवर्सिफाईड रिटेल पोर्टफोलियो 4.6 मिलियन से अधिक वंचित ग्राहकों को क्रेडिट प्रदान करता है। इस प्रस्तावित फंड के माध्यम से हम क्रेडिट की उपलब्धता और अधिक बढ़ाएंगे तथा अपने फंडिंग स्त्रोतों का विस्तार करेंगे। पिछले कुछ सालों में आईआईएफएल फाईनेंस ने बॉन्ड के माध्यम से फंड एकत्रित करने का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है तथा मूल राशि एवं ब्याज का समय पर भुगतान किया है।''

इस एनसीडी द्वारा 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष तक का प्रभावी रिटर्न मिलेगा और यह 24 महीनों, 36 महीनों, और 60 महीनों की अवधियों के लिए उपलब्ध होगा। ब्याज का पे-आउट मासिक, वार्षिक या मैच्योरिटी के बाद लिया जा सकता है।

इस इश्यू को क्राईसिल रेटिंग्स ने क्राईसिल एए/स्टेबल रेटिंग दी है। ब्रिकवर्क रेटिंग्स द्वारा इसे




बीडब्लूआर एए+ (स्टेबल) रेटिंग दी गई है, जिससे प्रदर्शित होता है कि इनमें बहुत कम क्रेडिट रिस्क है और ये फाईनेंशियल दायित्वों को समय पर पूरा करने के लिए बहुत ज्यादा सुरक्षित हैं।

31 दिसंबर, 2025 को आईआईएफएल फाईनेंस के पास 98,336 करोड़ रुपये के कंसोलिडेटेड लोन एस्सेट्स अंडर मैनेजमेंट (ए.यू.एम) थे। कंपनी लगातार मजबूत एस्सेट क्वालिटी बनाकर रखती है। 31 दिसंबर, 2025 को कंपनी की कंसोलिडेटेड लोन बुक के प्रतिशत हिस्से में कंपनी के पास 1.60 प्रतिशत ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एस्सेट (एनपीए) और 0.75 प्रतिशत नेट एनपीए हैं।

## लोन बुक को पर्याप्त कोलेटरल द्वारा सुरक्षित कर लिया गया था

इसके अलावा, 31 दिसंबर, 2025 को कंपनी की 83.61 प्रतिशत कंसोलिडेटेड लोन बुक को पर्याप्त कोलेटरल द्वारा सुरक्षित कर लिया गया था, ताकि जोखिम और कम हो जाए। वित्तवर्ष 2026 की तीसरी तिमाही में आईआईएफएल फाईनेंस ने 501.3 करोड़ रुपये का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स (पीएटी) दर्ज किया, जो सालाना 514 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तवर्ष 2026 के नौ महीनों के लिए पीएटी 1,193.5 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना 265 प्रतिशत अधिक है। विभिन्न बैंकों और फाईनेंशियल संस्थानों के साथ कंपनी के मजबूत संबंध हैं, जिससे फंडिंग की रणनीति में मदद मिलती है। 31 दिसंबर, 2025 को कंपनी के पास कंसोलिडेटेड आधार पर 4,761 शाखाओं का नेटवर्क था, जो देश के कोने-कोने में फैला था तथा कंपनी में कुल 36,786 कर्मचारी काम कर रहे थे। इश्यू के लीड मैनेजर ट्रस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाईज़र्स प्राईवेट लिमिटेड, नुवामा वैल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज़ लिमिटेड हैं। निवेशकों को लिक्विडिटी प्रदान करने के लिए ये एनसीडी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। हर एनसीडी की फेस वैल्यू 1,000 रुपये होगी। विभिन्न श्रेणियों में निवेशक कम से कम 10,000 रुपये के एप्लिकेशन साईज़ में आवेदन कर सकेंगे। पब्लिक इश्यू अरली क्लोज़र के विकल्प के साथ मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 को खुलेगा और बुधवार 4 मार्च, 2026 को बंद होगा। आवंटन पहले आएं, पहले पाएं के आधार पर किया जाएगा।

## देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का 9 महीनों में राजस्व उछाल

**मुंबई, एजेंसी।** देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, एक वैश्विक आईटी सेवा कंपनी, जो क्लाउड सर्विसेज, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, एंटरप्राइज एप्लिकेशन और मैनेज्ड आईटी सर्विसेज प्रदान करती है तथा टैलिजेंस और बाइटसाइनर जैसे उत्पादों की पेशकश करती है, ने क्यू3 एवं 9एम एफवाय25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। देव इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के संस्थापक एवं चेयरमैन श्री प्रणव पांड्या ने कहा- यह तिमाही उद्देश्यपूर्ण निवेश और प्लेटफ़ॉर्म सुदृढ़ीकरण का चरण दर्शाती है, जिसमें दीर्घकालिक विकास को समर्थन देने वाली क्षमताओं के निर्माण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। स्थिर राजस्व वृद्धि के साथ-साथ, इस अवधि में प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और रणनीतिक साझेदारियों में निरंतर निवेश किया गया, ताकि उच्च-विकास वाले डिजिटल क्षेत्रों में कंपनी की उपस्थिति मजबूत हो और परिचालन प्लेटफ़ॉर्म को सशक्त बनाया जा सके। इस तिमाही में निष्पादन और बाज़ार स्थिति में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई। सीएमएमआई मेच्योरिटी लेवल 5 की उपलब्धि कंपनी की डिलीवरी उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## खजांची ज्वेलर्स का क्यू3 में मार्जिन 181 बीपीएस बढ़ा

**चेन्नई, एजेंसी।** खज़ांची ज्वैलर्स लिमिटेड जो सोना, हीरे, कीमती पत्थर और बुलियन आइटम्स में विशेषज्ञता रखने वाली प्रमुख भारतीय ज्वैलरी कंपनियों में से एक है, ने क्यू3 और 9एम एफवाय26 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। खजांची ज्वेलर्स के चेयरमैन एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक, राजेश मेहता ने कहा, हमने क्यू3 और 9एम एफवाय26 में मजबूत और संतुलित प्रदर्शन दर्ज किया, जो लगातार व्यवसाय की गति, बेहतर संचालन दक्षताओं, और प्रमुख उत्पाद श्रेणियों में स्वस्थ मांग से संचालित था। डिज़ाइन नवाचार, ब्रांड निर्माण, इन्वेंटरी अनुशासन और ग्राहक अनुभव पर हमारा सतत ध्यान हमारे बाजार स्थान और लाभप्रदता को और मजबूत करता है।

## हनुमानकाइंड और थम्स अप ने टी20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मुकाबले में भरा रोमांच

**मुंबई, एजेंसी।** कुछ दिन ऐसे होते हैं जब उत्साह को बस थोड़ा बढ़ाना होता है, लेकिन कुछ मौके ऐसे होते हैं जहाँ पूरी तरह 'थंडर' दिखाना पड़ता है। भारतङ्कपाकिस्तान का क्रिकेट मैच भी ऐसा ही पल है, जहाँ अंदाज़ सिर्फ एक ही होता है —तूफानी। अपने मशहूर मंत्र 'आज कुछ तूफानी करते हैं' की भावना को जीते हुए, थम्स अप ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप के भारत- पाकिस्तान मुकाबले को एक यादगार रोमांच में बदल दिया। मशहूर हिप-हॉप स्टार हनुमानकाइंड ने जब स्टेडियम की कमान संभाली, तो मैच का जोश और भी बढ़ गया। खचाखच भरे स्टेडियम के बीच हनुमानकाइंड ने थम्स अप का नया एंथम 'टेस्ट द थंडर' पेश किया और अपने कुछ खास गानों से पूरे माहौल में जोश भर दिया। उनका बेबाक और बिंदास अंदाज़ मैच की तीव्रता के साथ पूरी तरह मेल खाता दिखा। उनके परफॉरमेंस ने थम्स अप की ऊर्जा को स्टैंड्स से लेकर स्क्रीन तक जीवंत कर दिया।

## डिजिटल भुगतान सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा दे रहा है

**भोपाल।** डिजिटल भुगतान ने वरिष्ठ नागरिकों के दैनिक जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इससे किराना, दवाइयों या यात्रा बुकिंग जैसे कार्यों के लिए भुगतान करना आसान हो गया है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है, क्योंकि वे छोटी-छोटी दैनिक आवश्यकताओं के लिए परिवार के सदस्यों पर निर्भर हुए बिना स्वयं भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, यह अधिक सुरक्षा और नियंत्रण भी प्रदान करता है, क्योंकि नकद रखने की आवश्यकता कम होती है, चोरी या गुम होने का जोखिम घटता है और हर भुगतान का रिकॉर्ड लेन-देन इतिहास में सुरक्षित रहता है। जैसे-जैसे डिजिटल भुगतान का उपयोग बढ़ रहा है, ठग भी सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से लोगों को धोखा देने के प्रयास बढ़ा रहे हैं।

## मोबिलाइज़ ऐप लैब लिमिटेड का आईपीओ 23 फरवरी को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग कंपनी द्वारा उत्पाद विकास के लिए प्रतिभाओं की नियुक्ति, घरेलू बाजारों में विस्तार को गति देने हेतु बिज़नेस डेवलपमेंट और मार्केटिंग गतिविधियों, कंपनी के इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ीकरण तथा सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।एंकर निवेशक भाग शुक्रवार, 20 फरवरी 2026 को खुलेगा। मुख्य इश्यू सोमवार, 23 फरवरी 2026 को खुलेगा और बुधवार, 25 फरवरी 2026 को बंद होगा। इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर कॉर्पोरेट कैपिटलवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड हैं, जबकि रजिस्ट्रार टू द इश्यू बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड हैं। मोबिलाइज़ ऐप लैब लिमिटेड के प्रमोटर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री आशीष शर्मा ने कहा, हमारी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग का शुभारंभ मोबिलाइज़ ऐप लैब लिमिटेड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम एक केंद्रित एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म से आगे बढ़ते हुए अब एक स्केलेबल, मल्टी-सॉल्यूशन सास कंपनी के रूप में विकसित हो रहे हैं, जो विभिन्न सेक्टरों और भौगोलिक क्षेत्रों में बी2बी क्लाइंट्स को सेवाएं प्रदान कर रही है। वर्षों के दौरान हमने शिक्षा, फैसिलिटी एवं एसेट मैनेजमेंट, सप्लाई चेन और ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने वाला मजबूत इआरपी पोर्टफोलियो तैयार किया है।

**कुल इश्यू आकार- 10 अंकित मूल्य के 25,12,000 इक्विटी शेयर तक**

### इक्विटी शेयर आवंटन

एंकर निवेशक भाग – अधिकतम 7,13,600 इक्विटी शेयर। क्यूआईबी अधिकतम 4,76,800 इक्विटी शेयर। एनआईआई न्यूनतम 3,60,000 इक्विटी शेयर। इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स न्यूनतम 8,35,200 इक्विटी शेयर। ज़ मार्केट मेकर ङ्क 1,26,400 इक्विटी शेयर

## टाइटन ने गुकेश डोम्माराजु को बनाया टाइटन ऑफ द ईयर 2026

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले 40 सालों में टाइटन ने खूबसूरत डिज़ाइनों, प्रमाणित तकनीकों और भरोसे के ज़रिए समय के साथ भारत का रिश्ता पूरी तरह से बदल दिया है। यह भारतीय भावना और विश्वस्तरीय निष्पादन को दर्शाता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए टाइटन वॉचेज़ ने आज 'टाइटन ऑफ द ईयर' के दूसरे संस्करण का लॉन्च करने की घोषणा की है, यह प्लेटफॉर्म उन लोगों को सम्मानित करता है, जिन्होंने अपनी यात्रा के साथ परम्पराओं को चुनौती दी, मास्टरी में नए बेंचमार्क स्थापित किए हों और विश्वस्तरीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने में योगदान दिया हो। पहले संस्करण के ज़रिए विंग कमांडर राकेश शर्मा को श्रद्धांजली देने के बाद 2026 का संस्करण ग्राण्डमास्टर गुकेश डोम्माराजु को सम्मानित करता है, जिन्होंने निडर योजना, शांत सटीकता एवं स्थायी उत्कृष्टता को सर्वोच्च स्तर पर लाकर बेहतरीन प्रदर्शन वाली यात्रा को एक नई पहचान दी। इस यात्रा को सम्मान देते हुए ब्राण्ड ने इन गुणों से प्रेरित लिमिटेड एडीशन घड़ियों का अनावरण किया है, जो परफोर्मेन्स को बेहतरीन डिज़ाइन और बारीकी से की गई कारीगरी में बदल देती है। यह डिज़ाइन गेम की मापी हुई संरचना से लिए गए संतुलन एवं संयम के ज़रिए 'मास्टर मुव' की अवधारण को दर्शाता है। इसके केन्द्र में टाइगर आई और ब्लैक एगेट से बना एक जटिल मार्कवेटरी डायल है, जिसकी ज्योमेट्री शतरंज के बोर्ड और गुकेश के खेल के पीछे की शांत बुद्धिमत्ता से प्रेरित है। वहीं घड़ी की सुईयां खेल की विशेषताओं और शतरंज के मोहरे की खास चाल प्रतीक हैं, जो डायल के लेआउट में उनके सधे हुए लेकिन सोचे-समझे दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। रोटर पर ग्रैंडमास्टर नाइट का



चित्र और 'यंगेस्ट वर्ल्ड चैस चैंपियन एट 18' लिखा है, जो विश्वस्तरीय मंच पर गुकेश की जीत को दिखाता है। घड़ी की ल्यूम-फिल्ड सुइयां उसी फोकस और शांति के साथ चलती हैं जो उनके खेल की पहचान है। एक ग्रैंडमास्टर नाइट काउंटरपॉइज़ सिग्नेचर डिटेल उनके खेल की रणनीतिक उत्कृष्टता को उजागर करता है। रोज़-गोल्ड फिनिश वाले 316 स्टेनलेस स्टील केस और बेज़ेल में लगा सफायर क्रिस्टल इसके कंपोज़िशन को सुरक्षित करता है। टाइटन के इन-हाउस ऑटोमेटिक मुवमेंट से चलने वाली घड़ियां के इस कलेक्शन में मात्र 500 पीस हैं। यह घड़ी रोज़ गोल्ड की हल्की चमक और गहरे काले इटैलियन लेदर स्ट्रैप के साथ अपनी खास पहचान बनाती है। यह संयोजन सादा होते हुए भी खास, आधुनिक और टिकाऊ है। इस अवसर पर राहुल शुक्ला, वाईस प्रेज़ीडेन्ट एवं चीफ़ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, वॉचेज़ डिविज़न, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा, ''अपनी शुरूआत से ही टाइटन भारत की भावनाओं का अभिन्न हिस्सा रहा है।

## नोवापॉड्स और नोवावॉच 24 फरवरी को लॉन्च होंगे

### एआई+ ने अब तक का अपना सबसे बड़ा इकोसिस्टम ड्रॉप अनाउंस किया

**दिल्ली, एजेंसी।** एआई प्लस ने आज 24 फरवरी को अपने नए एआईओटी लाइनअप नोवापॉड्स (गो, प्रो, क्लिप्स) और नोवावॉच (एक्टिव, किड्स 4जी, वेयरबड्स) के ऑफिशियल लॉन्च की तारीख कन्फर्म की। ये साथ मिलकर एआई प्लस के कनेक्टेड इकोसिस्टम का अगला कदम हैं- ऐसे डिवाइस जो दिखने में स्टाइलिश हों, काम में स्मूथ हों, और रोजमर्रा के अनुभव को सच में बेहतर बनाएं। इसके पीछे एक सीधा वादा है- हैशटैग ऐड ए प्लस।लोगों को ज्यादा डिवाइस नहीं चाहिए। उन्हें कम झंझट चाहिए, एआई प्लस स्मार्टफोन के फाउंडर और सीईओ माधव सेठ ने कहा। नोवापॉड्स और नोवावॉच को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये असली रुटीन में आसानी से फिट हो जाएं- कॉल, म्यूजिक, वेलनेस, फैमिली सेफ्टी, बिना किसी एक्स्ट्रा जटिलता के। एआई प्लस सोच समझकर आगे बढ़ रहा है, और पूरे भरोसे के साथ।नोवापॉड्स लाइनअप तीन अलग अलग लिसनिंग स्टाइल लेकर आता है, जो फैशन फॉरवर्ड टेक, कंफर्ट और वैल्यू को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं। गो रोजमर्रा की जरूरतों के लिए ट्यून किया गया है, जिसमें कुल 24 घंटे तक का प्लेबैक, आईपीएक्स4 वॉटर रेसिस्टेंस, 10 मिमी ड्राइवर और 60 मिलीसेकंड की अल्ट्रा लो लेटेंसी मिलती है। इसके कलर ऑप्शन भी फैशन स्टेटमेंट जैसे हैं- फॉरेस्ट ग्रीन, मिडनाइट ब्लैक और आइस ब्लू व्हाइट। प्रो काम और फोकस के लिए बनाया गया है, जिसमें हेसा माइक टेक्नोलॉजी के साथ कुल 30 घंटे तक का प्लेबैक, हाइब्रिड एएनसी (एक्टिव नॉइज कैंसलेशन) और ईएनसी (एनवायरनमेंटल नॉइज कैंसलेशन), और ड्यूल पेयरिंग मोड मिलता है, जिससे अलग अलग डिवाइस के बीच स्विच करना आसान हो जाता है। क्लिप्स स्टाइल और कंफर्ट को आगे रखता है, क्लिप स्टाइल डिजाइन के साथ जो ईयर कैनल पर जीरो प्रेशर देता है। इसे इस तरह इंजीनियर




किया गया है कि लंबे समय तक सुनने में आराम रहे और यह एआई प्लस की हैशटैग बिल्ट फॉर योर हेल्थ फिलॉसफी के अनुरूप हो। कलाई पर नोवावॉच भी इसी सोच को आगे बढ़ाता है- काम की चीज, कनेक्टेड और रोजमर्रा के भारत के लिए तैयार। एक्टिव रोज की वेलनेस को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिसमें 1.73 इंच का एमोलेड स्क्वर्कल डिस्प्ले है, यानी स्क्वायर और सर्कल का मेल, जो क्लासिक और अवांट गार्ड घड़ी डिजाइन की याद दिलाता है। इसमें स्मार्ट फंक्शनल क्राउन, एडवांस्ड हेल्थ ट्रैकिंग और ऑलवेज ऑन डिस्प्ले मिलता है। आईपी68 रेटिंग के साथ यह जरूरी फीचर सादगी और साफ डिजाइन में देता है। किड्स 4जी स्मार्ट सेफ्टी लेकर आता है, जिसमें टू वे वीडियो कॉलिंग, 4जी जीपीएस के साथ जियो फेंसिंग, वन क्लिक एसओएस इमरजेंसी अलर्ट, और क्लास मोड व पेरेंटल कंट्रोल शामिल हैं। इसमें 1.69 इंच का एचडी डिस्प्ले दिया गया है। जो यूजर ज्यादा फीचर चाहते हैं लेकिन अलग से डिवाइस नहीं रखना चाहते, उनके लिए वेयरबड्स ब्रांड की इनोवेशन सोच को दिखाता है। इसमें बिल्ट इन ईयरबड्स, 1.43 इंच का एमोलेड डिस्प्ले, 2 जीबी तक म्यूजिक स्टोरेज, रियल टाइम हेल्थ ट्रैकिंग, बिल्ट इन चैटजीपीटी और एआई लाइव ट्रांसलेशन जैसे फीचर मिलते हैं।

## भारत की पहली ट्रिपल-प्रोटेक्शन वॉल पुट्टी लांच

**मुंबई, एजेंसी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की भरोसेमंद बिल्डिंग मटीरियल कंपनी और कैपेसिटी के मामले में पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी, ने न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी लॉन्च की है। यह एक प्रीमियम व्हाइट सीमेंट-बेस्ड वॉल केयर सॉल्यूशन है जिसे एक ही सॉल्यूशन में एंटी-माइक्रोबियल, वॉटरप्रूफिंग और एंटी-एफ्लोरेसेंस परफॉर्मेंस के तीन बेहतरीन फायदे देने के लिए डिजाइन किया गया है। सिल्वर आयन टेक्नोलॉजी से बना यह प्रोडक्ट बैक्टीरिया, फंगस और एल्गी को बढ़ने से रोककर शील्डेड प्रोटेक्शन देता है। इसके अलावा, जर्मन एक्टिव साइलेन्स-सिलोक्सेन के साथ इसका एडवांस्ड हाइड्रोफोबिक




पॉलीमर फॉर्मूलेशन नमी और दरारों के लिए मजबूत प्रतिरोध देता है, साथ ही अपनी एंटी-एफ्लोरेसेंस प्रॉपर्टीज के जरिए व्हाइट सॉल्ट के जमाव को रोकता है, जिससे मुश्किल हालात में भी दीवार की लंबे समय तक चलने वाली सुरक्षा पक्की होती है। न्युवोको ज़ीरो एम ट्रिपल शील्ड पुट्टी अंदर और बाहर दोनों तरह के इस्तेमाल के लिए सही है, यह सीमेंट-बेस्ड प्लास्टर, कंक्रीट और मोर्टार सतहों पर बहुत अच्छी पकड़ देता है। वाली सुरक्षा देता है।इसके अलावा, यह प्रोडक्ट इको-फ्रेंडली, लो-वीओसी मटीरियल का इस्तेमाल करके बनाया गया है, जो न्युवोको के सस्टेनेबल और हाई-परफॉर्मेंस होम प्रोटेक्शन सॉल्यूशन के समर्पण को और पक्का करता है।चिराग शाह, हेड-मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने जोर देकर कहा कि न्युवोको में, हम लगातार ऐसे इनोवेटिव और सस्टेनेबल सॉल्यूशन देने के लिए समर्पित हैं जो घर की देखभाल को बेहतर बनाते हैं।

## वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय में मशीन लर्निंग एवं ऑप्टिमाइज़ेशन तकनीकों पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीयकार्यशाला का सफल आयोजन

**सीहोर।** गणित विभाग, स्कूल ऑफ एडवांस्ड साइंसेज एंड लैंग्वेजेज, VIT Bhopal University द्वारा Numerical & Optimization Techniques for Machine Learning in Real-World Applications विषय पर 11 से 13 फरवरी 2026 तक एक तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का सफल आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस कार्यशाला को मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भोपाल द्वारा तकनीकी प्रायोजन प्राप्त था।इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गणितीय मूल सिद्धांतों तथा उनके मशीन लर्निंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच सेतु स्थापित करना था। इसमें भारत एवं यूरोप के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए प्रख्यात शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं उद्योग विशेषज्ञों ने सहभागिता की, जिससे एक समृद्ध अंतर-विषयक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हुआ। उद्घाटन सत्र का आयोजन 11 फरवरी 2026 को किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के गणमान्य अधिकारी, शिक्षकगण एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात डॉ. हेमंत कुमार नाशिने (डीन, ङ्गस्रु) द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कार्यशाला का परिचय डॉ. अनंत कांत शुक्ला (संयोजक) द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा डॉ. नेहा चौबे (संयोजक) द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन किया गया। इस अवसर पर MPCST, भोपाल को तकनीकी सहयोग हेतु तथा विश्वविद्यालय प्रबंधन को संस्थागत समर्थन हेतु विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने भारत की डेटा सेंटर महत्वाकांक्षाओं को दी रफ्तार, स्केल्ड-अप और ग्रीन-रेडी समाधान पेश

**मुंबई, एजेंसी।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप भारत के तेजी से बढ़ते डेटा सेंटर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत कर रहा है। पावर इंफ्रास्ट्रक्चर, बसडक्ट सॉल्यूशंस और ग्रीन कंसल्टेंसी सर्विसेज के क्षेत्र में एकीकृत समाधान पेश करते हुए समूह इस ऊर्जा-गहन सेक्टर की जरूरतों को पूरा कर रहा है। इन विशेष समाधानों के साथ, समूह का एनर्जी सॉल्यूशंस व्यवसाय अगले तीन वर्षों में कुल राजस्व का 10 से 15 प्रतिशत हिस्सा डेटा सेंटर से हासिल करने का लक्ष्य रख रहा है। यह लक्ष्य भारत सरकार की उस नीति दिशा के अनुरूप है, जिसके तहत देश को वैश्विक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हब बनाने पर जोर दिया गया है, जैसा कि केंद्रीय बजट 2026 में भी रेखांकित किया गया।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए गोदरेज एनर्जी सॉल्यूशंस के बिजनेस हेड राघवेंद्र



मिर्जी ने कहा, भारत का डेटा सेंटर क्षेत्र तेज विकास के चरण में प्रवेश कर रहा है, जिसे मजबूत नीतिगत समर्थन और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की बढ़ती मांग का सहारा मिला है। हालांकि, ये सुविधाएं आज बनाए जा रहे सबसे अधिक ऊर्जा खपत करने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट्स में शामिल हैं। इससे हमारे पावर इंफ्रास्ट्रक्चर व्यवसाय के लिए अत्याधुनिक और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने वाली परियोजनाएं विकसित करने का बड़ा अवसर पैदा होता है। हम अपने मॉड्यूलर बसडक्ट सिस्टम को ग्रीन बिल्डिंग विशेषज्ञता के साथ जोड़कर हाइपरस्केलर और एंटरप्राइज कंपनियों को भारत में तेजी से विस्तार करने में मदद कर सकते हैं, साथ ही ऊर्जा खपत, लागत और कार्बन उत्सर्जन को कम कर सकते हैं। बड़े पैमाने की परियोजनाओं को इलेक्ट्रिकल समाधान प्रदान करने के अनुभव और ग्रीन कंसल्टिंग विशेषज्ञता के साथ, हम इस बदलाव को समर्थन देने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। जैसे-जैसे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, डेटा सेंटर देश के सबसे अधिक ऊर्जा-गहन इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट्स में शामिल होते जा रहे हैं। सरकार ने डेटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दीर्घकालिक टैक्स हॉलिडे और नीतिगत समर्थन भी घोषित किया है, जिससे डिजिटल अर्थव्यवस्था में इनकी रणनीतिक अहमियत स्पष्ट होती है। इससे उन एकीकृत समाधान प्रदाताओं के लिए अवसर बढ़ने की उम्मीद है, जो ऊर्जा-कुशल सिस्टम उपलब्ध करा सकें और बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण में सहयोग कर सकें। डेटा सेंटर की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए अब समर्पित पावर इंफ्रास्ट्रक्चर की मांग बढ़ रही है, ताकि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, दक्षता, विश्वसनीयता और सुरक्षा बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिकल बसडक्ट सिस्टम और नेट-ज़ीरो लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन कंसल्टिंग सॉल्यूशंस की जरूरत भी तेजी से बढ़ रही है।

## ईडीआईआई ने 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर टेक स्टार्टअप्स' में पीजीडीएम की घोषणा की

**बेंगलुरु, एजेंसी।** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), जो भारत में उद्यमिता शिक्षा का अग्रणी संस्थान है, ने आज बेंगलुरु में एंटरप्रेन्योरशिप फॉर टेक स्टार्टअप्स में पीजीडीएम की घोषणा की। यह एआईसीटीई अनुमोदित प्रबंधन कार्यक्रम तकनीकी पेशेवरों को उद्यमिता संबंधी शिक्षा, मेंटरशिप और वेंचर-बिल्डिंग सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि वे अपने उच्च संभावनाशील विचारों को सफल स्टार्टअप में बदल सकें।

नया टेक स्टार्टअप्स विशेषज्ञता पाठ्यक्रम एडटेक, हेल्थटेक, फिनटेक, एआई आधारित व्यवसायों और तेजी से विस्तार करने वाले डिजिटल उद्यमों जैसे उभरते क्षेत्रों पर केंद्रित




है। यह कार्यक्रम व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ तैयार किया गया है, जिसमें नए अवसरों की पहचान, योजना की सफलता की जांच, बिजनेस मॉडल तैयार करना, प्रोडक्ट विकसित करना, निवेश की तैयारी और बाजार में प्रभावी लॉन्च रणनीति पर विशेष ध्यान दिया गया है। डॉ.सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई ने कहा, बेंगलुरु देश की तकनीकी गतिविधियों का केंद्र है और कर्नाटक स्टार्टअप उछाल के केंद्र में है। ऐसे में टेक स्टार्टअप्स विशेषज्ञता की शुरुआत के लिए यह उपयुक्त स्थान है। आज के युवा उद्देश्यपूर्ण तरीके से उद्यमिता को करियर के रूप में चुन रहे हैं। ईडीआईआई उद्यमिता विकास का एक स्पष्ट मार्ग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो आने वाले दशक में राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे।

# ट्रेन से कटकर हाथी के बच्चे की हुई मौत

## हाथियों के झुण्ड ने रेलवे ट्रैक पर मचाया बवाल

- रेल मार्ग 12 घंटे तक रहा प्रभावित
- पूजन के बाद हुआ अंतिम संस्कार
- रेल प्रशासन के हाथ-पांव फूले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड में हाथी और मानव के बीच टकराव एक गंभीर समस्या है। पिछले एक महीने में ही तीन दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हाथी हमले में हो गई है। इस बीच सोमवार की देर शाम पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल में एक अजीबोगरीब घटना घटी। मालगाड़ी की चपेट में आने से हाथी का एक बच्चा घायल हो गया, जिसकी बाद में मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद हाथी का झुंड रेलवे ट्रैक आ गया। झुंड में शामिल नाराज हाथी काफी देर तक भाग दौड़ करते रहे। इसके बाद रेल प्रबंधन के हाथ-पांव फुल गए। रेल परिचालन को रोक दिया गया। धनबाद से डालटनगंज मार्ग पर ट्रेनों के पहिए थम गए। बाद में रेल प्रशासन से निर्देश पर ट्रेनों के मार्ग बदल दिए गए। धनबाद होकर रवाना हुई 13025 हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस को पहले बरकाकाना स्टेशन पर रोका गया। बाद में बरकाकाना से हजारीबाग टाउन, कोडरमा और गया के रास्ते चलाया गया। इसी तरह अन्य ट्रेनों का भी मार्ग बदला गया। रात 12 बजे तक ट्रैक पर हाथी झुड डटा रहा। उनके जाने के बाद रेल परिचालन शुरू हुआ।

जानकारी के अनुसार मालगाड़ी की चपेट में हाथी के बच्चे के आने की घटना महुआ मिलान और निंद्रा रेलवे स्टेशन के बीच स्थित कुत्रीटोला के पास हुई। घटना के बाद हाथियों के झुंड ने रेलवे ट्रैक को जाम कर दिया था। काफी प्रयास के बाद रात 1 बजे अपलाइन पर परिचालन शुरू किया गया। इसके बाद मंगलवार सुबह 6 बजे डाउन लाइन पर परिचालन शुरू हुआ।

घटना के बाद हाथियों का झुंड रेलवे ट्रैक पर जमा हो गया था। इसके कारण धनबाद रेल मंडल के बरकाकाना-बरवाडीह रेलवे सेक्शन पर रेल परिचालन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे विभाग और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर हाथियों के झुंड को रेलवे ट्रैक से हटाने का प्रयास शुरू किए, लेकिन हाथी इतने उग्र थे कि उन्हें वहां से हटाना काफी मुश्किल हो गया था।

घटना से आक्रोशित हाथी रात भर रेलवे ट्रैक के आसपास ही जम रहे, लेकिन जैसे-जैसे सुबह हुई वैसे ही हाथी जंगल की ओर चले गए, घटना में हाथी के बच्चे की मौत के बाद ग्रामीण भी काफी मायूस नजर आए, ग्रामीणों ने मृतक हाथी के बच्चे को पारंपरिक रूप से कफन से ढक दिया और इसका विधिवत पूजन भी किया। इसके बाद वन विभाग ने पोस्टमार्टम किया। फिर हाथी के बच्चे के शव को दफना दिया गया। 11448 हावड़ा जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा व गया होकर, 12877 रांची नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा व गया होकर, 13347 बरकाकाना पटना पलामू एक्सप्रेस बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा और गया होकर, 18635 रांची सासाराम एक्सप्रेस बरकाकाना, हजारीबाग टाउन और कोडरमा और गया होकर, 18611 रांची वाराणसी एक्सप्रेस बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा, गया होकर, 18309 संबलपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा व गया होकर, 18524 बनारस विशाखापट्टनम एक्सप्रेस गढ़वा रोड, गया, गोमो, बोकारो व मूरी होकर, 21894 पटना टाटा वंदे भारत एक्सप्रेस गढ़वा रोड, गया, गोमो, बोकारो और मूरी होकर तथा 13348 पटना बरकाकाना पलामू एक्सप्रेस गया, कोडरमा, हजारीबाग टाउन और बरकाकाना होकर चलाने की सूचना जारी की गई।

## भाजपा समर्थित प्रत्याशी पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** चाईबासा नगर परिषद चुनाव में अध्यक्ष पद के भाजपा समर्थित प्रत्याशी रमेश खीरवाल उर्फ लड्डू चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में घिर गए हैं।

जानकारी के अनुसार उन्हें चुनाव आयोग द्वारा बिस्किट चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है। आरोप है कि वे अपने चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं के बीच खाने के लिए बिस्किट का वितरण कर रहे थे।

मामले की जानकारी मिलते ही चुनाव कार्य के लिए नियुक्त मजिस्ट्रेट ने इसे गंभीरता से लिया। मजिस्ट्रेट ने आरोपों को प्रथम हष्टया आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए इसकी लिखित शिकायत चुनाव आयोग को भेज दी है। साथ ही सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन भी दिया गया है। सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार ने इसकी पुष्टि की है। बताया कि मजिस्ट्रेट के आवेदन पर शनिवार को केस किया गया है । प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन देना नियमों के विरुद्ध है।

# हाथियों ने मचाया उत्पात, सिंचाई पंपों को किया क्षतिग्रस्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पश्चिम बंगाल के जंगल क्षेत्रों में हाथियों और इंसानों के बीच संघर्ष की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला ग्वालतोड़-रामगढ़ जंगल क्षेत्र का है, जहां देर रात झुंड से अलग हुए दो हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने सिंचाई के लिए खेतों में लगाए गए दो कीमती सब-मर्सिबल पंपों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे स्थानीय किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, केवल दो हाथी ही नहीं, बल्कि गड़बेता क्षेत्र से लगभग 24-25 हाथियों का एक विशाल झुंड भी ग्वालतोड़ इलाके में प्रवेश कर चुका है। यह झुंड रविवार सुबह बांकुड़ा जिले से निकलकर गड़बेता पहुंचा था। देर रात यह अमलागोड़ा के मागुराशोल जंगल से रेलवे लाइन पार करते हुए जामडोबा-बागडोबा के रास्ते हुमगढ़ रेंज के हदहदीर जंगल में जा पहुंचा है। सोमवार शाम तक हाथियों की मौजूदगी भातुरबांदी जंगल क्षेत्र में दर्ज की गई है। इससे किसानों को फसल नुकसान की चिंता सता रही है।

### फसलों को भी रौंदा

हाथियों के इस झुंड ने न केवल कृषि उपकरणों को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि खेतों में खड़ी फसलों को भी पैरों तले रौंद दिया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि हाथियों के लगातार हमले से उनकी आजीविका संकट में है।

प्रभावित किसानों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने और हाथियों को रिहायशी इलाकों से दूर खदेड़ने की मांग की है। फिलहाल, वन विभाग की टीम हाथियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। हाथियों के मार्ग और उनकी स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए लगातार गश्त की जा रही है। वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को शाम के समय जंगलों की ओर न जाने और सतर्क रहने की सख्त सलाह दी है।

# 21 फरवरी से जूनागढ़ तक चलेगी इस्पात एक्सप्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने 21 फरवरी से चक्रधरपुर रेल मंडल गुजरने वाली ट्रेन नंबर 12871/12872 हावड़ा-टिटलागढ़-हावड़ा सुपरफास्ट इस्पात एक्सप्रेस का संचालन अब ओडिशा के जूनागढ़ रोड स्टेशन तक कर दिया है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 12871 हावड़ा -टिटलागढ़-जूनागढ़ इस्पात एक्सप्रेस सप्ताह में तीन दिन हावड़ा स्टेशन से सुबह 06:30 बजे प्रस्थान करेगी और चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरते होते हुए शाम 07:35 बजे टिटलागढ़, रात 08:00 बजे केसिंगा, रात 08:35 बजे लांजीगढ़ रोड, 09:45 बजे भवानीपटना और 10:35 बजे जूनागढ़ रोड स्टेशन पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 12872 जूनागढ़ रोड- टिटलागढ़- हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस जूनागढ़ रोड स्टेशन से अहले सुबह 02:15 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन सुबह 03:00 बजे भवानीपटना, सुबह 03:55 बजे लांजीगढ़ रोड, सुबह 04:48 बजे केसिंगा, सुबह 05:05 बजे टिटलागढ़



पहुंचने के बाद चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरते हुए शाम 06:30 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि ट्रेन का स्थिर समय-सारणी और कोच संरचना पहले जैसी ही रहेगी। केवल इसका टर्मिनस स्टेशन अब टिटलागढ़ की जगह जूनागढ़ स्टेशन हो जाएगा।

## बच्चा बरामद

**पूर्णिया।** पूर्णिया और पश्चिम बंगाल की पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में मानव तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा किया है। पूर्णिया शहर के ऐतिहासिक रंगभूमि मैदान में छापेमारी कर पुलिस ने जलपाईगुड़ी से अगवा किए गए 6 वर्षीय मासूम बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया।

इस मामले में पुलिस ने बच्चे को खरीदने वाले एक जड़ी-बूटी विक्रेता और अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया है। मामले की जड़ें पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले से जुड़ी हैं।

जानकारी के अनुसार, जलपाईगुड़ी के माल बाजार थाना क्षेत्र से 14 फरवरी को इस 6 वर्षीय बच्चे का अपहरण किया गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू की, जिससे पता चला कि अपहरणकर्ता बच्चे को लेकर बिहार के पूर्णिया की ओर निकला है।

# पहली बार दिखा दुर्लभ प्रवासी मृतभक्षी पक्षी हिमालयन ग्रिफान गिद्ध

### जैव-विविधता के लिए माना जा रहा अत्यंत महत्वपूर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिले के जैव-विविधता इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। जिले में पहली बार दुर्लभ प्रवासी मृतभक्षी पक्षी हिमालयन ग्रिफान गिद्ध की आधिकारिक उपस्थिति दर्ज की गई है।

यह गिद्ध अंबाडीहा पंचायत के बड़ा सालबांधा गांव में एक ऊंचे सेमल वृक्ष पर देखा गया। हिमालयन ग्रिफान गिद्ध सामान्यतः हिमालय, तिब्बती पठार एवं मध्य एशिया के ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में पाया जाता है। अत्यधिक ठंड एवं भोजन की कमी




के कारण यह प्रजाति शीतकाल के दौरान निचले मैदानी क्षेत्रों की ओर प्रवास करता है। साहिबगंज में इसकी उपस्थिति यह संकेत देती है कि जिले का भू-दृश्य, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र प्रवासी मृतभक्षी पक्षियों के लिए सुरक्षित, अनुकूल तथा विष-मुक्त बना हुआ है।

भारत में यह प्रजाति शीतकाल के दौरान उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम एवं झारखंड के कुछ सीमित क्षेत्रों में ही दर्ज की जाती रही है। झारखंड राज्य में अब तक इसके दृश्य मुख्यतः हजारीबाग एवं कोडरमा जिलों तक सीमित थे।

ऐसे में साहिबगंज जिले में इसका दर्ज होना राज्य में संचालित गिद्ध संरक्षण एवं वन्यजीव संरक्षण प्रयासों की सफलता का स्पष्ट प्रमाण माना जा रहा है।

पक्षी विशेषज्ञ अविनाश कुमार ने बताया कि साहिबगंज में गिद्ध की उपस्थिति जिले की जैव-विविधता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं उत्साहजनक संकेत है। यह दशार्ता है कि क्षेत्र का पर्यावरण संतुलित, सुरक्षित तथा मृतभक्षी पक्षियों के लिए अनुकूल बना हुआ है।

# हड़िया-दारू के खिलाफ आवाज उठाने पर घर में लगायी आग

## आदिवासी नेताओं का हुआ जुटान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जामताड़ा।** अपने समाज के लोगों को हड़िया-दारू और जात्रा जैसे कार्यक्रमों की विसंगतियों को बताना एक आदिवासी युवक को भारी पड़ गया।

कुछ असामाजिक तत्व उसकी इस सामाजिक जागरूकता और नशामुक्त समाज बनाने की मुहिम से इस कदर खफा हुए कि उसके घर पर डीजल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया।

घटना शनिवार की रात जामताड़ा थाना क्षेत्र के बागधरा गांव में हुई। इस आगजनी की घटना के दौरान सुरेश मुर्मू की बहन लखी मुर्मू इसी कमरे सो रही थी। लेकिन इस हादसे में वह बाल-बाल बच गई। लेकिन आगजनी की घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही जामताड़ा टाउन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

सुरेश मुर्मू ने बताया कि उन्हें पिछले कुछ दिनों से लगातार धमकियां मिल रही थी।

कुछ महीने पहले ही एक युवक ने उन्हें फोन अपने सामाजिक अभियान को छोड़कर हड़िया-दारू बेचने और जात्रा जैसे आयोजनों में व्यावधान नहीं डालने की धमकी दी थी। सुरेश शनिवार को ही असम से अपने आदिवासी संगठनों के साथ वहां हुए एक कार्यक्रम के बाद लौटे थे।

सुरेश मुर्मू बहन लक्खी मुर्मू ने बताया कि रोजाना की ही तरह वह खाना खाने के बाद इस कमरे जमीन पर बिस्तर बिछाकर सो रही थी। इसी दौरान कमरे में धुआं फैल गया और आग की लपटें उठनी शुरू हो गई।

आग की लपटें उठते देख वह किसी तरह बाहर निकलने में सफल रही, जिससे उनकी जान बच गई। उसने शोर मचाया तो गांव के लोग जुट गए और आग पर किसी तरह से काबू पाया। आगजनी की घटना से उसके घर में रखा हजारों का सामान भी जलकर राख हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही आदिवासी संगठन देसमांझी परगना बाईसी के सुनील हेम्ब्रम, भाजपा आदिवासी मोर्चा के सुनील हांसदा, आदिवासी समाज के शिक्षाविद सुनील बास्की, राजीव हेम्ब्रम, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि समेत कई सामाजिक लोग मौके पर पहुंचे।

संगठन से जुड़े लोगों ने बताया कि सुरेश मुर्मू पिछले कई महीनों से आदिवासी समाज को नशा मुक्ति व सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने और सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

इसी अभियान के तहत उन्होंने राज्यपाल, कमिश्नर, उपायुक्त सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर समाज में फैल रही बुराइयों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कहा आदिवासी समाज में हाड़ी-दारू और शराब की वजह से कई तरह की कुरीतियां पनप रही हैं। इसके दुष्परिणाम से ही आदिवासी समाज के लोग लगातार पिछड़ते जा रहे हैं।

साथ ही जात्रा और रात में होने वाले संथाली थिएटर जैसे आयोजनों से भी समाज में कई तरह की कुरीतियां घर कर रही हैं। इसे लेकर आदिवासी समाज को लगातार जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

# स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के नियमों में हुआ बदलाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** उच्च शिक्षा के लिए चार लाख रुपये तक के ऋण को प्राप्त करने के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के नियमों में सरकारी स्तर पर बदलाव किया गया है। इस योजना में सही छात्र-छात्राओं को लाभ मिले इसके लिए सरकार ने नियम में कड़े किए हैं।

बताया गया कि इस योजना के तहत जांच के क्रम में यह बात सामने आई है कि विभिन्न संस्थानों ने छात्रवृत्ति के नाम पर बड़ी संख्या में जिला निबंधन सह परामर्श केंद्रों पर आवेदन कराए हैं। बिचौलियों की भूमिका भी सामने आ रही है। इस कारण जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को इस योजना के लाभ में बिलंब हो रहा है।

बताया गया कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड शैक्षणिक ऋण है, जिसे पढ़ाई पूरा होने के बाद नियम के अनुसार वापस करना होता है। सरकारी स्तर पर अब छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त तीन कागजात देना अनिवार्य कर दिया गया है।

इसमें सबसे पहले छात्र-छात्राओं को स्व घोषणा पत्र देना होगा, जिसमें ऋण को नियमानुसार वापस करने की बात होगी।

इसके अलावा, जिस विश्वविद्यालय में नामांकित हैं उसका एडमिशन व निबंधन स्लीप भी देना अनिवार्य होगा। बताया गया कि यह कागजात आवेदन सत्यापन कराने के वक्त या फिर एग्रीमेंट कराने के समय तक हर हाल में देना आवश्यक होगा।

नए नियम से छात्र-छात्राओं को प्रारंभ में थोड़ी परेशानी बढ़ गई है। अब वे कॉलेजों के चक्कर लगा रहे हैं।

सहायक प्रबंधक चंदन कुमार ने बताया कि सरकारी स्तर पर दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं उसके अनुसार आवेदकों को कागजात जमा कराने को कहा जा रहा है।

# नाबालिग किशोरी की मांग में गैर हिन्दू युवक ने भरा सिंदूर

## लव जिहाद के आरोप में लोगों ने किया बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**निरसा ।** निरसा थाना क्षेत्र के रंगामाटी-सिंहपुर गांव में एक नाबालिग दलित किशोरी और मुस्लिम युवक के कथित विवाह को लेकर सोमवार को तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणों ने इस मामले को लव जिहाद से जोड़ते हुए विरोध जताया और जमकर हंगामा किया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हिरासत में लेकर थाना ले आई।

ग्रामीणों का आरोप है कि युवक ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और मांग में सिंदूर भरकर घर ले आया।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में जुट गए।

पूछताछ के दौरान किशोरी ने स्वयं को अनाथ बताया, जिससे ग्रामीणों के बीच संदेह और गहरा गया तथा

### पुलिस ने दोनों को लिया हिरासत में

माहौल तनावपूर्ण हो गया।

स्थिति बिगड़ती देख स्थानीय बुद्धिजीवियों ने एसडीपीओ रजत मणिक बाखला और थाना प्रभारी अनिल कुमार शर्मा को सूचना दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सुरक्षित थाना लाकर पूछताछ शुरू की। किशोरी की उम्र की पुष्टि और उसके परिजनों की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

चूंकि मामला दो समुदायों से जुड़ा बताया जा रहा है, प्रशासन विशेष सतर्कता बरत रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी और विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त निगरानी की जा रही है।

# मार्निंग वाक पर निकले लापता शिक्षक का सुराग नहीं

## अनहोनी की आशंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर्गत रमना थाना क्षेत्र के परसवान गांव निवासी 32 वर्षीय अविनाश कुमार बुधवार की सुबह से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हैं। जानकारी के अनुसार अविनाश, मेराल थाना क्षेत्र स्थित गोंदा हाई स्कूल में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। फिलहाल मैट्रिक की परीक्षा को लेकर गढ़वा में प्रतिनियुक्ति पर है।

इस संबंध में उसकी पत्नी सरिता देवी ने बुधवार की शाम रमना थाना में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। स्वजन के अनुसार अविनाश कुमार बुधवार की सुबह करीब छह बजे मॉर्निंग वॉक के लिए बहियार खुर्द की ओर घर से निकाला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा।

काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। परिजनों का कहना है कि उनके पास रहने वाले दोनों मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहे हैं, जिससे स्वजन के बीच किसी अनहोनी को लेकर चिंता और बढ़ गई है।

बताया जाता है कि अविनाश कुमार अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य था। शिक्षक पिता पंचू राम के निधन के बाद अनुकंपा के आधार पर उसे नौकरी मिली थी। उसके अचानक लापता होने की घटना से स्वजन व परिचित किसी अप्रिय आशंका को लेकर चिंतित और डरे सहमे हुए हैं।

इधर रमना थाना पुलिस मामला दर्ज कर अविनाश कुमार की खोजबीन में जुट गई है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ शुरू कर दी है तथा आम लोगों से भी जानकारी मिलने पर तत्काल थाना को सूचित करने की अपील की है।

## अपात्र लाभुकों के काटे गये नाम

**भागलपुर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में बड़े पैमाने पर अपात्र लाभुकों का खुलासा हुआ है। फर्जी तरीके से योजना का लाभ ले रहे 33,325 लोगों के नाम सूची से काट दिए गए हैं। जांच में सामने आया कि इनमें 3,571 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 3,911 लोग आयकरदाता हैं।

इसके अलावा 24,318 ऐसे लाभुक पाए गए जो सरकारी सेवा में रहते हुए भी योजना का लाभ उठा रहे थे। प्रखंड स्तर पर की गई छानबीन के बाद संदिग्ध मामलों की रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी गई। मुख्यालय स्तर पर जांच पूरी होने के बाद अपात्र पाए गए 33,325 लाभुकों के नाम आधिकारिक सूची से डिलीट कर दिए गए।

प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इतना ही नहीं, जिले में अब भी करीब एक लाख लाभुक किसान सवालों के घेरे में हैं। प्रारंभिक जांच में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें लाभुक झारखंड में निवास करते हैं, लेकिन बिहार के कोटे से पीएम किसान का लाभ ले रहे हैं।

# एक पौधे से उगाई 15 किलो हल्दी, बना वर्ल्ड रिकार्ड

### अब तक 11 पुरस्कार पा चुके हैं कृषक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**सिमडेगा।** प्रखंड अंतर्गत टिनगीना गांव के किसान राजेंद्र काशी ने खेती के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है।

राजेंद्र काशी ने एक ही हल्दी के पौधे से लगभग 15 किलोग्राम हल्दी उत्पादन कर एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उनकी इस उपलब्धि से ना केवल क्षेत्र के किसान उत्साहित हैं, बल्कि यह सफलता पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय बन गई है।

करीब एक वर्ष तक निरंतर परिश्रम, धैर्य और नवीन प्रयोगों के बाद तैयार की गई इस विशेष हल्दी ने हाल ही में सिमडेगा में आयोजित कृषि विकास मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी के दौरान उनकी हल्दी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

वहीं, किसान राजेंद्र काशी को कुल 11 अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए गए। उनकी इस सफलता की चर्चा अब जिलेभर में हो रही है। यहां तक कि विकसित की गई हल्दी की नई किस्म का नाम राजेंद्र रखा गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस किस्म के उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता दोनों ही अत्यंत उत्कृष्ट हैं। माना जा रहा है कि यह किस्म भविष्य में किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकती है और हल्दी उत्पादन के क्षेत्र में नई क्रांति ला सकती है। इस रिकॉर्ड को स्थापित करने में जलडेगा के युवा किसान सोनू सिंह का भी महत्वपूर्ण



ASIAN BOOK OF WORLD RECORDS

CERTIFICATE OF ACHIEVEMENT

This certificate is proudly presented to

Rajendra Kashi (Along With Agriculture Expert : Sonu Singh)

Simdega, Jharkhand, India.

"Largest Turmeric Production from a Single Plant"

This is to certify that Rajendra Kashi , along with his agriculture expert Sonu Singh, has achieved a remarkable agricultural record by producing 15 kilograms of turmeric from a single turmeric plant. This outstanding achievement demonstrates exceptional dedication, innovative farming techniques, and excellence in turmeric cultivation. This record has been officially recognized by the Asian Book of World Records under the category "Largest Turmeric Production from a Single Plant."

ASIAN BOOK OF WORLD RECORDS

Certificate No. ABWR24260086 Date : 07/02/2026

Mr. Ganeysh V
General Secretary

Dr. Avinash D. Sukunde
International Chairman

ISO
MSME
NITI Aayog
Skill India

asianbookofworldrecords.com

योगदान रहा। उन्होंने पूरे एक वर्ष तक इस प्रयोग में सक्रिय सहयोग दिया।सोनू सिंह ने बताया कि यह असाधारण उत्पादन पूरी तरह प्राकृतिक खेती पद्धति से संभव हुआ है। इसमें किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरक या कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया गया।

जीवामृत, कंपोस्ट खाद और लाभकारी सूक्ष्मजीवों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई गई, जिससे पौधे का विकास बेहतर हुआ और उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई।

राजेंद्र काशी की यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। उनकी कहानी यह साबित करती है कि आधुनिक सोच, वैज्ञानिक पद्धति और प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सकता है।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि जिले में प्राकृतिक खेती को नई दिशा देगी और आने वाले समय में अधिक किसान इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

# आज नीदरलैंड के खिलाफ अभिषेक से आक्रामक पारी का इंतजार रहेगा, स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक




अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है।

अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है। अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें। उन्हें पावरप्ले में डीप कवर बाउंड्री पर शॉट मारना पसंद है और विरोधी टीमों ने उनके लिए उस क्षेत्र में एक फील्डर तैनात करके समझदारी दिखाई है।

### सुनील गावस्कर की अभिषेक शर्मा को सीधी सलाह, पहले सेट हो फिर आक्रमकता दिखाओ

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में युवा ओपनर अभिषेक शर्मा की शुरुआत उम्मीदों के अनुरूप नहीं रही है। लगातार दो बार शून्य पर आउट होने के बाद उनके खेल और अप्रोच पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने उन्हें बेहद सरल लेकिन अहम सलाह दी है। गावस्कर का मानना है कि बड़े टूर्नामेंट में दबाव से निपटने के लिए बुनियादी बातोंह्यह्य पर लौटना जरूरी है। उनका संदेश साफ है कि पहले खुद को सेट करो, फिर अपना स्वाभाविक आक्रामक खेल दिखाओ। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज गावस्कर ने एक इंटरव्यू में अभिषेक को सलाह दी कि पारी की शुरुआत में जल्दबाज़ी से बचें। उन्होंने कहा कि आक्रामक शॉट खेलने से पहले सिर्फ एक तेज़ सिंगल लें, ताकि शरीर और दिमाग दोनों मैच की लय में आ सकें। गावस्कर के मुताबिक, पहले एक सिंगल लो, फिर खुलकर खेलो। जब तक आप रन बोर्ड पर नहीं लगाते, आत्मविश्वास पूरी तरह नहीं आता। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अच्छे फॉर्म को हल्के में नहीं लेना चाहिए, क्योंकि कई बल्लेबाज़ शानदार फॉर्म के बाद जरूरत से ज्यादा आक्रामक होने की कोशिश में गलती कर बैठते हैं।

## क्या टी20 वर्ल्ड कप 2026 में फिर होगा भारत-पाक में महामुकाबला?




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कोलंबो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। यह टी20 विश्व कप इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की 8वीं जीत रही। इस हार के बाद पाकिस्तान की सुपर-8 में पहुंचने की राह मुश्किल हो गई है।

### टूर्नामेंट का पूरा फॉर्मेट

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में कुल 20 टीमों को 4 ग्रुप (ए-बी-सी-डी) में बांटा गया है। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर-8 में पहुंचती हैं। सुपर-8 में 8 टीमों को दो ग्रुप (ग्रुप-1 और ग्रुप-2) में बांटा जाएगा। हर ग्रुप की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी।

### सुपर-8 में भारत-पाक मुकाबला क्यों मुश्किल?

आईसीसी ने टूर्नामेंट से पहले ही प्री-सीडिंग सिस्टम लागू किया था। भारत को एक्स1 (ग्रुप-1), पाकिस्तान को बाय 3 (ग्रुप-2), यानी सुपर-8 में दोनों टीमें अलग-अलग ग्रुप में रहेंगी। इसलिए सुपर-8 चरण में भारत और पाकिस्तान का दोबारा आमना-सामना संभव नहीं है।

### तो फिर कैसे हो सकती है दोबारा भिड़ंत?

सेमीफाइनल में- भारत-पाकिस्तान सेमीफाइनल में तभी भिड़ सकते हैं जब- एक टीम अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहे, दूसरी टीम दूसरे ग्रुप में दूसरे स्थान पर, अगर दोनों टीमें अपने-अपने ग्रुप में टॉप पर रहती हैं या दोनों दूसरे स्थान पर रहती हैं, तो सेमीफाइनल में भी मुकाबला संभव नहीं होगा ह्य

## एक ओवर में कूटे 20 रन, 22 गेंद में ठोकी फिफ्टी

### इटली के बल्लेबाज बेन मानेंटी ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली तूफानी पारी



**कोलकाता (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 29वें मुकाबले में भले ही इटली को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसके मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज बेन मानेंटी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींच लिया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में मानेंटी ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए सिर्फ 22 गेंदों में अर्धशतक ठोक दिया।

**203 रन का पीछा, शुरुआत रही बेहद खराब** – 203 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने महज 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। ऐसा लग रहा था कि मैच एकतरफा हो जाएगा, लेकिन ओपनर जस्टिन मोस्का और बेन मानेंटी ने पारी को संभाला। मोस्का ने एक छोर थामे रखा, जबकि मानेंटी ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

- **22 गेंद में फिफ्टी, विल जैक्स के ओवर में 20 रन** – मानेंटी ने चौके-छक्कों की झड़ी लगाते हुए महज 22 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। खास तौर पर विल जैक्स के एक ओवर में उन्होंने दो चौके और दो छक्के जड़ते हुए 20 रन बटोर लिए। 28 वर्षीय इस बल्लेबाज ने 25 गेंदों में 60 रन की पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। मोस्का (43) के साथ उनकी 92 रन की साझेदारी ने इंग्लैंड की धड़कनें बढ़ा दीं।
- **ओवरटन और करन ने पलटा मैच** – हालांकि जेमी ओवरटन ने मानेंटी को आउट कर इंग्लैंड को राहत दिलाई। इसके बाद ग्रांट स्टीवर्ट ने 23 गेंदों में 45 रन की तेज पारी खेलकर इटली की उम्मीदें जिंदा रखीं, लेकिन सैम करन ने उनका विकेट लेकर मैच पर इंग्लैंड की पकड़ मजबूत कर दी।
- **मैच का नतीजा- 24 रन से जीता इंग्लैंड** – इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम 178 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने 24 रन से जीत दर्ज कर सुपर-8 में जगह बना ली।

## फ़ीडे फ्रीस्टाइल विश्व चैंपियनशिप फाइनल में कारुआना से होगी कार्लसन की टक्कर

**वाइजनहाउस, जर्मनी (एजेंसी)।** फ़ीडे फ्रीस्टाइल शतरंज विश्व चैम्पियनशिप 2026 के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैगनस कार्लसन का सामना अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो करुआना से होगा। दोनों खिलाड़ियों ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। कार्लसन के पास अब अपने करियर का 21वां विश्व खिताब जीतने का मौका है।

कार्लसन ने उज़्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को 3-1 से पराजित किया। पहले दो मुकाबले ड्रॉ रहे, लेकिन तीसरे गेम में निर्णायक क्षण पर अब्दुसत्तोरोव की एक गलती का फायदा उठाते हुए कार्लसन ने बढ़त बना ली। चौथे गेम में भी नॉर्वेजियन स्टार ने दबाव बनाए रखा और मैच अपने नाम किया।

कार्लसन ने मुकाबले के बाद कहा कि यह बेहद कठिन मैच था और अब्दुसत्तोरोव हर बार उनके खिलाफ और मजबूत होकर खेलते हैं।

दूसरे सेमीफाइनल में कारुआना ने जर्मनी के विंसेंट कीमर को 2-1-2-1-1-2 से मात दी। करुआना ने पहले गेम में काले मोहरों से शानदार जीत दर्ज कर बढ़त बनाई। तीसरे गेम में हार झेलने के बावजूद उन्होंने चौथे मुकाबले में दमदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया।




### 2027 के लिए क्वालीफिकेशन तय

फाइनल में पहुंचते ही कार्लसन और कारुआना ने 2027 फिडे फ्रीस्टाइल विश्व चैम्पियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। तीसरा और अंतिम स्थान तीसरे स्थान के मुकाबले में अब्दुसत्तोरोव और कीमर के बीच तय होगा।

### अन्य मुकाबलों के परिणाम

5वें से 8वें स्थान के मुकाबलों में यूएसए के हंस नीमन ने लेवोन अरोनियन को 2-1-2-1-2-2 से हराया, जबकि भारत के अर्जुन एरिगैसी ने विश्व कप विजेता उज़्बेकिस्तान के जावोखीर सिंदारोव को 3-1 से पराजित किया। अब नीमन और अर्जुन पांचवें स्थान के लिए भिड़ेंगे, जबकि अरोनियन और सिंदारोव सातवें स्थान के लिए खेलेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया के लिए मुश्किल है राह, जिम्बाब्वे के पास सुनहरा मौका, सुपर-8 में पहुँचने के पूरे मौके

**कोलंबो (एजेंसी)।** क्रिकेट इतिहास की सबसे सफल टीम ऑस्ट्रेलिया पर टी20 विश्व कप 2026 के पहले ही राउंड से बाहर होने का खतरा मंडरा गया है। आयरलैंड को हराने के बाद ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया की टीम जिम्बाब्वे और श्रीलंका से हार गई। हर ग्रुप में 5 टीमें हैं और इसमें से सिर्फ दो को ही सुपर-8 में जगह मिलेगी। ग्रुप बी से श्रीलंका तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर-8 में जगह बना चुका है। वहीं ओमान की टीम रेस से बाहर हो चुकी है। अब सुपर-8 के एक स्थान के लिए जिम्बाब्वे, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड के बीच टक्कर है। 17 फरवरी को कोलंबो में बारिश हो रही थी इसीलिए अगर आयरलैंड के साथ मैच रद्द होता है तो एक पाइंट जिम्बाब्वे को मिल जाएगा और वह सुपर 8 में पहुँच जाएगी।

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 ग्रुप बी के बचे हुए मैच

जिम्बाब्वे -आयरलैंड- 17 फरवरी
श्रीलंका - जिम्बाब्वे- 19 फरवरी
ऑस्ट्रेलिया - ओमान- 20 फरवरी

### ऑस्ट्रेलिया को किस्मत का सराहा चाहिए

ऑस्ट्रेलिया को सुपर-8 में जगह बनानी है तो किस्मत का सहारा चाहिए। उसका मैच ग्रुप में सबसे अंत में है। उसे उम्मीद करनी होगी कि जिम्बाब्वे को आयरलैंड के साथ ही श्रीलंका से हार मिल जाए। इस स्थिति में जिम्बाब्वे के 4 पॉइंट ही रह जाएंगे। इसके साथ ही हार से उसका नेट रन रेट भी खराब होगा। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की टीम ओमान को रौंदकर सुपर-8 में जगह बना सकती है।

### जिम्बाब्वे को सिर्फ एक जीत चाहिए

जिम्बाब्वे ने अभी तक खेले अपने दोनों मैच जीते हैं। उसे सुपर-4 में जगह बनाने के लिए सिर्फ एक ही जीत की जरूरत है। 17 फरवरी को अगर आयरलैंड के खिलाफ उसे जीत




मिलती है तो वह सुपर-8 में पहुंच जाएगी। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो जाएगा। जिम्बाब्वे की टीम अभी तक सिर्फ एक ही बार टी20 विश्व कप इतिहास में दूसरे राउंड तक पहुंची है।

आयरलैंड की टीम भी अभी बाहर नहीं हुआ है। अगर उसने जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत हासिल कर ली तो भी ऑस्ट्रेलिया को ओमान के खिताब जीत हासिल करनी पड़ेगी।

### ऑस्ट्रेलिया पहले भी ग्रुप राउंड से बाहर हो चुकी

ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 2021 टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। 2009 का टूर्नामेंट एकमात्र टी20 विश्व कप था जब ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप राउंड से बाहर हो गई थी। टीम श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ ग्रुप में थी। उसे दोनों मैचों में हार मिली और ग्रुप राउंड में ही सफर समाप्त हो जाएगा।

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मोहम्मद शमी का कहर, चयनकर्ताओं को दिया मजबूत संदेश

**बंगाल (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि क्लास कभी पुरानी नहीं होती। रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में बंगाल की ओर से खेलते हुए शमी ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 35 वर्षीय अनुभवी पेसर ने कल्याणी में अपनी धारदार गेंदबाज़ी से विपक्षी बल्लेबाज़ों को टिकने का मौका नहीं दिया। उनके इस प्रदर्शन ने टीम इंडिया में संभावित वापसी की चर्चाओं को फिर से तेज़ कर दिया है।

### सेमीफाइनल में घातक स्पेल

कल्याणी के बंगाल क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे मुकाबले में शमी ने पहली पारी में कहर बरपाया। उन्होंने 59वें ओवर में पांच विकेट पूरे किए और जम्मू-कश्मीर की बल्लेबाज़ी को पूरी तरह झकझोर दिया। शमी की रफ्तार, लाइन-लेंथ और अनुभव ने बल्लेबाज़ों को लगातार दबाव में रखा। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ कन्हैया वधावन का विकेट उनके स्पेल का अहम मोड़ रहा, जिसके बाद बंगाल ने मैच पर पूरी पकड़ बना ली।

### इस सीजन में शानदार लय

यह प्रदर्शन कोई एक दिन का चमत्कार नहीं है। शमी इस रणजी सीजन में लगातार प्रभावी रहे हैं। अब तक सात मैचों में वह 38 विकेट झटक चुके हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट हॉल भी शामिल है। पिछले महीने सर्विसेज़ के खिलाफ उन्होंने दूसरी पारी में 5/51 का शानदार आंकड़ा दर्ज किया था। उनकी गेंदबाज़ी में पुरानी धार साफ दिख रही है, जो बताती



है कि फिटनेस और फॉर्म दोनों उनके साथ हैं।

### चयनकर्ताओं के लिए बड़ा संकेत

हालिया समय में भारत की तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण को लेकर चर्चा होती रही है। ऐसे में

### सीमित ओवरों में भी प्रभाव

रेड-बॉल क्रिकेट के अलावा शमी ने विजय हजारे ट्रॉफी में भी शानदार प्रदर्शन किया। सात मैचों में 15 विकेट लेने के साथ उनकी इकॉनमी 6.09 रही, जो सीमित ओवरों के प्रारूप में उनकी उपयोगिता दर्शाती है। हालांकि उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान था, लेकिन तब से वह घरेलू स्तर पर लगातार प्रभाव छोड़ रहे हैं।

### बंगाल की मजबूत स्थिति

बल्लेबाजी में सुदीप कुमार घरामी ने 146 रन की शानदार पारी खेलकर बंगाल को पहली पारी में 328 रन तक पहुंचाया। इसके बाद शमी की अगुवाई में गेंदबाज़ों ने जम्मू-कश्मीर को दबाव में रखा, जिससे सेमीफाइनल में बंगाल की स्थिति मजबूत हो गई।

शमी का घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन चयनकर्ताओं के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज़ में मौका नहीं मिला और 2026 टी20 विश्व कप की टीम में भी जगह नहीं मिली। चोट के कारण बदलाव में मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया। बावजूद इसके, शमी ने हिम्मत नहीं हारी और अपने खेल से जवाब देने का रास्ता चुना।

## वर्ल्डकप में युवराज समरा की ऐतिहासिक उपलब्धि

**चेन्नई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2026 में कनाडा के युवा बल्लेबाज युवराज समरा ने ऐसी पारी खेली, जिसने एसोसिएट देशों के क्रिकेट इतिहास में नया अध्याय जोड़ दिया। न्यूजीलैंड के खिलाफ चेन्नई में खेली गई उनकी 110 रन की धमाकेदार पारी अब टी20 विश्व कप में किसी भी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बन चुकी है। इस शतक ने न केवल समरा को अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में ला खड़ा किया, बल्कि यह भी साबित किया कि उभरती टीमें अब बड़े मंच पर मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### 110 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी

युवराज समरा ने 65 गेंदों पर 110 रन बनाकर इतिहास रच दिया। उनकी पारी में 11 चौके और 6 छक्के शामिल रहे, जो उनकी आक्रामक मानसिकता और बेहतरीन टाइमिंग को दर्शाते हैं। उन्होंने शुरुआत से ही सकारात्मक क्रिकेट खेला और न्यूजीलैंड जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। यह पारी



सिर्फ एक शतक नहीं थी, बल्कि एसोसिएट क्रिकेट की बढ़ती ताकत का प्रतीक भी थी।

टी20 विश्व कप में इससे पहले एसोसिएट देशों के बल्लेबाजों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किए हैं, लेकिन समरा का 110 रन का आंकड़ा सबसे ऊपर पहुंच गया है। अमेरिका के एरॉन जोन्स ने 2024 में 94* रन बनाए थे, जो लंबे समय तक शीर्ष स्कोर रहा। स्कॉटलैंड के माइकल जोन्स (86) और जॉर्ज मुनसे (84) ने भी यादगार पारियां खेली थीं। वहीं अमेरिका के एंड्रीज़ गौस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 80* रन बनाकर अपनी छाप छोड़ी थी। इन सभी पारियों के बीच युवराज समरा का शतक अब नया बेंचमार्क बन चुका है।

### बड़े मंच पर परिपक्व बल्लेबाजी

समरा की पारी की खास बात उनका संयम और मैच की परिस्थितियों को समझने की क्षमता रही। उन्होंने पावरप्ले में तेज शुरुआत की, फिर बीच के ओवरों में स्ट्राइक रोटेट करते हुए पारी को संभाला और अंत में आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई। 19 साल की उम्र में इतनी परिपक्व बल्लेबाजी दर्शाती है कि वे लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रभाव छोड़ सकते हैं।झकनाडा क्रिकेट लंबे समय से वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। युवराज समरा की यह पारी टीम के लिए प्रेरणास्रोत साबित हो सकती है।

### रचिन और फिलिप्स के अर्धशतक से न्यूज़ीलैंड ने भी मारी सुपर 8 में एंट्री

चेन्नई में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप मुकाबले में न्यूजीलैंड ने कनाडा को 8 विकेट से हराकर सुपर-8 में अपनी जगह पक्की कर ली। 174 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कीवी टीम ने 15.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। टीम ने 29 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।




न्यूजीलैंड को शुरुआत में कुछ झटके जरूर लगे, लेकिन इसके बाद रचिन रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स ने पारी को संभाल लिया।दोनों बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का शानदार मिश्रण दिखाते हुए कनाडाई गेंदबाजों को दबाव में रखा। रचिन रविंद्र ने 38 गेंदों में 55 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। उन्होंने अपना अर्धशतक छक्के के साथ पूरा किया। शिवम शर्मा की गेंद पर मिडविकेट के ऊपर लगाया गया उनका छक्का मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। विजयी चौका जस्करनदीप सिंह की गेंद पर पुल शॉट लगाकर आया, जिसके साथ ही कीवी कैंप में जश्न शुरू हो गया। ग्लेन फिलिप्स ने भी जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जमाया और रविंद्र के साथ मैच को आसानी से खत्म किया।दोनों के बीच मजबूत साझेदारी ने कनाडा की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

# पारिवारिक विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम पर शराबी ने किया हमला, दो घायल

## पुलिस ने बलपूर्वक शराबी को लिया हिरासत में, प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** आदर्श थाना क्षेत्र के केशोपुर तारगाछ काली समीप पारिवारिक विवाद को सुलझाने गई 112 की टीम पर नशे की हालत में करण कुमार राय नामक युवक ने हमला दो पुलिस कर्मी को घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस पर हमला एवं घायल दो पुलिस कर्मी के होने की पुष्टि जमालपुर पुलिस ने नहीं की है। बरहाल पूरे घटना के बारे में बताया जाता है कि नशे की हालत में करण कुमार राय अपने घर में झगड़ा कर रहा था जिसको सुलझाने के लिए परिवार के लोग परेशान थे। झगड़ा बढ़ता हुआ देखकर आसपास के लोगों ने 112 डायल कर पुलिस को मौके पर बुला लिया। बीते रात्रि करीब 11:30 से 12:00 पुलिस टीम जैसे ही घटनास्थल पर पहुंची तो नशे की हालत में युवक ने पुलिस पर पत्थर चलाने लगा। किसी तरह पुलिस वहां से थाना वापस लौट गई। उसके बाद दलबल के साथ पुलिस गश्ती टीम घटनास्थल पर पहुंचकर शराबी को गिरफ्तार कर थाना लाई। इधर शराबी के साथ जमालपुर पुलिस के साथ हुई हाथापाई एवं पथराव मामले में घायल हुए पुलिस के सुमन कुमार एवं उदय कुमार का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ईस्ट कॉलोनी जमालपुर में किया गया जिसकी पुष्टि चिकित्सा प्रभारी संजय कुमार सुमन ने दिये। इधर घटना के बारे में थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि मामूली विवाद को लेकर मारपीट हुई है जिसमें परिवार के कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है जिस पर प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

**उपद्रव**

- स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर डायय 112 की टीम पहुंची घटनास्थल पर
- पुलिस के पहुंचने ही शराबी ने किया पत्थर से हमला, दो पुलिसकर्मियों को लगी चोट
- बाद में अधिक संख्या में पुलिस बल के पहुंचने पर शराबी को किया गया काबू
- घायल पुलिसकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती
- पुलिस ने बताया, मामूली विवाद को लेकर हुआ हंगामा

### शराबी को छुड़ाने के लिए परिजनों ने की पुलिस के साथ हाथापाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलरामपुर /कटिहार।** बलरामपुर थाना क्षेत्र के पचड़ा गांव में विगत रात्रि एक शराबी की गिरफ्तारी से नाराज परिजनों पुलिस के साथ की हाथापाई की। परिजनों ने शराबी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने का पुरजोर कोशिश की। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात्रि पचड़ा गांव निवासी महावीर नुनिया शराब पीकर अपने घर के समीप सड़क पर हंगामा कर रहा था। इसी दौरान उधर से गुजर रही पुलिस की गश्ती वाहन ने शराबी को गाड़ी में बैठकर थाना के लिए रवाना हो गयी। शराबी के पकड़े जाने की खबर सुनकर परिजन एवं कुछ अन्य लोग एकजुट होकर भेलाई चौक के समीप पुलिस वाहन को रोककर शराबी को छुड़ाने का प्रयास करने लगे। जिसको लेकर मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी एवं परिजनों में जमकर बवाल हुआ। इस में पुलिस एवं परिजनों के बीच हाथापाई भी हुई है। परिजनों का आरोप है कि थाना क्षेत्र के लगभग आदिवासी गांव में शराब बनायी और बेची जाती है। लेकिन पुलिस वहां कार्रवाई करने से डरती है। वहीं घटना को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस पर हमला करने के मामले में आरोपी शराबी की पत्नी, बेटी सहित अन्य दो कुल चार को नामजद किया गया है तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस इन लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करेगी।

# मोहनाचांदपुर में विवाहिता की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरारी/कटिहार।** प्रखंड के सेमापुर थाना क्षेत्र के मोहनाचांदपुर पंचायत स्थित कवैया गांव में सोमवार की रात करीब एक बजे दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। घर में सो रही विवाहिता सरीफा खातून (28) की सुसुप्तावस्था में कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देने के बाद नकाबपोश अपराधी हथियार मौके पर छोड़कर फरार हो गये। देर रात नकाबपोश बदमाश कमरे में घुसा और सीधे सरीफा की कनपटी पर गोली दाग दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर पति की नींद खुली। उसने उठने की कोशिश की लेकिन वह मच्छड़दानी में उलझकर गिर पड़ा। तब तक अपराधी फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीपीओ सदर टू रंजन कुमार सिंह एवं थानाध्यक्ष रामशंकर कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से एक देसी पिस्टल और एक खोखा बरामद किया। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया। मृतका का पति ने बताया कि उसकी पहली शादी सिमराहा में हुई थी। जिससे जुड़ा मामला चल रहा है। आशंका जताई जा रही है कि अपराधी उसे निशाना बनाने आया था लेकिन अंधेरे में पत्नी को गोली मार दी। उन्होंने यह भी बताया कि झरकाहा स्थित घर में निर्माण कार्य चल रहा था। इसलिए पत्नी को मायके कवैया भेजा गया था। पत्नी के बुलाने पर वह ससुराल आया था। जहां यह वारदात हुई। सरीफा खातून अपने पीछे चार छोटे बच्चे तीन पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना की जानकारी मिलते ही कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। इधर ग्रामीणों के बीच यह चर्चा में है कि जब कमरे में पति-पत्नी दोनों सो रहे थे, तो केवल पत्नी को ही गोली क्यों मारी गई। वही पुलिस ने मामले में अनुसंधान तेज कर दिया है और अपराधियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# वार्ड संख्या आठ में पहुंचकर मेयर ने सुनी समस्या

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम की मेयर उषा देवी अग्रवाल ने अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में मंगलवार को शहर के वार्ड संख्या- 08 का निरीक्षण किया। लोगों ने मेयर का माला पहनाकर अपने वार्ड में स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व स्वीकृत एवं पूर्ण हो चुके विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री गली-नाली योजना के तहत संजय सिंह के घर से विश्वनाथ यादव के घर तक राणा यादव के घर से ध्रुव यादव के घर तक गौतम पासवान के घर से नरेश मिश्र के घर भाया राम बालक के घर होते हुए मधुकांत मंडल के घर तक पेपर ब्लाक सोलिंग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।साथ ही इसी योजना के अंतर्गत रामानंद यादव के घर एवं दूधनाथ यादव के घर के बगल से रंजीत रजक के घर तक पेपर ब्लाक सोलिंग एवं ढक्कन सहित नाला का उद्घाटन किया। मेयर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत लाभार्थी अयोध्या राम द्वारा बनाये गए आवास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डवासियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और समस्याओं का हर संभव समाधान का आश्वासन दिया।

# मदरसा मिफ्ताहुल ऊलूम भेड़मारा में सालाना भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के मदरसा मिफ्ताहुल ऊलूम भेड़मारा में एक दिवसीय सालाना भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर मदरसा के प्रधान मौलवी खैरुल अनाम ने बताया कि तहतानिया से लेकर आलिम तक के छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय सालाना भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाषण, शिक्षा पर लघु नाटक, बाढ़ एवं सुखाड़ से कैसे बचे, आपदा आने पर किस तरीके से बचना चाहिए इसकी जानकारी छात्र-छात्राओं ने स्टेज पर कला के माध्यम से कर दिखाया। उन्होंने कहा कि छात्र-



छात्राओं में इल्म की कमी नहीं हैं। लेकिन इन्हें विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा हर प्रकार का इल्म का ट्रेनिंग मदरसा में दिया जाता है और साल में एक बार मदरसा के प्रांगण में इनका रियल दिखाया जाता हैं। इस कार्यक्रम में तीन जज के टेबल लगाए गए थे जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा जो भाषण एवं नाटक को दिखाया गया उसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं मदरसा में पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रधान मौलवी की ओर से सम्मानित किया गया। वहीं मदरसा के शिक्षकों ने कहा कि मदरसा के छात्र-छात्राओं को शिक्षा पर मुख्य रूप से जानकारी दी जाती हैं कि शिक्षा के बिना सब कुछ अधूरा हैं सबों को शिक्षा प्राप्त करना चाहिए शिक्षा प्राप्त करने से ही डीएम, डॉक्टर, इंजीनियर, बीडीओ आदि बनते हैं, इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ भाषण, लघु नाटक आदि का ट्रेनिंग दी जाती हैं। इस अवसर पर मदरसा के प्रधान मौलवी खैरुल अनाम, क्लर्क मोहम्मद नैयर आलम, सहायक शिक्षक मो. नैयर आजम, मो. तारिक, उमर फारूक, नैयर आजम सरफराज, बीबी मरियम खातून, विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव मो. नसीरुद्दीन, अध्यक्ष महबूब आलम, सहित जाजेज अनवर, मो. शरीफ आदि उपस्थित थे।

# अधूरे पड़े सड़क निर्माण के विरोध में जनप्रतिनिधि ने किया विरोध-प्रदर्शन

## 6 नंबर गेट से फूलका से झारखंडी स्थान तक सड़क निर्माण अधर में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर।** जमालपुर धरहरा मुख्य मार्ग के 6 नंबर गेट फुल्का से झारखंडी स्थान तक अधूरे पड़े सड़क निर्माण को लेकर हो रही परेशानी के विरोध में जनता जनप्रतिनिधि एवं राहगीरों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर अपना विरोध प्रकट किया है। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मनीष मंडल ने बताया कि पिछले कई महीनो से यह महत्वपूर्ण सड़क का कार्य अधूरा पड़ा है जिसके कारण स्थानीय लोगों को कई तरह की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल 28 नवंबर 2025 को जिला प्रशासन की




ओर से आई पदाधिकारी की टीम ने स्थानीय लोगों को सूचित किया था कि जल नल योजना का कार्य पूर्ण होने में लगभग 18 से 20 महीने समय लगेगा इसके उपरांत सड़क निर्माण कराया जाए पर जनता की मूलभूत समस्या का आज तक कोई निराकरण नहीं हो सका जिससे आसपास के इस अधूरे सड़क निर्माण कार्य से काफी परेशान है। श्री मंडल ने यह भी बताया कि लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबा मार्ग पर जल जमाव एवं कीचड़ से भर जाता है जिसके कारण दुर्घटनाएं की आशंका हमेशा बनी रहती है। आश्वासन के बाद 5 माह के बाद भी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ जिसके कारण जनता में काफी आक्रोश है। विरोध प्रदर्शन करने के बाद अगर सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो इससे बड़ा आंदोलन करने की तैयारी की जाएगी। मौके पर सुधीर कुमार, मयंक राज उर्फ छोटू डॉन, सोनू मंडल, रोशन कुमार, आकाश कुमार, स्मृत पासवान उर्फ छोटू, राजन कुमार, अमन राजन, सौरभ कुमार, आदित्य कुमार, पंकज कुमार, राहुल कुमार मौजूद थे।

# रेलवे आरपीएफ बैरक में महाशिवरात्रि पूजा के साथ अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** शहर के ओटी पारा स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक परिसर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा और उल्लास के साथ पूजा-अर्चना सम्पन्न किया गया। पूरे परिसर में रामधुन से भक्ति का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का आयोजन आरपीएफ के तत्वावधान में किया गया। आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस के कुशल मार्गदर्शन तथा आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में अधिकारियों एवं जवानों ने विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर



आकर्षक ढंग से मंदिर को सजाते हुए आरपीएफ द्वारा भगवान शिव की बारात निकाली गई। जिसमें बलकर्मियों के साथ स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वही मौके पर हर वर्ष की तरह अष्टजाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिससे पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आरपीएफ द्वारा महाशिवरात्रि का आयोजन पूरे श्रद्धा भाव से किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने सहभागिता निभाई। वही पूरे आयोजन ने सामाजिक समरसता, आस्था और एकता का संदेश दिया। इसके सफल आयोजन में आरपीएफ के इंस्पेक्टर राकेश कुमार, सब इंस्पेक्टर अवेदानंद सिंह, बबलू कुमार, मुक्तिशील सहित कई अधिकारी और जवान की सराहनीय भूमिका रही।

# प्रसव व्यवस्था के मूल्यांकन को लेकर केन्द्रीय टीम पहुंची सीएचसी

**व्यवस्था का लिया जायजा**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा (कटिहार)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार के निर्देश पर दो सदस्यीय जांच टीम मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डंडखोरा पहुंचकर यहॉ की प्रसव व्यवस्था का निरक्षण किया। इस क्रम में डा. दुर्वा ज्योति एवं डा. लक्ष्मी बजाज की टीम ने संस्थान परिसर सहित प्रसव कक्ष, प्रसव पश्चात प्रसूता एवं नवजात के रखने की व्यवस्था आदि संबंधित कार्यों का जायजा लिया। टीम ने प्रसव कक्ष में उपयोग किये जाने वाले उपकरणों का भी बारीकी



से निरीक्षण किया। वहीं प्रसव से जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों से विभिन्न बिंदुओं पर बिंदुवार पूछताछ भी की।टीम ने सीएचसी के भंडार कक्ष का निरीक्षण कर वहॉ की स्वच्छता एवं दवाओं के रखरखाव का निरीक्षण और कर्मियों से आवश्यक पूछताछ भी की। इस दौरान टीम ने सीएचसी परिसर एवं मेटरनिटी कक्ष के शौचालय की स्वच्छता का भी जायजा लिया। हलांकि टीम के निरीक्षण को लेकर प्रबंधन द्वारा अस्पताल रंग-रोगन, टूटे फर्निचरों की मरम्मति एवं साफ-सफाई जैसे काम कुछ दिन पूर्व से युद्धस्तर पर कराया गया है। टीम के मनोभाव से लगा कि व्यवस्था वे संतुष्ट हों। इस बाबत टीम के सदस्यों ने बताया कि विभाग के निर्देश पर केन्द्रीय प्रमाणीकरण के निर्धारित बिंदुओं पर संस्थान की प्रसव व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण रिपोर्ट पर विभागीय मूल्यांकन समिति द्वारा अंक दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.प्रदीप कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक भवेश रंजन, सीएचओ मो. एखलाक, लक्ष्मीनारायण मीणा, नरेन्द्र कुमार, एएनएम सुरुचि कुमारी सिंधुबाला, किरण कुमारी, कविता कुमारी, जूली कुमारी, गुड़िया कुमारी सहित शंभू शंकर झा, राजकुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहु।

# कलश यात्रा के उपरांत हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ



**शिव मंदिर घासीटोला**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के शिव मंदिर घासीटोला में भव्य कलश यात्रा के उपरांत अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर शिव मंदिर घासीटोला परिसर से 1051 कुंवारी कन्याएं शिव मंदिर स्थित कुएं से जल भरकर घासीटोला, चकमन, मुसहरी टोला, मरंगी पासवान टोला, यादव टोला होते हुए यज्ञ स्थल शिव मंदिर घासीटोला पहुंचा जहां वैदिक मंत्रोचार के साथ राधे कृष्ण की प्रतिमा स्थापित की गई एवं पांच मंडली के द्वारा हरे राम हरे कृष्णा गायन का शुभारंभ हुआ। शिव मंदिर घासी टोला कमिटी के अध्यक्ष बब्बन कुमार सिंह ने बताया कि काफी वर्षों से इस शिव मंदिर में विवाद चल रहा था विवाद को लेकर अंचलाधिकारी एवं थाना के सामंजन के बाद पिछले वर्ष शिवरात्रि के शुभ अवसर पर राधे कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ एवं हरिनाम संकीर्तन का आयोजन कराया गया था। इस वर्ष भी शिवरात्रि के शुभ अवसर पर 48 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। जिसमें दिलारपुर संकीर्तन मंडली के द्वारा रासलीला का पाठ दिखाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर कमेटी के जय किशोर सिंह, दिलारचंद्र पासवान, विपिन कुमार सिंह, संतलाल परिहार, सुधीर सिंह, रणजीत सिंह, आदर्श राठौर, छोटू सिंह, नटवर पासवान, संजीव कुमार सिंह, कृष्ण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# स्काउट एवं गाइड का दीक्षांत समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अमदाबाद/कटिहार।** मध्य विद्यालय बैरिया में स्काउट एवं गाइड का दीक्षांत समारोह का समापन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार रहे। अपने संबोधन में श्री कुमार ने कहा कि इस सुदूर प्रखंड में बच्चों ने भारतीय परंपरा के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जो सराहनीय है। आज के युग में जहां बच्चे फैशन की ओर भाग रहे हैं। वहीं इन बच्चों ने आधुनिक परंपरा की चकाचौंध को अपने से दूर रखा। कक्षा 1 की छोटी बच्ची का रिकॉर्डिंग डांस, बिहार के प्रमुख पर्व छठ की झांकी, पारंपरिक



होली तथा आदिवासी नृत्य ने दर्शकों को मनमोहित कर दिया। ढाई सौ स्काउट-गाइड ने कार्यक्रम में भाग लिया। स्काउट-गाइड के शिविर प्रभारी रोहित कुमार ने बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण दिया। विद्यालय प्रधान पंकज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह का कार्यक्रम प्रति वर्ष नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा। स्काउट-गाइड के प्रशिक्षण से बच्चों में समयबद्धता अनुशासन सीखने को मिला। विगत दो दिन पूर्व बच्चों के द्वारा कम संसाधन में रहने एवं जीने का तौर तरीका सिखाया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक विवेक कुमार सिंह ने बच्चों की सराहना की। कैंप में बच्चों के द्वारा प्लास्टिक गिलास, प्लेट एवं थैले का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई गई। बच्चों ने केले के पत्ते, कदम के पत्ते एवं अन्य पेड़-पौधों के पत्तों से प्लेट बनाकर भोजन परोसा।इस अवसर पर शिक्षक आनंद कुमार त्रिपाठी, खैरुल आलम, शहाबुद्दीन, सुनील कुमार पासवान, ग्रामीण अब्दुल अहद, शिक्षिका शहनाज बेगम, संगीत शिक्षक मनीष कुमार, राजेश पासवान, शिक्षा सेवक दीपेन रजक सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार रेल मंडल के रामपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 15463/15464 के ठहराव के उपलक्ष्य में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ट्रेन संख्या 15464 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद डॉ. सुकांत मजुमदार तथा विधायक बुधराई टुडू उपस्थित रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की जनता को इस महत्वपूर्ण रेल सुविधा के लिए शुभकामनाएं दीं और इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर कटिहार रेल मंडल प्रबंधक किरेंद्र नरह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनूप कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# जिला समन्वय समिति की बैठक में हुई योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** जिला समन्वय समिति की बैठक जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागीय योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता, किसान रजिस्ट्री, सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार का रिपोर्ट वेबसाइट पर अपलोड करने, सभी कार्यालय अंतर्गत एमजेसी से संबंधित मामले, कारगिल चौक के नजदीक पार्क का जीर्णोद्धार एवं जनगणना से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। डीएम ने किसान रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार की कार्यवाही रिपोर्ट को सभी कार्यालयों द्वारा नियमित रूप से वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने लंबित एमजेसी से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन पर बल दिया गया। समाहरणालय के नजदीक कारगिल चौक के निकट स्थित पार्क के जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। आगामी जनगणना कार्यों को लेकर तैयारियों एवं आवश्यक संसाधनों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने विडियो कांफ्रेस से जुड़े सभी अंचलाधिकारियों से प्रत्येक प्रखंड में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, खेल मैदान, पानी की टंकी, पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र आदि हेतु भूमि आवंटन की समीक्षा की और इन विकास कार्यों के लिए अविलंब भूमि उपलब्ध कराने तथा अनापत्ति प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भूमि संबंधी अड़चनों को तत्काल दूर किया जाए, ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ हो सकें। साथ ही अतिक्रमण वाले भूमि को भी अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के निर्देश दिया।

### संक्षिप्त समाचार

## संयुक्त प्रवेश परीक्षा 'मुख्य' में मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उम्दा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल ,बोकारो के छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स में अच्छा प्रदर्शन किया है। ईशान गुप्ता:98.83 एवं काव्या चन्दन झा: 98.68 परसेंटाइल लाकर स्कूल और अपने माता पिता का नाम रौशन किया है। ईशान गुप्ता ने कहा कि एक्स्ट्रा क्लासेज और कॉन्सेप्ट बेस्ड पढ़ाई ने उन्हें कठिन प्रश्नों को आत्मविश्वास के साथ हल करने में सक्षम बनाया। काव्या चन्दन झा ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट सीरीज और समयबद्ध अध्ययन योजना का बड़ा योगदान रहा। स्कूल प्रबंधन के सभी सदस्यों ने इस उपलब्धि के लिए छात्रों , अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई का पात्र बताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मिथिला महिला समिति ने सोल्लास मनाया होली मिलन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद की इकाई मिथिला महिला समिति द्वारा डेफोडिल्स, सिटी पार्क में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा के नेतृत्व में आयोजित इस होली मिलन समारोह में समति की सदस्याएं होली गीत मिथिला राम खेलथि होरी.,



आजु बिरज मे होरी रे रसिया., गौरी के दुल्हा होली खेले छै मसाने मे.. होली कनक भवन खेलथि सिया रघुवीर.. आदि गीतों की मनोहारी प्रस्तुति से वातावरण के होलीमय बना दिया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित सदस्या किरण मिश्रा, अमिता झा, शीला मिश्रा, डॉ मंजू झा, नंदा झा, बीणा झा, नमिता झा, बीनू चौधरी, चंदा झा, लीला झा, अलका झा, सीमा झा, रुबी ठाकुर, पूनम झा, प्रेरणा ओझा, विनिता राय, प्रीति प्रिया, आशा पाठक, पूनम झा, रंजना भगत, रीतू मिश्रा, किरण झा आदि उपस्थित रहीं।

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई

**आवेदनों पर लिया संज्ञान, संबंधित पदाधिकारियों को निष्पादन का दिया निर्देश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 41 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच



कर समाधान करने का निर्देश दिया।. जनता दरबार में शिक्षा विभाग, सामान्य शाखा, आपूर्ति, राजस्व संबंधित विवाद,बीएसएल, सामाजिक सुरक्षा आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुश्री सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने मैट्रिक - इंटर परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

**कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने को केंद्राधीक्षक व वीक्षकों को दिया निर्देश**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने चास स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय एवं आदर्श विद्या मंदिर परीक्षा केंद्रों



का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में उन्होंने परीक्षा कक्षों, वीक्षण व्यवस्था,सीसीटीवी, केंद्र पर तैनात दंडाधिकारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीसी ने केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए तथा परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को अनुशासित एवं सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा के आयोजित विषयों की जानकारी ली। केंद्राधीक्षक से छात्रों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति से संबंधित जानकारी प्राप्त किया।

# नगर पालिका चुनाव : डीईओ सह डीसी ने चास के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने चास नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**बीडीओ एवं सीओ को दिए आवश्यक निर्देश**

निरीक्षण के क्रम में डीईओ सह डीसी ने निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारी (सीओ) को मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैंप, साफ-सफाई एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था समय रहते पूर्ण कर ली जाए।

**प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय चास में गंदगी पर जताई नाराजगी**

मतदान केंद्र संख्या 23/02-01, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय चास के निरीक्षण के दौरान परिसर में गंदगी



निरीक्षण

पाए जाने पर डीईओ सह डीसी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को तत्काल विद्यालय परिसर, शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही चेतावनी दी कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) को साफ - सफाई की निगरानी का निर्देश दिया।

**अन्य मतदान केंद्रों का भी किया निरीक्षण**

डीईओ सह डीसी ने मतदान केंद्र संख्या 22/03-02, प्राथमिक विद्यालय कुंवर सिंह कॉलोनी तथा केंद्र सं. 19/01 आदर्श विद्या मंदिर डंकु नगर चास आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर आवश्यक आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। डीईओ सह डीसी ने कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन कार्यों को गंभीरता एवं जिम्मेदारीपूर्वक संपादित करें। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक डा. अतुल कुमार चौबे, बीडीओ चास श्री प्रदीप कुमार, सीओ चास श्री राम सेवा राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता वैन रवाना: निकाय चुनाव को लेकर मतदान दिवस के प्रति लोगों को करेगी जागरूक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सुश्री प्रांजल डांढ़ा ने मतदाता जागरूकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



**चास नगर निगम एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में भ्रमण करेगा वैन**

उक्त मतदाता जागरूकता वैन चास नगर निगम एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को मतदान दिवस, मतदान प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम सत्यापन तथा शत-प्रतिशत मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करेगी। वैन के माध्यम से विभिन्न वार्डों, सार्वजनिक स्थलों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में ऑडियो संदेश, पोस्टर एवं प्रचार सामग्री के जरिए नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

**मतदान में सहभागिता बढ़ाने पर जोर**

डीईओ सह डीसी अजय नाथ झा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे आगामी नगर पालिका निर्वाचन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करें। कार्यक्रम के दौरान डीपीएलआर मेनका, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. सफीक आलम, एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ, डीपीआरओ रवि कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## बीएसएल इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट चैम्पियनशिप 2026 का शुभारंभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र इंटर-डिपार्टमेंटल क्रिकेट चैम्पियनशिप-2026 का शुभारंभ दिनांक 17 फरवरी 2026 को बीएसएल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) श्री कुंदन कुमार ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (सीईडी) श्री ए. के. अविनाश सहित बड़ी संख्या में खेल



प्रेमी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ कर्मचारियों के बीच टीम भावना, आपसी सहयोग और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए अपनी शुभकामनाएँ दीं। उद्घाटन मैच में मिल जोन-1 और एसआरयू के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें मिल जोन-1 ने 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मुकाबले में जेजीओएम की टीम ने सर्विसेज को 6 विकेट से पराजित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में कुल 16 विभागीय टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें दो समूहों में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 27 मार्च 2026 को खेला जाएगा।

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए संवेदनशील बनें, ज्यादा ध्वनि वाले यंत्रों के प्रयोग से करें परहेज : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में इन दिनों मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संचालित हो रही हैं। यह समय हजारों छात्र-छात्राओं के जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव है। वे अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। इसी संदर्भ में मंगलवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने जिले के आम नागरिकों से संवेदनशील अपील की है कि वह धार्मिक अनुष्ठानों एवं वैवाहिक कार्यक्रमों में ज्यादा ध्वनि वाले यंत्रों (डीजे आदि ) का प्रयोग करने से परहेज करें। तेज ध्वनि के



कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई और एकाग्रता प्रभावित हो रही है, जिससे उनकी परीक्षा की तैयारी पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उपायुक्त ने कहा कि समाज के जिम्मेदार नागरिक के रूप में यह हम सभी का कर्तव्य है कि परीक्षा अवधि के दौरान ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित रखें। आवश्यक होने पर केवल कम ध्वनि वाले यंत्रों का ही उपयोग करें, ताकि विद्यार्थियों को शांत एवं अनुकूल अध्ययन वातावरण प्राप्त हो सके। प्रशासन ने आमजन, आयोजनकर्ताओं एवं अभिभावकों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की है। प्रशासन का विश्वास है कि जिलेवासी सदैव की भांति इस महत्वपूर्ण समय में भी संवेदनशीलता और सहयोग की मिसाल पेश करेंगे। 'आइए, हम सब मिलकर अपने बच्चों के सपनों को साकार करने में सहभागी बनें।'

## नगरपालिका आम निर्वाचन को लेकर 70 वाहनों को जारी हुआ नोटिस

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारियों के तहत वाहन कोषांग पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज द्वारा चुनावी कार्यो के सुचारू से संचालन के लिए 70 वाहनों को नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में संबंधित वाहन मालिकों को निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने वाहनों को निर्वाचन कार्य हेतु उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि सभी वाहन मालिक आगामी दिनांक 19 फरवरी, 2026 की संध्या तक डीएभी स्कूल सेक्टर 8 बोकारो स्टील सिटी बोकारो में जमा करने को कहा गया है।



**निर्धारित समय पर वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर संबंधित नियमों के तहत की जाएगी कार्रवाई-8**

वाहन कोषांग पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने बताया कि चुनाव के दौरान मतदान कर्मियों के आवागमन, ईवीएम मशीनों के परिवहन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए वाहनों की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से वाहन कोषांग द्वारा वाहनों का अधिग्रहण (रिक्विजिशन) किया जाता है और वाहन मालिकों को पूर्व सूचना देकर नोटिस जारी किया जाता है। साथ ही कहा कि नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय पर वाहन उपलब्ध नहीं कराने पर संबंधित नियमों के तहत कार्रवाई की जा सकती है। वाहन कोषांग द्वारा वाहनों का टैगिंग, आवंटन एवं निगरानी जैसे कार्य भी किए जाते हैं ताकि निर्वाचन प्रक्रिया समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## मतदान दलों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें : प्रभाष दत्ता

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के तहत प्रशिक्षण कोषांग द्वारा डीएभी इस्पात विद्यालय सेक्टर-2सी में चास नगर निगम में मतदान हेतु मतदान दल के कर्मी पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, तृतीय मतदान पदाधिकारी एवं चतुर्थ मतदान पदाधिकारी का आपसी पार्टी मिलान किया गया, जिसमें कुल 100 मतदान दल उपस्थित हुए। सभी मतदान दल को सुचारू रूप से उनके दल मिलान से लेकर मतदान समाप्ति तक एक दल के रूप में मतदान कर्मियों की जिम्मेदारी आदि का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी प्रभाष दत्ता द्वारा दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण को शाम के मास्टर ट्रेनर अमन कुमार झा एवं अन्य मास्टर ट्रेनरो ने अलग-अलग दलों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम के दौरान चुनाव संबंधी आवश्यक दस्तावेज, सामग्री वितरण की जानकारी तथा मतदान केंद्रों पर पालन किए जाने वाले नियमों के बारे में भी विस्तार जानकारी दी गई। प्रशिक्षण सत्र में कर्मियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने तथा मतदाताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया।



मतदान दलों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करें-

प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने बताया कि पार्टी मिलान का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना है। इस दौरान सभी मतदान कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्यों के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे मतदान दिवस पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान सभी मतदान कर्मियों को मतदान की पूरी प्रक्रिया जैसे बैलेट बॉक्स को खोलना, सील करना, बैलट पेपर को मोड़ना तथा सामग्री मतदान सामग्री का संधारण, प्रपत्र भरना आदि की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी मतदान कर्मियों को मतदाता पेटी का हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी गई।

## महिला कॉलेज में युवा महोत्सव का समापन, छात्राएं हुईं पुरस्कृत

**सरायकेला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला कॉलेज में पिछले एक माह से चल रहे युवा महोत्सव का मंगलवार को रंगारंग समापन हुआ. कोल्हान विश्वविद्यालय (चाईबासा) के कुलसचिव डॉ रंजीत कुमार कर्ण, डॉ आरएस दयाल व कॉलेज की प्राचार्य डॉ स्पार्कलीन देई ने दीप जलाकर समारोह की शुरूआत की. मौके पर कुलसचिव डॉ रंजीत कुमार कर्ण ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यहां बैठी हर छात्रा में कोई न कोई अनूठी प्रतिभा छिपी है. इसे पहचाने के साथ-साथ आत्मविश्वास जगाकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि देश की प्राचीन सभ्यता व संस्कार का अनुशरण करने के साथ-साथ नवाचार को अपनाकर वर्तमान की हर समस्या को हल निकालने का प्रयास करना चाहिए. हमारा भारत फिर से विश्व गुरु बन सकता है, जब यहां के हरेक युवा अपनी भागीदारी देश के विकास में लगाएंगे. उन्होंने छात्राओं से अपने प्रतिभा को देश, समाज के विकास में लगाने को कहा. साथ ही महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद देने का अश्वासन दिया. डॉ आरएस दयाल ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें, सफलता निश्चित रूप से मिलेगी.

महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ स्पार्कलीन देई ने अपने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की उपलब्धियों को विस्तार से बताया. महाविद्यालय द्वारा शोध और इनोवेशन की दिशा में किये जा रहे कार्य पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए इडी-सेल की स्थापना की गई है. भारत सरकार के एमआईसी द्वारा महाविद्यालय के इनोवेशन सेल को 3 स्टार रेटिंग प्राप्त हुआ. यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है. महाविद्यालय द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए कार्य प्रयास किए जा रहे है. यहां की छात्राओं में प्रतिभा की कमी नहीं है.

# मतदान केंद्रों पर विधि व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त रहेंगे विशेष दंडाधिकारी: डीईओ

## अति संवेदनशील - संवेदनशील मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, क्षेत्र में फ्लैग मार्च

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 के मद्देनजर समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं आधारभूत सुविधाओं की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. सफीक आलम, निवार्ची पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढांडा, मुकेश मछुआ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) चास प्रवीण कुमार एवं बेरमो बी एन सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार संबंधित प्रखंड के बीडीओ/सीओ तथा संबंधित थाना प्रभारी आदि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदान दिवस पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करना था।

**सभी मतदान केंद्रों पर विशेष दंडाधिकारी की होगी प्रतिनियुक्ति**

डीईओ सह डीसी ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर विधि-व्यवस्था बनाएं रखने के लिए विशेष दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को कहा कि प्रतिनियुक्त होने वाले प्रत्येक दंडाधिकारी को उनके क्षेत्र की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से समझाई जाए तथा मतदान समाप्ति तक वे अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही अथवा शिथिलता किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**अति संवेदनशील एवं संवेदनशील केंद्रों पर विशेष निगरानी व्यवस्था**

बैठक में अति संवेदनशील एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों की अलग से समीक्षा की गई। इन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त संबंधित क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालने, स्थानीय पुलिस बल की सक्रिय गश्ती बढ़ाने को कहा गया।

**मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल पर पूर्ण प्रतिबंध, सुदृढ़ क्यू मैनेजमेंट**

डीईओ सह डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, इस संबंध में प्रवेश द्वार पर ही सख्ती से निगरानी रखी जाए। मतदान केंद्रों पर लंबी कतार की स्थिति से बचने हेतु क्यू मैनेजमेंट के लिए विशेष टीमों की तैनाती की जाएगी। मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं गर्भवती महिलाओं के केंद्र पर आने - जाने के लिए वाहन (टोटो) की व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

**ड्रोन कैमरों से होगी सतत निगरानी**

ज्यादा मतदाताओं वाले -मतदान केंद्रों तथा संकीर्ण मार्ग वाले मतदान केंद्रों पर ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी। इससे भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी।

**किसी भी सूचना से विचलित न हों, एसओपी के अनुरूप करें कार्रवाई**

डीईओ सह डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी घटना अथवा सूचना से टीम विचलित नहीं हो। निर्धारित एसओपी का पालन करते हुए विधिसम्मत एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अफवाहों पर नियंत्रण रखने तथा सूचना के त्वरित सत्यापन पर भी विशेष बल दिया गया।

**मूलभूत सुविधाओं का ऑडिट, क्रॉस एंगल में सीसीटीवी एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें: एसपी**

बैठक में पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने सभी मतदान केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं - पेयजल, शौचालय, रैंप, प्रकाश व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति एवं जेनरेटर - की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र की मूलभूत सुविधाओं की ऑडिट रिपोर्ट थाना प्रभारी समर्पित करेंगे। साथ ही, सीसीटीवी कैमरों को क्रॉस एंगल में अधिष्ठापित किया जाए ताकि मतदान कक्ष एवं प्रवेश-निकास द्वार पर व्यापक कवरेज मिल सके। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं बैकअप जेनरेटर की उपलब्धता भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

**20 फरवरी को संयुक्त भौतिक निरीक्षण**

बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी 20 फरवरी को डीईओ सह डीसी एवं एसपी द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का संयुक्त भौतिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, बैरिकेटिंग, सीसीटीवी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों की जमीनी स्तर पर समीक्षा की जाएगी।

**सामान्य प्रेक्षकों ने भी दिया महत्वपूर्ण सुझाव**

चास नगर निगम क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्याम नारायण राम एवं फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर ने भी सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अंत में डीईओ सह डीसी ने कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र का महापर्व है। सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय, सतर्कता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 को पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK